सार्थक

प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा
स्वीकृत नवीनतम् पाठ्यक्रमानुसार

अनुप्रयुक्त
गणित-III
Applied Mathematics-III

द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) : डिप्लोमा इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए

लेखक :

अजय कुमार

एम० एस–सी० (गणित)
व्याख्याता (भू०पू०)

कु० मायावती रा० म० पॉली०
बादलपुर (गौतमबुद्धनगर)

परामर्शदाता

श्रीमती अनुला
व्याख्याता (गणित)
राजकीय पालीटेक्निक,
बरेली

डा० सुभाष विश्वकर्मा
व्याख्याता (गणित)
राजकीय पालीटेक्निक,
गोरखपुर

श्री राम भवन
व्याख्याता (गणित)
चंदौली पालीटेक्निक,
चंदौली

डा० आर०एस० पुण्डीर
व्याख्याता (गणित)
आर०बी०एस० पॉलीटेक्निक
बिचपुरी (आगरा)

श्री हिमाँशु श्रीवास्तव
व्याख्याता (गणित)
लिटिल फ्लावर पॉलीटेक्निक
गोरखपुर

श्री ब्रजेश कुमार
(प्रधानाचार्य)
हंडिया पालीटेक्निक,
हंडिया (प्रयागराज)

प्रकाशक :

जयप्रकाश नाथ पब्लिकेशन्स

गाँधी आश्रम चौराहा
नौचन्दी रोड, मेरठ — 250 002 (यू० पी०)

www.polytechnicpdf.com

SYLLABUS
Applied Mathematics-III

■ Rationale :

Contents of this course provide understanding of some elementary and advanced mathematics algorithms and their applications of solving engineering problems. Content of this course will enable students to use some advanced techniques like Beta-Gamma function, Fourier series, Laplace transform and probability distributions in solving complex engineering problems.

■ Learning Outcomes

After undergoing this course, the students will be able to :

- Understand matrix operations and uses of matrix in different problems.
- Apply elementary row and column operations in finding inverse of a matrix.
- Find Eigen values, Eigen vectors of a matrix and their different properties.
- Understand degree/order of differential equations and their solution techniques.
- Use differential equations in engineering problems of different areas.
- Find fourier series expansion of a function.
- Apply Laplace transform and their applications in solving engineering problems.
- Understand concept of probability distribution and their applications.

DETAILED CONTENTS

1. MATRICES (16 Periods)

1.1 Algebra of Matrices, Inverse :
Addition, Multiplication of matrices, Null matrix and a unit matrix, Square matrix, Symmetric, Skew Symmetric, Hermitian, Skew Hermition, Orthogonal, Unitary, Diagonal and Triangular Matrix, Determinant of a matrix.
Definition and Computation of inverse of a matrix.

1.2 Elementary Row/Column Transformation :
Meaning and use in computing inverse and rank of a matrix.

1.3 Linear Dependence, Rank of a matrix :
Linear dependence/independence of vectors, Definition and computation of rank of matrix. Computing rank through determinants, Elementary row transformation and through the concept of a set of independent vectors, Consistency of equations.

1.4 Eigen Pairs, Cayley-Hamilton Theorem :
Definition and evaluation of eigen values and eign vectors of a matrix of order two and three, Cayley-Hamilton theorem (without Proof) and its verification, Use in finding inverse and powers of a matrix.

2. DIFFERENTIAL CALCULUS (15 Periods)

2.1 Function of two variables, identification of surfaces in space, conicoids.

2.2 Partial Differentiation :
Directional derivative, Gradient, Use of gradient f, Partial derivatives, Chain rule, Higher order derivatives, Euler's theorem for homogeneous functions, Jacobians.

2.3 Vector Calculus :
Vector function, Introduction to double and triple integral, differentiation and integration of vector functions, gradient, divergence and curl, differential derivatives.

3. DIFFERENTIAL EQUATIONS (15 Periods)

3.1 Formation, order, Degree, Types, Solution :
Formation of differential equations through physical, geometrical mechanical and electrical considerations, Order, Degree of a differential equations, Linear, Non-linear equations.

www.techpdf.com

3.2 First Order Equations :
Variable seperable, equations reducible to seperable forms, Homogeneous equations, equations reducible to homogeneous forms, Linear and Bernoulli form exact equation and their solutions.

3.3 Higher Order Linear Equation :
Property of solution, Linear differential equation with constant coefficients (PI for $X = e^{ax}$, $\sin ax$, $\cos ax$, X^n, $e^{ax}V$, XV.

3.4 Simple Applications :
LCR circuit, Motion under gravity, Newton's law of cooling, radioactive decay, Population growth, Force vibration of a mass point attached to spring with and without damping effect. Equivalence of electrical and mechanical system.

4. INTEGRAL CALCULUS-II (12 Periods)

4.1 Beta and Gamma Functions :
Definition, Use, Relation between the two, their use in evaluating integrals.

4.2 Fourier Series :
Fourier series of $f(x)$, $-n < x < n$, odd and even function, Half range series.

4.3 Laplace Transform :
Definition, Basic theorem and properties, Unit step and Periodic functions, inverse laplace transform, Solution of ordinary differential equations.

5. PROBABILITY AND STATISTICS (12 Periods)

5.1 Probability :
Introduction, Addition and Multiplication theorem and simple problem.

5.2 Distribution :
Discrete and continuous distribution, Binomial Distribution, Poisson Distribution, Normal Distribution.

■ Instructional Strategy

The content of this course is to be taught on conceptual basis with plenty of real world example. The basic elements of Laplace transform, Differential equations and Applications of differential can be taught with engineering of relevant branch.

Means of Assessment

- Assignments and Quiz/Class Tests
- Mid-term and End-term Written Test
- Model/Prototype Making

SUGGESTED DISTRIBUTION OF MARKS

Topic	Time Allotted (Periods)	Marks Allotted (%)
1.	16	24
2.	15	20
3.	15	20
4.	12	18
5.	12	18
Total	**70**	**100**

www.polytechnicpdf.com

विषय सूची

खण्ड-1 : आव्यूह 1-64

1. आव्यूह
2. प्रारम्भिक पंक्ति/स्तंभ रूपांतरण
3. आइगेन मान तथा कैले-हैमिलटन प्रमेय

खण्ड-2 : अवकल समीकरण 65-140

4. प्रथम कोटि तथा प्रथम घात के अवकल समीकरण
5. उच्च क्रम के रैखिक अवकल समीकरण
6. अवकल समीकरण के अनुप्रयोग

खण्ड-3 : अवकल गणित 141-226

7. दो तथा तीन चरों के फलन तथा अन्तरिक्ष में पृष्ठों की पहचान
8. आंशिक अवकलन
9. जैकोबियन
10. सदिश अवकलन
11. ग्रेडिएंट, डाइवर्जेन्स तथा कर्ल
12. द्विगुण एवं त्रिगुण समाकलन : परिचय
13. सदिशों का समाकलन

www.polytechnicpdf.com

खण्ड-4 : समाकलन गणित 227-310

14. लाप्लास रूपांतरण 229
15. प्रतिलोम लाप्लास रूपांतरण 252
16. फोरियर श्रेणी 272
17. बीटा तथा गामा फलन 292

खण्ड-5 प्रायिकता एवं सांख्यिकी 311-374

18. प्रायिकता 313
19. द्विपद, प्वायसन तथा प्रसामान्य बंटन 332
20. न्यूनतम वर्ग विधि से वक्र आसंजन 367

परिशिष्ट 375-404

A. रेखा, पृष्ठ तथा आयतन समाकल 375
B. ग्रीन, गौस एवं स्टोक के प्रमेय 390

अनुप्रयुक्त गणित-द्वितीय, प्रश्न-पत्र

www.polytechnicpdf.com

पूज्य माताजी व पिताजी
की पुण्य स्मृति को
"सादर समर्पित"

www.polytechnicpdf.com

खण्ड : 1

आव्यूह

1. आव्यूह 3

2. प्रारंम्भिक पंक्ति/स्तंभ रूपांरतरण 31

3. आइगेन मान तथा कैले-हैमिल्टन प्रमेय 52

www.polytechnicpdf.com

1

आव्यूह

CHAPTER

(Matrices)

1.1. परिभाषा (Definition)

आव्यूह संख्याओं या फलनों का आयताकार क्रमित सारणी (Ordered Rectangular Array) है।

यदि mn संख्याओं (वास्तविक या सम्मिश्र) के समुच्चय के अवयवों को m पंक्तियों (rows) तथा n स्तंभों (columns) के एक आयताकार क्रमित सारणी (array) के रूप में व्यवस्थित किया जाए तो इसे $m \times n$ (m by n) क्रम का आव्यूह कहा जाता है तथा mn संख्याओं में से प्रत्येक इसका अवयव (element) या तत्व कहलाता है।

सामान्यत: किसी आव्यूह को अंग्रेजी के बड़े अक्षर, (Capital Letter) से व्यक्त किया जाता है।

यदि $A[m \times n]$ क्रम का आव्यूह हो तो इसे निम्न रूप में व्यक्त करते हैं :

$$A = [a_{ij}]_{m \times n} = \begin{bmatrix} a_{11} & a_{12} & \cdots & a_{1n} \\ a_{21} & a_{22} & \cdots & a_{2n} \\ \cdots & \cdots & \cdots & \cdots \\ a_{m1} & a_{m2} & \cdots & a_{mn} \end{bmatrix}_{m \times n}$$

यहाँ क्षैतिज रेखायें (Horizontal lines) पंक्ति (Rows) तथा ऊर्ध्वाधर रेखायें (Vertical lines) स्तंभ (Column) कहलाती हैं।

यहाँ $a_{11}, a_{12}, \ldots a_n, a_{21}, \ldots a_{m1}, \ldots a_{mn}$ आदि आव्यूह के तत्व है। व्यापक रूप में a_{ij} उस अवयव को प्रदर्शित करता है, जो किसी आव्यूह में iवीं पंक्ति तथा jवें स्तंभ के प्रतिच्छेदन बिन्दु पर है। जैसे a_{12} वह अवयव है जो प्रथम पंक्ति तथा द्वितीय स्तंभ के परिच्छेद बिन्दु पर है।

उदाहरण : यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 & 3 \\ 4 & 5 & 6 \end{bmatrix}$, तो इसके अवयव 1, 2, 3, 4, , 5, 6 हैं, तथा $a_{12} = 2$ प्रथम पंक्ति तथा दूसरे स्तम्भ का अवयव है।

नोट :

- किसी आव्यूह $A = [a_{ij}]_{m \times n}$ को $(a_{ij})_{m \times n}$ या $\| a_{ij} \|_{m \times n}$ से भी व्यक्त किया जा सकता है।

1.2. आव्यूहों के प्रकार (Types of Matrices)

1. स्तंभ आव्यूह (Column Matrix) : यदि किसी आव्यूह में केवल एक स्तम्भ हो तो इसे स्तंभ आव्यूह कहते हैं। इसमें पंक्तियों की संख्या एक से अधिक हो सकती है।

www.polytechnicpdf.com

जैसे $A=\begin{bmatrix}1\\2\\3\end{bmatrix}$ एक 3×1 क्रम का स्तम्भ आव्यूह है।

व्यापक रूप में $A=[a_{ij}]_{m\times1}$ $m\times1$ क्रम का स्तंभ आव्यूह है। इसे स्तंभ सदिश (Row vector) भी कहते हैं।

2. पंक्ति आव्यूह (Row Matrix) : यदि किसी आव्यूह में केवल एक पंक्ति हो तो उसे पंक्ति आव्यूह कहते हैं। इसमें स्तंभों की संख्या 1 से अधिक हो सकती है।

जैसे $B=[1\,2\,3]_{1\times3}$ एक 1×3 क्रम का पंक्ति आव्यूह है। जिसमें एक पंक्ति तथा तीन स्तंभ हैं।

व्यापक रूप में $B=[b_{ij}]_{1\times n}$, $1\times n$ क्रम का पंक्ति आव्यूह है। जिसमें एक पंक्ति तथा n स्तंभ हैं। इसे पंक्ति सदिश (column vector) भी कहा जाता है।

3. क्षैतिज आव्यूह (Horizontal Matrix) : जिस आव्यूह में पंक्तियों की संख्या स्तंभों से कम हो उसे क्षैतिज आव्यूह कहते हैं।

जैसे $A=\begin{bmatrix}1&2&3\\4&5&6\end{bmatrix}_{2\times3}$ एक क्षैतिज आव्यूह है क्योंकि इसमें 2 पंक्तियाँ तथा 3 स्तम्भ हैं।

4. ऊर्ध्वाधर आव्यूह (Vertical Matrix) : जिस आव्यूह में स्तंभों की संख्या पंक्तियों से कम हो उसे ऊर्ध्वाधर आव्यूह कहते हैं।

जैसे $B=\begin{bmatrix}a&b\\c&d\\e&f\end{bmatrix}_{3\times2}$ एक ऊर्ध्वाधर आव्यूह है क्योंकि इसमें 2 स्तंभ तथा 3 पंक्तियाँ हैं।

5. वर्ग आव्यूह (Square Matrix) : जिस आव्यूह में पंक्ति तथा स्तंभों की संख्या बराबर हों उसे वर्ग आव्यूह कहते हैं। अतः $n\times n$ क्रम का आव्यूह, एक वर्ग आव्यूह है जिसका क्रम n है

जैसे : $A=\begin{bmatrix}a&b\\c&d\end{bmatrix}_{2\times2}$, $B=\begin{bmatrix}1&2&3\\3&4&5\\6&2&3\end{bmatrix}_{3\times3}$ आदि।

6. (i) मुख्य विकर्ण एवं इसके अवयव (Principal Diagonal and Diagonal elements) : यदि $A=[a_{ij}]_{m\times n}$ एक n आव्यूह हो तो आव्यूह के वे अवयव जिनके लिए $i=j$ हो तो मुख्य विकर्ण के अवयव कहलाते है। अतः $a_{11}, a_{22}, a_{33}, \ldots a_{nn}$ आदि विकर्ण के अवयव हैं।

विकर्ण के अवयव जिस रेखा पर होते हैं, वह आव्यूह का मुख्य विकर्ण कहलाता है—

जैसे—$A=\begin{bmatrix}3&4&5\\6&7&8\\2&3&1\end{bmatrix}$ मुख्य विकर्ण में A के विकर्ण अवयव 3, 7 तथा 1 हैं।

(ii) विकर्ण आव्यूह (Diagonal Matrix) : यदि किसी वर्ग आव्यूह $[a_{ij}]_{n\times n}$ में मुख्य विकर्ण को छोड़कर शेष सभी अवयव शून्य हों तो उसे विकर्ण आव्यूह कहते हैं।

अतः $A=[a_{ij}]_{n\times n}$ विकर्ण आव्यूह होगा, यदि $a_{ij}=0$ जब $i\neq j$ तथा इसे निम्न रूप में व्यक्त किया जाता है :
$A=\text{diag}[a_{11}, a_{22}, a_{33}, \ldots, a_{nn}]$

जैसे—$A=\begin{bmatrix}1&0&0\\0&2&0\\0&0&3\end{bmatrix}$ एक विकर्ण आव्यूह है।

7. अदिश आव्यूह (Scalar Matrix) : जिस विकर्ण आव्यूह के विकर्ण के सभी अवयव बराबर हों (शेष शून्य हों) उसे अदिश आव्यूह कहते हैं।

www.polytechnicpdf.com

अतः $B=[b_{ij}]_{n\times n}$ अदिश आव्यूह होगा, जहाँ $b_{ij}=0$ यदि $i\neq j$
तथा $b_{ij}=k$ यदि $i=j$, जहाँ k कोई अचर है।

जैसे $A=[4], B=\begin{bmatrix}3 & 0\\0 & 3\end{bmatrix}, C=\begin{bmatrix}4 & 0 & 0\\0 & 4 & 0\\0 & 0 & 4\end{bmatrix}$

क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रम के अदिश आव्यूह हैं।

8. इकाई आव्यूह या तत्समक आव्यूह (Unit Matrix or Indentity Matrix) : एक वर्ग आव्यूह जिसमें मुख्य विकर्ण के सभी अवयव 1 तथा शेष सारे अव्यव शून्य हो, इकाई आव्यूह या तत्समक आव्यूह कहलाता है।

स्पष्ट है आव्यूह $A=[a_{ij}]_{n\times n}$ इकाई आव्यूह होगा यदि

$$a_{ij}=\begin{cases}1 & i=j\\0 & i\neq j\end{cases}$$

सामान्यतः nवें क्रम के इकाई आव्यूह को I_n से सूचित करते हैं। यदि क्रम ज्ञात हो तो इसे I से भी व्यक्त किया जाता है।

जैसे : $I=\begin{bmatrix}1 & 0\\0 & 1\end{bmatrix}$ तथा $I=\begin{bmatrix}1 & 0 & 0\\0 & 1 & 0\\0 & 0 & 1\end{bmatrix}$ क्रमशः द्वितीय व तृतीय क्रम के इकाई आव्यूह हैं।

9. शून्य या रिक्त आव्यूह (Zero or Null Matrix) : यदि किसी आव्यूह के सारे तत्व शून्य हों तो इसे शून्य या रिक्त आव्यूह (Zero or Null Matrix) कहते हैं। इसे O से सूचित करते हैं

जैसे $[0], \begin{bmatrix}0 & 0\\0 & 0\end{bmatrix}, \begin{bmatrix}0 & 0 & 0\\0 & 0 & 0\end{bmatrix}$ आदि शून्य आव्यूह हैं।

10. त्रिभुजीय आव्यूह (Triangular Matrix) : यदि किसी वर्ग आव्यूह में मुख्य विकर्ण के ऊपर अथवा नीचे के सभी अवयव शून्य हों तो आव्यूह त्रिभुजीय आव्यूह कहलाता है। **[2015]**

उच्च तथा निम्न त्रिभुजीय आव्यूह (Upper and Lower Triangular Matrices) : यदि किसी त्रिभुजीय आव्यूह के मुख्य विकर्ण के नीचे के सारे अवयव शून्य हों तो उसे उच्च त्रिभुजीय आव्यूह कहते हैं तथा यदि मुख्य विकर्ण के ऊपर के सभी अवयव शून्य हों तो उसे निम्न त्रिभुजीय आव्यूह कहते हैं।

जैसे $A=\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\0 & 1 & 2\\0 & 0 & 3\end{bmatrix}$ उच्च त्रिभुजीय तथा $B=\begin{bmatrix}1 & 0 & 0\\2 & 3 & 0\\3 & 6 & 1\end{bmatrix}$ निम्न त्रिभुजीय आव्यूह है।

11. उपआव्यूह (Sub-matrix) : किसी आव्यूह के कुछ पंक्तियों या कुछ स्तम्भों या दोनों को छोड़ने से प्राप्त आव्यूह को उपआव्यूह कहते हैं।

जैसे $\begin{bmatrix}1 & 2 & 3 & 4\\5 & 6 & 7 & 8\end{bmatrix}$ के उपआव्यूह $\begin{bmatrix}1 & 2\\5 & 6\end{bmatrix}, \begin{bmatrix}3 & 4\\7 & 8\end{bmatrix}, [1], [2], \begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\5 & 6 & 7\end{bmatrix}$ आदि हैं।

12. समान आव्यूह (Equal Matrices) : दो आव्यूह समान कहे जाते हैं यदि

(i) वे समान क्रम के हैं।

(ii) दोनों आव्यूहों के संगत अवयव बराबर हों।

अर्थात् यदि $A=[a_{ij}]_{m\times n}, B=[b_{ij}]_{m\times n}$ तो $A=B$ होगा यदि i तथा j के सभी मानों के लिए $a_{ij}=b_{ij}$

जैसे $A=\begin{bmatrix}1 & 2\\3 & 4\end{bmatrix}, B=\begin{bmatrix}1 & 2\\3 & 4\end{bmatrix}$ तो $A=B$.

www.polytechnicpdf.com

1.3 आव्यूहों पर संक्रियायें (Operations on Matrices)

आव्यूहों का योग (Addition of Matrices) : यदि A तथा B समान क्रम के आव्यूह हों तो उनका योग $A+B$ संगत अवयवों को जोड़ने से प्राप्त होता है।

अतः $A+B=[a_{ij}+b_{ij}]$

जैसे : $A=\begin{bmatrix}1 & 2\\ 3 & 4\end{bmatrix}, B=\begin{bmatrix}5 & 6\\ 7 & 8\end{bmatrix}$ तो $A+B=\begin{bmatrix}1+5 & 2+6\\ 3+7 & 4+8\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}6 & 8\\ 10 & 12\end{bmatrix}$

आव्यूहों का अंतर : यदि A तथा B समान क्रम के आव्यूह हों तो उनका अंतर $(A-B)$ उनके संगत अवयवों के अंतर से प्राप्त होता है। अतः $A-B=A+(-B)$

जैसे $A=\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\ 4 & 5 & 6\end{bmatrix}, B=\begin{bmatrix}4 & 5 & 6\\ 1 & 2 & 3\end{bmatrix}$

तो $A-B=A+(-B)=\begin{bmatrix}1-4 & 2-5 & 3-6\\ 4-1 & 5-2 & 6-3\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}-3 & -3 & -3\\ 3 & 3 & 3\end{bmatrix}$. $\left[\because -B=\begin{bmatrix}-4 & -5 & -6\\ -1 & -2 & -3\end{bmatrix}\right]$

आव्यूहों के योग के गुण (Properties of Matrix Addition) :

(i) एक ही क्रम के आव्यूह जोड़े या घटाये जा सकते हैं।

(ii) क्रम विनिमेय नियम (Commutative Law) : आव्यूहों का योग क्रम विनिमेय नियम का पालन करता है।

अतः $A+B=B+A$, जहाँ A तथा B समान क्रम के आव्यूह हैं।

(iii) साहचर्य नियम (Associative Law) : आव्यूहों का योग साहचर्य नियम का पालन करता है।

अतः $A+(B+C)=(A+B)+C$

(iv) यदि शून्य आव्यूह O तथा आव्यूह A का क्रम समान हो तो $A+O=O+A=A$

जैसे : $A=\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\ 4 & 5 & 6\end{bmatrix}$ तथा $O=\begin{bmatrix}0 & 0 & 0\\ 0 & 0 & 0\end{bmatrix}$ तो $A+O=O+A=A$

1.3.1 आव्यूहों का अदिश गुणज (Seclar Multiple of Matrices)

यदि किसी आव्यूह को अदिश k से गुणा किया जाए तो आव्यूह के प्रत्येक अवयव में k से गुणा हो जाता है।

अर्थात् $kA=k[a_{ij}]=[k\,a_{ij}]$

जैसे : यदि $A=\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\ 4 & 5 & 6\end{bmatrix}$ तो $2A$ का मान बतायें। **[2012]**

उत्तर

$$2A=2\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\ 4 & 5 & 6\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}2 & 4 & 6\\ 8 & 10 & 12\end{bmatrix}$$

1.3.2 अदिश गुणन के गुण (Properties of Scalar Multiplication) :

1. यदि k तथा l दो अदिश हों तथा A कोई आव्यूह हों, तो

(i) $(k+l)A=kA+lA$ (ii) $k(lA)=(kl)A$

(iii) $(-k)A=-(kA)=k(-A)$

2. वितरण नियम (Distribution Law) : $k(A+B)=kA-kB$

जहाँ A तथा B समान क्रम के आव्यूह हैं।

1.4 आव्यूहों का गुणन (Multiplication of Matrices)

दो आव्यूहों A तथा B का गुणन तभी संभव है, जब A में स्तंभों की संख्या, B में पंक्तियों की संख्या के बराबर हों।

परिभाषा : यदि $A=[a_{ij}]_{m\times n}$ तथा $B=[b_{jk}]_{n\times p}$

www.polytechnicpdf.com

दो आव्यूह हों तो A तथा B का गुणनफल $m \times p$ क्रम का आव्यूह $[C_{ik}]_{m\times p}$ होगा जिसका (i, k) वाँ अवयव आव्यूह A की iवीं पंक्ति तथा आव्यूह B के kवें स्तंभ के संगत अवयवों को गुणा कर जोड़ने से प्राप्त होगा।

अतः $AB = [C_{ik}]_{m\times p}$, जहाँ $C_{ik} = \Sigma\, a_{ij} b_{jk}$

उदाहरण : यदि $A = \begin{bmatrix} 6 & 9 \\ 2 & 3 \end{bmatrix}_{2\times 2}$ तथा $B = \begin{bmatrix} 2 & 6 & 0 \\ 7 & 9 & 8 \end{bmatrix}_{2\times 3}$

यहाँ AB परिभाषित है क्योंकि A में स्तंभों की संख्या $= 2 = B$ में पंक्तियों की संख्या

अब
$$AB = \begin{array}{c} \\ R_1 \\ R_2 \end{array}\begin{bmatrix} 6 & 9 \\ 2 & 3 \end{bmatrix}\begin{array}{c} \begin{array}{ccc} C_1 & C_2 & C_3 \end{array} \\ \begin{bmatrix} 2 & 6 & 0 \\ 7 & 9 & 8 \end{bmatrix} \end{array} = \begin{bmatrix} 6\times 2+9\times 7 & 6\times 6+9\times 9 & 6\times 0+9\times 8 \\ 2\times 2+3\times 7 & 2\times 6+3\times 9 & 2\times 0+3\times 8 \end{bmatrix} \quad \ldots(1)$$

$$= \begin{bmatrix} 12+63 & 36+81 & 0+72 \\ 4+21 & 12+27 & 0+24 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 75 & 117 & 72 \\ 25 & 39 & 24 \end{bmatrix} = C \text{ (माना)}$$

(1) में दिखायी गई गणना को निम्न रूप में किया गया है।

पहली पंक्ति	द्वितीय पंक्ति
(i) प्रथम अवयव $[6\ \ 9]\begin{bmatrix} 2 \\ 7 \end{bmatrix} = 6\times 2+9\times 7$	(i) $[2\ \ 3]\begin{bmatrix} 2 \\ 7 \end{bmatrix} = 2\times 2+3\times 7$
(ii) द्वितीय अवयव $[6\ \ 9]\begin{bmatrix} 6 \\ 9 \end{bmatrix} = 6\times 6+9\times 9$	(ii) $[2\ \ 3]\begin{bmatrix} 6 \\ 9 \end{bmatrix} = 2\times 6+3\times 9$
(iii) तृतीय अवयव $[6\ \ 9]\begin{bmatrix} 0 \\ 8 \end{bmatrix} = 6\times 0+9\times 8$	(iii) $[2\ \ 3]\begin{bmatrix} 0 \\ 8 \end{bmatrix} = 2\times 0+3\times 8$

नोट

- (i) यदि AB परिभाषित हो तो BA भी परिभाषित हो आवश्यक नहीं है, ऊपर के उदाहरण में B में 3 स्तंभ है जबकि A में 2 पंक्तियाँ हैं। अतः BA परिभाषित नहीं है।
- (ii) $A \times A = A^2$; $A \times A \times A = A^3$; ... $A \times A \times A \times \ldots n$ बार $= A^n$, जहाँ A एक वर्ग आव्यूह है।
- (iii) $I^2 = I^3 = \ldots I^n = I$, जहाँ I इकाई आव्यूह है।
- (iv) $A.I = I.A = A$, जहाँ I, A के समान क्रम का इकाई आव्यूह है।

1.4.1 आव्यूह गुणन के गुण (Properties of Matrix Multiplication)

1. **साहचर्य नियम :** यदि A, B तथा C तीन आव्यूह हों तो $(AB)C = A(BC)$, जहाँ दोनों पक्ष परिभाषित हैं।
2. **वितरण नियम :** यदि A, B, C तीन आव्यूह हों तो $A(B+C) = AB + AC$ जहाँ दोनों पक्ष परिभाषित हैं।
3. यदि A कोई वर्ग आव्यूह हो तथा I उसी क्रम का इकाई आव्यूह हो तो $AI = IA = A$
4. यदि $AB = O$, अर्थात् AB शून्य आव्यूह है तो A अथवा B अथवा दोनों का शून्य होना आवश्यक नहीं है।

1.5 अन्य परिभाषायें :

(i) परिवर्त आव्यूह (Tranopose Matrix) : यदि किसी दिए गए आव्यूह A की पंक्तियों को स्तंभों तथा स्तंभों को पंक्तियों में बदल दिया जाए तो प्राप्त आव्यूह A का परिवर्त आव्यूह कहलाता है तथा इसे A^T या A^t या A' से सूचित किया जाता है।

यदि A, $m \times n$ क्रम का आव्यूह है तो A', $n \times m$ क्रम का आव्यूह होगा।

www.Polytechnicpdf.com

उदाहरण : यदि $A = \begin{bmatrix} 3 & 1+2i \\ 1-2i & 2 \end{bmatrix}$ तो इसका परिवर्त आव्यूह ज्ञात करें। [2012]

हल : इसका परिवर्त आव्यूह $A' = \begin{bmatrix} 3 & 1-2i \\ 1+2i & 2 \end{bmatrix}$

(ii) सममित आव्यूह (Symmetric Matrix) : यदि किसी वर्ग आव्यूह का परिवर्त आव्यूह उसके बराबर हो तो आव्यूह सममित कहलाता है। अर्थात् यदि $A = A'$ हो तो A सममित होगा।

स्पष्टत: A सममित है $\Leftrightarrow a_{ij} = a_{ji}$

उदाहरण : आव्यूह $A = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$ तथा $B = \begin{bmatrix} a & h & g \\ h & b & f \\ g & f & c \end{bmatrix}$

सममित आव्यूह हैं क्योंकि $A = A'$ तथा $B = B'$.

(iii) विषम सममित आव्यूह (Skew Symmetric Matrix) : यदि किसी वर्ग आव्यूह के लिए $A = -A'$ हो तो उसे विषम सममित आव्यूह कहते हैं।

स्पष्ट है इस दशा मे i तथा j के प्रत्येक मान के लिए $a_{ij} = -a_{ji}$

यदि $i = j$ ले।

पुन: $a_{ii} = -a_{ii} \Rightarrow 2a_{ii} = 0 \Rightarrow a_{ii} = 0$

अत: इस विषम सममित आव्यूह के मुख्य विकर्ण के अवयव शून्य होते हैं।

उदाहरण : $\begin{bmatrix} 0 & 3 \\ -3 & 0 \end{bmatrix}, \begin{bmatrix} 0 & h & g \\ -h & 0 & f \\ -g & -f & 0 \end{bmatrix}$ आदि विषम सममित हैं।

सममित तथा विषम सममित आव्यूह के गुण (Properties of Symmetric and Sken symmetric Matrices)

सममित : (i) यदि A सममित आव्यूह है, तो $A^2, A^2, \ldots A^n$ सममित होंगे

(ii) यदि A सममित आव्यूह है तो $A + A'$ सममित अव्यूह होगा।

(iii) यदि A तथा B सममित हैं तो AB सममित होगा यदि $A = B$

(iv) यदि A तथा B सममित आव्यूह हैं, तो $A + B$ तथा $AB + BA$ सममित होगा।

विषम सममित : (i) यदि A विषम सममित है तो $A - A'$ विषम सममित होगा।

(ii) यदि A तथा B सममित हैं तो $AB - BA$ विषम सममित होगा।

2. प्रत्येक वर्ग आव्यूह A को सममित तथा विषम सममित आव्यूह के योग (sum) के रूप में व्यक्त किया जा सकता है।

$$A = \frac{1}{2}(A + A') + \frac{1}{2}(A - A')$$

(iv) लांबिक आव्यूह या लम्ब कोणीय आव्यूह (Orthogonal Matrix) : यदि A एक वर्ग आव्यूह हो तथा

$$AA' = A'A = I$$

हो तो A लांबिक आव्यूह कहलाता है। **[2008, 2014]**

उदाहरण : यदि $A = \begin{bmatrix} \cos\alpha & \sin\alpha \\ -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$ तो $A' = \begin{bmatrix} \cos\alpha & -\sin\alpha \\ \sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$

$$\therefore \quad AA' = \begin{bmatrix} \cos\alpha & \sin\alpha \\ -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix} \begin{bmatrix} \cos\alpha & -\sin\alpha \\ \sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$$

www.polytechnicpdf.com

$$=\begin{bmatrix} \cos^2\alpha+\sin^2\alpha & -\cos\alpha\sin\alpha+\sin\alpha\cos\alpha \\ \sin\alpha\cos\alpha+\cos\alpha\sin\alpha & \sin^2\alpha+\cos^2\alpha \end{bmatrix}=\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}=I$$

अत: A एक लांबिक आव्यूह है।

(v) सम्मिश्र आव्यूह (Complex Matrix) : यदि किसी आव्यूह के अवयव सम्मिश्र संख्यायें हों तो वह सम्मिश्र आव्यूह कहलाता है।

उदाहरण : $A=\begin{bmatrix} 2+i & \\ 3+2i & 2-i \end{bmatrix}$ एक सम्मिश्र आव्यूह है ।

(vi) संयुग्मी आव्यूह (Conjugate Matrix) : किसी सम्मिश्र आव्यूह A के अवयवों को उसके संगत संयुग्मी अवयवों से बदलने से प्राप्त आव्यूह संयुग्मी आव्यूह कहलाता है। इसे $\bar{A}$ से सूचित किया जाता है।

जैसे $A=\begin{bmatrix} 1-2i & 3+4i \\ 4-i & 2+3i \end{bmatrix}$ तो $\bar{A}=\begin{bmatrix} 1+2i & 3-4i \\ 4+i & 2-3i \end{bmatrix}$

(vii) संयुग्मी परिवर्त आव्यूह (Conjugate Transpose Matrix) : सम्मिश्र आव्यूह A के संयुग्मी आव्यूह $\bar{A}$ के परिवर्त आव्यूह को A का संयुग्मी परिवर्त आव्यूह कहा जाता है। इसे $(\bar{A})^T$ या A^θ या A^* से सूचित किया जाता है।

जैसे : यदि $A=\begin{bmatrix} 1-2i & 3+4i \\ 4-i & 2+3i \end{bmatrix}$

$$\bar{A}=\begin{bmatrix} 1+2i & 3-4i \\ 4+i & 2-3i \end{bmatrix}$$

अत: $(\bar{A})^T$ या A^θ या $A^*=\begin{bmatrix} 1+2i & 4-i \\ 3-4i & 2-3i \end{bmatrix}$

(viii) हरमिटियन आव्यूह (Hermitian Matrix) : यदि कोई सम्मिश्र आव्यूह A अपने संयुग्मी परिवर्त आव्यूह के बराबर हो अर्थात् $A^\theta=(\bar{A})^T=A$ हो तो उसे हरमिटियन आव्यूह कहते हैं।

स्पष्ट है हरिमिटियन आव्यूह के लिए i तथा j के सभी मानों के लिए $a_{ij}=c_{ji}$ तथा इसके मुख्य विकर्ण के सभी अवयव वास्तविक होते हैं।

उदाहरण : सिद्ध करें $\begin{bmatrix} 1 & 2+3i & 3+4i \\ 2-3i & 0 & 4-5i \\ 3-4i & 4+5i & 2 \end{bmatrix}$

हरमिटियन आव्यूह है। **[2013]**

हल : माना $A=\begin{bmatrix} 1 & 2-3i & 3+4i \\ 2-3i & 0 & 4-5i \\ 3-4i & 4+5i & 2 \end{bmatrix}$ तो $\bar{A}=\begin{bmatrix} 1 & 2-3i & 3-4i \\ 2+3i & 0 & 4+5i \\ 3+4i & 4-5i & 2 \end{bmatrix}$

अब $A^\theta=(\bar{A})^T=\begin{bmatrix} 1 & 2+3i & 3+4i \\ 2-3i & 0 & 4-5i \\ 3-4i & 4+5i & 2 \end{bmatrix}=A \quad \therefore \quad A^\theta=A$

अत: A हरमिटियन आव्यूह है।

(ix) विषम हरमिटियन आव्यूह (Skew Harmitian Matrix) : यदि A कोई वर्ग आव्यूह है, तो A को विषम हरमिटियन आव्यूह कहा जाता है। यदि

$$A^\theta=-A \text{ या } (\bar{A})^T=-A$$

स्पष्ट है $[a_{ij}]_{m\times n}$ विषम हरमिटियन होगा यदि i तथा j के सभी मानों के लिए

$$a_{ij}=-\bar{a}_{ji}$$

www.polytechnicpdf.com

या $a_{ij} + a_{ji} = 0$

यदि $i = j$ हो तो $a_{ii} = 0$

अतः विषम हरमिटियन आव्यूह में मुख्य विकर्ण के अवयव काल्पनिक होंगे अथवा शून्य होंगे।

उदाहरण : $A = \begin{bmatrix} 0 & -3+4i \\ 3+4i & 0 \end{bmatrix} \Rightarrow \bar{A} = \begin{bmatrix} 0 & -3-4i \\ 3-4i & 0 \end{bmatrix}$

$$\therefore \quad A^\theta = (\bar{A})^T = \begin{bmatrix} 0 & 3-4i \\ -3-4i & 0 \end{bmatrix} = (-1)\begin{bmatrix} 0 & -3+4i \\ 3+4i & 0 \end{bmatrix} = -A$$

अतः A विषम हरमिटियन है।

(x) ऐकिक या एकल आव्यूह (Unitary Matrix) : वर्ग आव्यूह A ऐकिक या एकल आव्यूह कहलाता है यदि

$$AA^\theta = A^\theta A = I.$$

उदाहरण : सिद्ध कीजिए आव्यूह $A = \frac{1}{\sqrt{3}}\begin{bmatrix} 1 & 1+i \\ 1-i & -1 \end{bmatrix}$ ऐकिक आव्यूह है। **[2010]**

हल : $A = \frac{1}{\sqrt{3}}\begin{bmatrix} 1 & 1+i \\ 1-i & -1 \end{bmatrix}$ .. संयुग्मी आव्यूह $\bar{A} = \frac{1}{\sqrt{3}}\begin{bmatrix} 1 & 1-i \\ 1+i & -1 \end{bmatrix}$

अतः परिवर्त आव्यूह $A^\theta = (\bar{A})^T = \frac{1}{\sqrt{3}}\begin{bmatrix} 1 & 1+i \\ 1-i & -1 \end{bmatrix}$

अब
$$A^\theta A = \frac{1}{\sqrt{3}}\begin{bmatrix} 1 & 1+i \\ 1-i & -1 \end{bmatrix} \times \frac{1}{\sqrt{3}}\begin{bmatrix} 1 & 1+i \\ 1-i & -1 \end{bmatrix}$$

$$= \frac{1}{3}\begin{bmatrix} 1\times 1+(1+i)(1-i) & 1\times(1+i)+(1+i)(-1) \\ (1-i)\times 1+(-1)(1-i) & (1-i)(1+i)+(-1)(-1) \end{bmatrix}$$

$$= \frac{1}{3}\begin{bmatrix} 1+1-i^2 & 1+i-1-i \\ 1-i+i-1 & 1-i^2+1 \end{bmatrix}$$

$$= \frac{1}{3}\begin{bmatrix} 1+1+1 & 0 \\ 0 & 3 \end{bmatrix} = \frac{1}{3}\begin{bmatrix} 3 & 0 \\ 0 & 3 \end{bmatrix} = \frac{1}{3}\times 3\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$$

$$= I$$

अतः आव्यूह ऐकिक आव्यूह है।

(xi) अव्युत्क्रमणीय आव्यूह (Singular Matrix) : यदि किसी वर्ग आव्यूह के सारणिक का मान शून्य हो अर्थात् $|A| = 0$, तो A को अव्युत्क्रमणीय आव्यूह कहा जाता है।

जैसे : $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 6 \end{bmatrix}$ तो $|A| = \begin{vmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 6 \end{vmatrix} = 6-6 = 0$

अतः यह अव्युत्क्रमणीय आव्यूह है।

ऐसे आव्यूहों का व्युत्क्रम (Inverse) नहीं निकाला जा सकता।

(xii) व्युत्क्रमणीय आव्यूह (Non-Singular Matrix) : यदि किसी वर्ग आव्यूह के सारणिक का मान अशून्य अर्थात् $|A| \neq 0$ हो तो A को व्युत्क्रमणीय आव्यूह (Invertible Matrix) कहा जाता है।

जैसे $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 4 \end{bmatrix}$ तो $|A| = \begin{vmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 4 \end{vmatrix} = 4-6 = -2 \neq 0$

अतः A व्युत्क्रमणीय आव्यूह है।

www.polytechnicpdf.com

यदि A व्युत्क्रमणीय है, तो इसका व्युत्क्रम निकाला जा सकता है।

(xiv) सहखण्ड आव्यूह (Cofactor Matrix) : किसी आव्यूह A के अवयवों को उसके संगत सारणिक $|A|$ के अवयवों के संगत सहखंडों (cofactors) से प्रतिस्थापित करके बने आव्यूह को सहखंड आव्यूह कहते हैं। इसे A^c या $[A_{ij}]$ से निरूपित किया जाता है। अत:

जैसे : $A = \begin{bmatrix} 5 & 6 \\ 7 & 8 \end{bmatrix}$ तो $|A| = \begin{vmatrix} 5 & 6 \\ 7 & 8 \end{vmatrix}$

$A_{11} = 5$ का सहखण्ड $= 8$; $A_{12} = 6$ का सहखण्ड $= -7$;

$A_{21} = 7$ का सहखण्ड $= -6$; $A_{22} = 8$ का सहखण्ड $= 5$

अत: सहखण्ड आव्यूह $= \begin{bmatrix} A_{11} & A_{12} \\ A_{21} & A_{22} \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 8 & -7 \\ -6 & 5 \end{bmatrix}$

(xv) सहखण्डज आव्यूह (Adjoint Matrix) : किसी आव्यूह A के सहखंड आव्यूह (Cofactor Matrix) A^C के परिवर्त (Transpose) आव्यूह को सहखण्डज आव्यूह कहा जाता है। इसे Adj. A से निरूपित करते हैं।

अत: Adj. $A = (A^C)^T$ या $[A_{ij}]^T$,

उदाहरण : यदि $A = \begin{bmatrix} \cos\alpha & \sin\alpha \\ -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$ तो $|A| = \begin{vmatrix} \cos\alpha & \sin\alpha \\ -\sin\alpha & \cos\alpha \end{vmatrix}$

$A_{11} = \cos\alpha$ का सहखण्ड $= \cos\alpha$; $A_{12} = \sin\alpha$ का सहखण्ड $= \sin\alpha$;

$A_{21} = -\sin\alpha$ का सहखण्ड $= -\sin\alpha$;

$A_{22} = \cos\alpha$ का सहखण्ड $= \cos\alpha$

$\therefore$ सहगुणनखण्ड आव्यूह $A^C = \begin{bmatrix} A_{11} & A_{12} \\ A_{21} & A_{22} \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} \cos\alpha & \sin\alpha \\ -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$

अत: Adj. $A = (A^C)^T = \begin{bmatrix} \cos\alpha & -\sin\alpha \\ \sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$ उत्तर

सहखण्डज आव्यूह के गुण : यदि A, n क्रम का वर्ग आव्यूह है

(i) $A\,(\text{Adj. } A) = (\text{Adj. } A)\,A = I$, जहाँ I, n क्रम का इकाई आव्यूह है।

(ii) यदि $|A| \neq 0$ तो $\dfrac{A\,(\text{Adj. } A)}{|A|} = \dfrac{(\text{Adj. } A)\,A}{|A|} = I$

(iii) Adj. $(AB) =$ Adj. B . Adj. A

(xvi) (a) व्युत्क्रम या प्रतिलोम आव्यूह (Inverse of a Matrix)

यदि A व्युत्क्रमणीय वर्ग आव्यूह (non-singular matrix) हो तथा B उसी क्रम का ऐसा आव्यूह हो, जिसके लिए

$$AB = BA = I$$

तो B को A का व्युतक्रम या प्रतिलोम आव्यूह रहते हैं तथा इसे A^{-1} से सूचित करते हैं।

इसी तरह A^{-1} का प्रतिलोम आव्यूह A होगा।

सहखण्डज आव्यूह की सहायता से प्रतिलोम आव्यूह A^{-1} को निम्न रूप में व्यक्त किया जाता है :

$$\mathbf{A^{-1} = \frac{1}{|A|}\,Adj.\,A}$$

व्युत्क्रम आव्यूह निकालने की क्रियाविधि :

Step I. $|A|$ ज्ञात करें।

Step II. यदि $|A| = 0$ तो आव्यूह A का व्युत्क्रम नहीं होगा। यदि $|A| \neq 0$ तो A व्युत्क्रमणीय है।

www.Polytechnicpdf.com

Step III. A के संगत अवयवों के सहगुणनखंड (Cofactor) प्राप्त करें तथा इसे आव्यूह के रूप में लिखें।

Step IV. प्राप्त आव्यूह का परिवर्त आव्यूह निकालकर Adj. A प्राप्त करें।

Step V. फिर $A^{-1} = \frac{\text{Adj. } A}{|A|}$ का प्रयोग कर व्युत्क्रम निकालें।

उदाहरण : आव्यूह $\begin{bmatrix} 2 & 5 \\ 1 & 3 \end{bmatrix}$ का प्रतिलोम आव्यूह ज्ञात करें।

हल : यहाँ $|A| = \begin{vmatrix} 2 & 5 \\ 1 & 3 \end{vmatrix} = 6 - 5 = 1 \neq 0$, अतः A व्युत्क्रमणीय है।

तथा $A_{11} = 3, A_{12} = -1, A_{21} = -1, a_{22} = 3$

$\therefore$ सहखण्ड आव्यूह $= \begin{bmatrix} 3 & -1 \\ -5 & 2 \end{bmatrix}$

अतः Adj. $A = \begin{bmatrix} 3 & -5 \\ -1 & 2 \end{bmatrix}$

$\therefore \quad A^{-1} = \frac{\text{Adj. } A}{|A|} = \frac{1}{1}\begin{bmatrix} 3 & -5 \\ -1 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 3 & -5 \\ -1 & 2 \end{bmatrix}$ उत्तर

(c) व्युत्क्रम आव्यूह के गुण

(1) किसी वर्ग आव्यूह A का व्युत्क्रम A^{-1} अद्वितीय (Unique) होता है।

(2) $(A^{-1})^{-1} = A$

(3) $(A^{-1})^T = (A^T)^{-1}$

(4) $(AB)^{-1} = B^{-1}A^{-1}$

1.5 आव्यूह तथा सारणिक में अन्तर

आव्यूह और सारणिक में अंतर को निम्नलिखित तालिका में दिखाया गया है :

	सारणिक	आव्यूह
1.	सारणिक $n \times n$ संख्याओं की लंब सारणी है। इसमें पंक्तियों तथा स्तंभों की संख्या समान होती है।	आव्यूह $m \times n$ संख्याओं की लंब सारणी है जिसमें m पंक्तियाँ तथा n स्तम्भ होते हैं। इसमें पंक्तियों तथा स्तंभों का बराबर होना आवश्यक नहीं है।
2.	सारणिक किसी व्यंजक को वर्ग सारणी के रूप में व्यक्त करता है।	आव्यूह किसी सूचनाओं अथवा तत्त्वों को आयताकार लम्ब सारणी के रूप में व्यक्त करने का विशेष प्रकार है।
3.	इसका मान निश्चित होता है।	इसका कोई मान नहीं होता।
4.	सारणिक में अवयवों की संख्या n^2 होती है।	इसमें अवयवों की संख्या $m \times n$ होती है। यदि यह n क्रम का तथा वर्गाकार है तो अवयवों की संख्या n^2 होगी।
5.	इसके किसी अदिश से गुणा करने पर किसी एक पंक्ति या स्तंभ के अवयवों में गुणा होता है।	इसमें किसी अदिश से गुणा करने पर प्रत्येक अवयव में गुणा होता है।
6.	इसमें किसी एक पंक्ति या स्तंभ के उभयनिष्ठ को पूरी सारणी के उभयनिष्ठ के रूप में निकाला जा सकता है।	इसमें किसी संख्या को उभयनिष्ठ के रूप में तभी निकाला जा सकता है, जबकि यह सारे अवयवों में उभयनिष्ठ हो।
7.	इसे व्यक्त करने के लिए | | चिन्ह का प्रयोग होता है	इसे व्यक्त करने के लिए [ ] या ( ) या { } या || || का प्रयोग होता है।

www.polytechnicpdf.com

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. यदि $A=\begin{bmatrix}1 & 2\\ 2 & -1\end{bmatrix}$ और $B=\begin{bmatrix}1 & 0\\ 2 & 1\end{bmatrix}$ तो $A+B$ एवं $A-B$ का मान ज्ञात करें। **[2010]**

हल : $A-B=\begin{bmatrix}1 & 2\\ 2 & -1\end{bmatrix}-\begin{bmatrix}1 & 0\\ 2 & 1\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}1-1 & 2-0\\ 2-2 & -1-1\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}0 & 2\\ 0 & -2\end{bmatrix}$ उत्तर

तथा $A+B=\begin{bmatrix}1 & 2\\ 2 & -1\end{bmatrix}+\begin{bmatrix}1 & 0\\ 2 & 1\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}1+1 & 2+0\\ 2+2 & -1+1\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}2 & 2\\ 4 & 0\end{bmatrix}$ उत्तर

उदाहरण 2. यदि $P=\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\ 0 & 5 & 7\\ 0 & 8 & 9\end{bmatrix}$ तथा $Q=\begin{bmatrix}2 & 0 & 3\\ 3 & 0 & 5\\ 5 & 7 & 0\end{bmatrix}$ तो $2P-3Q$ का मान ज्ञात करें। **[U.P. 2009]**

हल : $2P-3Q=2\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\ 0 & 5 & 7\\ 0 & 8 & 9\end{bmatrix}-3\begin{bmatrix}2 & 0 & 3\\ 3 & 0 & 5\\ 5 & 7 & 0\end{bmatrix}$

$$=\begin{bmatrix}2 & 4 & 6\\ 0 & 10 & 14\\ 0 & 16 & 18\end{bmatrix}-\begin{bmatrix}6 & 0 & 9\\ 9 & 0 & 15\\ 15 & 21 & 0\end{bmatrix}$$

$$=\begin{bmatrix}2-6 & 4-0 & 6-9\\ 0-9 & 10-0 & 14-15\\ 0-15 & 16-21 & 18-0\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}-4 & 4 & -3\\ -9 & 10 & -1\\ -15 & -5 & 18\end{bmatrix}$$ उत्तर

उदाहरण 3. यदि $\begin{bmatrix}x+3 & 2y+x\\ z-1 & 4a-6\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}0 & -7\\ 3 & 2a\end{bmatrix}$ तो x, y, z तथा a का मान प्राप्त करें जो दिए गए समीकरण को संतुष्ट करता है।

हल : प्रश्न से

$$\begin{bmatrix}x+3 & 2y+x\\ z-1 & 4a-6\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}0 & -7\\ 3 & 2a\end{bmatrix}$$

$\Rightarrow$ $x+3=0$ [$\because$ समान आव्यूह के संगत पद बराबर होते हैं]

$2y-x=-7$

$z-1=3$ तथा $4a-6=2a$

अत: $x+3=0 \Rightarrow x=-3$

$z-1=3 \Rightarrow z=1+3=4$

$4a-6=2a \Rightarrow 4a-2a=6 \Rightarrow 2a=6 \Rightarrow a=3$

तथा $2y+x=-7 \Rightarrow 2y-3=-7$ [x का मान रखने पर]

$\Rightarrow$ $2y=-7+3=-4 \Rightarrow y=-\frac{4}{2}=-2$

अत: $x=-3, y=-2, z=4$ तथा $a=3$ उत्तर

www.polytechnicpdf.com

उदाहरण 5. (i) A^2 का मान निकालिये, यदि आव्यूह

$$A = \begin{bmatrix} 1 & 2 & 3 \\ 4 & 3 & 2 \\ 3 & 1 & 4 \end{bmatrix}$$

[B.T.E., U.P. 1994, 2015]

(ii) $A^2 - 2A$ का मान ज्ञात करें।

हल : (i) $$A^2 = \begin{bmatrix} 1 & 2 & 3 \\ 4 & 3 & 2 \\ 3 & 1 & 4 \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 1 & 2 & 3 \\ 4 & 3 & 2 \\ 3 & 1 & 4 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 1\times1+2\times4+3\times3 & 1\times2+2\times3+3\times1 & 1\times3+2\times2+3\times4 \\ 4\times1+3\times4+2\times3 & 4\times2+3\times3+2\times1 & 4\times3+3\times2+2\times4 \\ 3\times1+1\times4+4\times3 & 3\times2+1\times3+4\times1 & 3\times3+1\times2-4\times4 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 1+8+9 & 2+6+3 & 3+4+12 \\ 4+12+6 & 8+9+2 & 12+6+8 \\ 3+4+12 & 6+3+4 & 9+2+16 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 18 & 11 & 19 \\ 22 & 19 & 26 \\ 19 & 13 & 27 \end{bmatrix}$$ उत्तर

(ii) $$A^2 - 2A = \begin{bmatrix} 18 & 11 & 19 \\ 22 & 19 & 26 \\ 19 & 13 & 27 \end{bmatrix} - 2\begin{bmatrix} 1 & 2 & 3 \\ 4 & 3 & 2 \\ 3 & 1 & 4 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 18-2 & 11-4 & 19-6 \\ 22-8 & 19-6 & 26-4 \\ 19-6 & 13-2 & 27-8 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 16 & 7 & 13 \\ 14 & 13 & 22 \\ 13 & 11 & 19 \end{bmatrix}$$ उत्तर

उदाहरण 5. यदि आव्यूह $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 4 \end{bmatrix}$, $B = \begin{bmatrix} 5 & 6 \\ 7 & 8 \end{bmatrix}$ तो दिखायें $AB \neq BA$.

[BTE 2008]

हल : यहाँ $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 4 \end{bmatrix}_{2\times2}$, $B = \begin{bmatrix} 5 & 6 \\ 7 & 8 \end{bmatrix}_{2\times2}$

A में पंक्तियों की संख्या $= B$ में स्तंभों की संख्या $= 2$

अत: AB परिभाषित है। इसी तरह BA भी परिभाषित है।

अब $$AB = \begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 4 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 5 & 6 \\ 7 & 8 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1\times5+2\times7 & 1\times6+2\times8 \\ 3\times5+4\times7 & 3\times6+4\times8 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 5+14 & 6+16 \\ 15+28 & 18+32 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 19 & 22 \\ 43 & 50 \end{bmatrix} \quad ...(1)$$

तथा $$BA = \begin{bmatrix} 5 & 6 \\ 7 & 8 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 3 & 4 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 5\times1+6\times3 & 5\times2+6\times4 \\ 7\times1+8\times3 & 7\times2+8\times4 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 23 & 34 \\ 31 & 46 \end{bmatrix} \quad ...(2)$$

(1) तथा (2) से, $AB \neq BA$ सिद्ध हुआ।

उदाहरण 6. यदि आव्यूह $A = \begin{bmatrix} \cos\alpha & \sin\alpha \\ \sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$ तथा आव्यूह $B = \begin{bmatrix} \cos\beta & \sin\beta \\ \sin\beta & \cos\beta \end{bmatrix}$ तो सिद्ध करो कि $AB = BA$.

[BTE, UP, 1993]

हल : $$AB = \begin{bmatrix} \cos\alpha & \sin\alpha \\ \sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}\begin{bmatrix} \cos\beta & \sin\beta \\ \sin\beta & \cos\beta \end{bmatrix}$$

www.polytechnicpdf.com

$$= \begin{bmatrix} \cos\alpha . \cos\beta + \sin\alpha . \sin\beta & \cos\alpha . \sin\beta + \sin\alpha . \cos\beta \\ \sin\alpha . \cos\beta + \cos\alpha . \sin\beta & \sin\alpha . \sin\beta + \cos\alpha . \cos\beta \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} \cos(\alpha-\beta) & \sin(\alpha+\beta) \\ \sin(\alpha+\beta) & \cos(\alpha-\beta) \end{bmatrix} \quad ...(1)$$

$$BA = \begin{bmatrix} \cos\beta & \sin\beta \\ \sin\beta & \cos\beta \end{bmatrix} \begin{bmatrix} \cos\beta & \sin\alpha \\ \sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} \cos\beta \cos\alpha + \sin\beta \sin\alpha & \cos\beta . \sin\alpha + \sin\beta . \cos\alpha \\ \sin\beta \cos\alpha + \cos\beta \sin\alpha & \sin\beta . \sin\alpha + \cos\beta . \cos\alpha \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} \cos(\alpha-\beta) & \sin(\alpha+\beta) \\ \sin(\alpha+\beta) & \cos(\alpha-\beta) \end{bmatrix} \quad ...(2)$$

समीकरण (1) व (2) से स्पष्ट है कि $AB = BA$. यही सिद्ध करना था।

उदाहरण 7. सिद्ध करो कि दो आव्यूहें $\begin{pmatrix} \cos^2\theta & \cos\theta\sin\theta \\ \cos\theta\sin\theta & \sin^2\theta \end{pmatrix}$ तथा $\begin{pmatrix} \cos^2\phi & \cos\phi\sin\phi \\ \cos\phi\sin\phi & \sin^2\phi \end{pmatrix}$ का गुणनफल शून्य होगा यदि θ तथा ϕ का अन्तर $\frac{\pi}{2}$ का विषम गुणित हो।

[B.T.E., U.P. 1998]

हल : $\begin{bmatrix} \cos^2\theta & \cos\theta\sin\theta \\ \cos\theta\sin\theta & \sin^2\theta \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} \cos^2\phi & \cos\phi\sin\phi \\ \cos\phi\sin\phi & \sin^2\phi \end{bmatrix}$

$$= \begin{bmatrix} \cos^2\theta . \cos^2\phi + \cos\theta . \sin\theta . \cos\phi . \sin\phi & \cos^2\theta . \cos\phi . \sin\phi + \cos\theta . \sin\theta . \sin^2\phi) \\ \cos\theta . \sin\theta . \cos^2\phi + \sin^2\theta . \cos\phi . \sin\phi & \cos\theta . \sin\theta . \cos\phi . \sin\phi + \sin^2\theta . \sin^2\phi \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} \cos\theta . \cos\phi (\cos\theta . \cos\phi + \sin\theta . \sin\phi & \cos\theta . \sin\phi (\cos\theta . \cos\phi + \sin\theta \sin\phi) \\ \sin\theta \cos\phi (\cos\theta . \cos\phi + \sin\theta . \sin\phi) & \sin\theta . \sin\phi (\cos\theta . \cos\phi + \sin\theta . \sin\phi) \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} \cos\theta . \cos\phi \{\cos(\theta-\phi)\} & \cos\theta . \sin\phi \{\cos(\theta-\phi)\} \\ \sin\theta . \sin\phi \{\cos(\theta-\phi)\} & \sin\theta . \sin\phi \{\cos(\theta-\phi)\} \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} \cos\theta . \cos\phi \cos(\theta-\phi) & \cos\theta . \sin\phi \cos(\theta-\phi) \\ \sin\theta . \sin\phi \cos(\theta-\phi) & \sin\theta . \sin\phi \cos(\theta-\phi) \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$$ उत्तर

क्योंकि यदि $\theta - \phi$, $\frac{\pi}{2}$ का विषम गुणित हो तो $\cos(\theta-\phi)$ का मान शून्य होगा जिससे गुणनफल शून्य हो जायेगा।

यही सिद्ध करना था।

उदाहरण 8. यदि $E = \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix}$ और $F = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \end{bmatrix}$ तो दिखाइये कि $E^2 F + F^2 E \neq E$.

[B.T.E., U.P. 1999]

हल : $\because E^2 = E \times E = \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 1 \\ 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix}$

$$\therefore \quad E^2 . F = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 1 \\ 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix}$$

www.polytechnicpdf.com

तथा $$F^2 = F \times F = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ 1 & 0 & 0 \end{bmatrix}$$

$$\therefore \quad F^2 . E = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ 1 & 0 & 0 \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \end{bmatrix}$$

अतः $$E^2 . F + F^2 . E = \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \end{bmatrix} \neq E$$

$\therefore \quad E^2 . F + F^2 . E \neq E.$ यही सिद्ध करना था।

उदाहरण 8. $A = \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \\ p & q & r \end{bmatrix}$ तथा I_3, क्रम 3 का एक आव्यूह हो, तो सिद्ध करें कि

$$A^3 = p . I_3 + q . A + r . A^2$$ **[B.T.E., U.P. 2002]**

हल : $$A^2 = A \times A = \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \\ p & q & r \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ p & q & r \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 0\times0+1\times0+0\times p & 0\times1+1\times0+0\times q & 0\times0+1\times1+0\times r \\ 0\times0+0\times0+1\times p & 0\times1+0\times0+1\times q & 0\times0+0\times1+1\times r \\ p\times0+q\times0+r\times p & p\times1+q\times0+r\times q & p\times0+q\times1+r\times r \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 0 & 0 & 1 \\ p & q & r \\ pr & p+qr & q+r^2 \end{bmatrix}$$

$$\therefore \quad A^3 = A^2 . A = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 1 \\ p & q & r \\ pr & p+qr & q+r^2 \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \\ p & q & r \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} p & q & r \\ pr & p+qr & q+r^2 \\ p(q+r^2) & pr+q(q+r^2) & p+rq+r(q+r^2) \end{bmatrix} \quad ...(1)$$

अतः $$pI_3 + qA + rA^2 = p\begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix} + q\begin{bmatrix} 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \\ p & q & r \end{bmatrix} + r\begin{bmatrix} 0 & 0 & 1 \\ p & q & r \\ pr & p+qr & q+r^2 \end{bmatrix}$$

[I_3, A तथा A^2 का मान रखने पर]

$$= \begin{bmatrix} p & 0 & 0 \\ 0 & p & 0 \\ 0 & 0 & p \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 0 & q & 0 \\ 0 & 0 & q \\ qp & q^2 & qr \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 0 & 0 & r \\ pr & qr & r^2 \\ pr^2 & r(p+qr) & r(q+r^2) \end{bmatrix}$$

www.polytechnicpdf.com

$$= \begin{bmatrix} p & q & r \\ pr & p+qr & q+r^2 \\ p(q+r^2) & q^2+r(p+qr) & p+qr+r(q+r^2) \end{bmatrix} = A^3$$ [1 से]

यही सिद्ध करना था।

उदाहरण 10. यदि आव्यूह $A = \begin{bmatrix} 3 & 1 \\ -1 & 2 \end{bmatrix}$ हो, तो सिद्ध करो $A^2 - 5A + 7I = 0$ जबकि I एक इकाई आव्यूह, आर्डर 2×2 की है। **[B.T.E., U.P. 1995]**

हल : यहाँ $A^2 = \begin{bmatrix} 3 & 1 \\ -1 & 2 \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 3 & 1 \\ -1 & 2 \end{bmatrix}$

$$= \begin{bmatrix} 3\times3+1\times-1 & 3\times1+1\times2 \\ -1\times3+2\times-1 & -1\times1+2\times2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 8 & 5 \\ -5 & 3 \end{bmatrix}$$

$$\therefore \quad A^2 - 5A + 7I = \begin{bmatrix} 8 & 5 \\ -5 & 3 \end{bmatrix} = 5\begin{bmatrix} 3 & 1 \\ -1 & 2 \end{bmatrix} + 7\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 8 & 5 \\ -5 & 3 \end{bmatrix} - \begin{bmatrix} 15 & 5 \\ -5 & 10 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 7 & 0 \\ 0 & 7 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 8-15-7 & 5-5+0 \\ -5+5+0 & 3-10+7 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} = 0$$ यही सिद्ध करना था।

उदाहरण 11. $A^2 - 4A - 5I$ का मान निकालिये,

जहाँ $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 & 2 \\ 2 & 1 & 2 \\ 2 & 2 & 1 \end{bmatrix}$ तथा $I = \begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix}$ **[B.T.E., U.P. 2003]**

हल : यहाँ $A^2 = \begin{bmatrix} 1 & 2 & 2 \\ 2 & 1 & 2 \\ 2 & 2 & 1 \end{bmatrix} \times \begin{bmatrix} 1 & 2 & 2 \\ 2 & 1 & 2 \\ 2 & 2 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 9 & 8 & 8 \\ 8 & 9 & 8 \\ 8 & 8 & 9 \end{bmatrix}$ [गुणन से]

अतः $A^2 - 4A - 5I = \begin{bmatrix} 9 & 8 & 8 \\ 8 & 9 & 8 \\ 8 & 8 & 9 \end{bmatrix} - 4\begin{bmatrix} 1 & 2 & 2 \\ 2 & 1 & 2 \\ 2 & 2 & 1 \end{bmatrix} - 5\begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix}$

$$= \begin{bmatrix} 9-4-5 & 8-8-0 & 8-8-0 \\ 8-8-0 & 9-4-5 & 8-8-0 \\ 8-8-0 & 8-8-0 & 9-4-5 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix} = 0$$

$\therefore \quad A^2 - 4A - 5I = 0$ उत्तर

उदाहरण 12. यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 3 & 2 \\ 2 & 0 & 3 \\ 1 & -1 & -1 \end{bmatrix}$ तथा $I = \begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix}$, तो $A^3 - 2A^2 + A - I$ का मान ज्ञात कीजिये। **[B.T.E., U.P. 2004]**

हल : $A^2 = A.A = \begin{bmatrix} 1 & 3 & 2 \\ 2 & 0 & 3 \\ 1 & -1 & -1 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 1 & 3 & 2 \\ 2 & 0 & 3 \\ 1 & -1 & -1 \end{bmatrix}$

www.polytechnicpdf.com

$$= \begin{bmatrix} 1\times1+3\times2+2\times1 & 1\times3+3\times0-2\times(-1) & 1\times2-3\times3+2\times(-1) \\ 2\times1+0\times2+3\times1 & 2\times3+0\times0+3\times(-1) & 2\times2+0\times3+3\times(-1) \\ 1\times1+(-1)\times2+(-1)\times1 & 1\times3+(-1)\times0+(-1)\times(-1) & 1\times2+(-1)\times3+(-1)\times(-1) \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 1+6-2 & 3+0-2 & 2+9-2 \\ 2+0+3 & 6+0-3 & 4+0-3 \\ 1-2-1 & 3+0+1 & 2-3+1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 9 & 1 & 9 \\ 5 & 3 & 1 \\ -2 & 4 & 0 \end{bmatrix}$$

तथा $$A^3 = A^2 . A = \begin{bmatrix} 9 & 1 & 9 \\ 5 & 3 & 1 \\ -2 & 4 & 0 \end{bmatrix} . \begin{bmatrix} 1 & 3 & 2 \\ 2 & 0 & 3 \\ 1 & -1 & -1 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 9+2+9 & 27+0-9 & 18+3-9 \\ 5+6+1 & 15+0-1 & 10+9-1 \\ -2+8+0 & -6+0+0 & -4+12+0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 20 & 18 & 12 \\ 12 & 14 & 18 \\ 6 & -6 & 8 \end{bmatrix}$$

तथा $$2A^2 = 2\begin{bmatrix} 9 & 1 & 9 \\ 5 & 3 & 1 \\ -2 & 4 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 18 & 2 & 18 \\ 10 & 6 & 2 \\ -4 & 8 & 0 \end{bmatrix}$$

$\therefore$ $A^3 - 2A^2 + A - I$

$$= \begin{bmatrix} 20 & 18 & 12 \\ 12 & 14 & 18 \\ 6 & -6 & 8 \end{bmatrix} - \begin{bmatrix} 18 & 2 & 18 \\ 10 & 6 & 2 \\ -4 & 8 & 0 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 1 & 3 & 2 \\ 2 & 0 & 3 \\ 1 & -1 & -1 \end{bmatrix} - \begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 20-18+1-1 & 18-2+3-0 & 12-18+2-0 \\ 12-10+2-0 & 14-6-0-1 & 18-2+3-0 \\ 6-4+1-0 & -6-8-1-0 & 8-0-1-1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 2 & 19 & -4 \\ 4 & 7 & 19 \\ 11 & -15 & 6 \end{bmatrix}$$ उत्तर

उदाहरण 13. आव्यूह $A = \begin{bmatrix} 3 & 2 & 3 \\ 4 & 5 & 3 \\ 2 & 4 & 5 \end{bmatrix}$ को सममित तथा विषम सममित आव्यूह के योग के रूप में व्यक्त करें।

हल : प्रश्न से, $$A = \begin{bmatrix} 3 & 2 & 3 \\ 4 & 5 & 3 \\ 2 & 4 & 5 \end{bmatrix} \Rightarrow A^T = \begin{bmatrix} 3 & 4 & 2 \\ 2 & 5 & 4 \\ 3 & 3 & 5 \end{bmatrix}$$

अतः $$\frac{1}{2}(A + A^T) = \frac{1}{2}\left\{\begin{bmatrix} 3 & 2 & 3 \\ 4 & 5 & 3 \\ 2 & 4 & 5 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 3 & 4 & 2 \\ 2 & 5 & 4 \\ 3 & 3 & 5 \end{bmatrix}\right\} = \frac{1}{2}\begin{bmatrix} 6 & 6 & 5 \\ 6 & 10 & 7 \\ 5 & 7 & 10 \end{bmatrix}$$ = सममित आव्यूह

तथा $$\frac{1}{2}(A - A^T) = \frac{1}{2}\left\{\begin{bmatrix} 3 & 2 & 3 \\ 4 & 5 & 3 \\ 2 & 4 & 5 \end{bmatrix} - \begin{bmatrix} 3 & 4 & 2 \\ 2 & 5 & 4 \\ 3 & 3 & 5 \end{bmatrix}\right\} = \frac{1}{2}\begin{bmatrix} 0 & -2 & 1 \\ 2 & 0 & -1 \\ -1 & 1 & 0 \end{bmatrix}$$ = विषम सममित आव्यूह

अब $A = \frac{1}{2}(A + A^T) + \frac{1}{2}(A - A^T)$

www.polytechnicpdf.com

$$=\frac{1}{2}\begin{bmatrix}6 & 6 & 5\\ 6 & 10 & 7\\ 5 & 7 & 10\end{bmatrix}+\frac{1}{2}\begin{bmatrix}0 & -2 & 1\\ 2 & 0 & -1\\ -1 & 1 & 0\end{bmatrix}=$$ सममित आव्यूह + विषम सममित आव्यूह

उदाहरण 14. यदि $A=\begin{bmatrix}1 & 0 & -1\\ 3 & 4 & 5\\ 0 & -6 & -7\end{bmatrix}$, तो Adj. A (सहखण्डज आव्यूह) ज्ञात कीजिए।

[B.T.E., U.P. 2004]

हल : प्रश्नानुसार, $A=\begin{bmatrix}1 & 0 & -1\\ 3 & 4 & 5\\ 0 & -6 & -7\end{bmatrix}$ $\therefore$ $|A|=\begin{vmatrix}1 & 0 & -1\\ 3 & 4 & 5\\ 0 & -6 & -7\end{vmatrix}$

माना A के अवयवों के सहखण्ड क्रमशः $A_{11}, A_{12}, A_{13}, \ldots A_{33}$ हैं तो
माना आव्यूह A के सह-गुणनखण्डों (co-factors) का आव्यूह

$$=\begin{bmatrix}A_{11} & A_{12} & A_{13}\\ A_{21} & A_{22} & A_{23}\\ A_{31} & A_{32} & A_{33}\end{bmatrix}$$

अब $|A|$ के अवयवों के सहखण्ड

अतः $A_{11}=(-1)^{1+1}\begin{vmatrix}4 & 5\\ -6 & -7\end{vmatrix}=+(-28+30)=\mathbf{2}$; $A_{12}=(-1)^{1+2}\begin{vmatrix}3 & 5\\ 0 & -7\end{vmatrix}=-(-21-0)=\mathbf{21}$

$A_{13}=(-1)^{1+3}\begin{vmatrix}3 & 4\\ 0 & -6\end{vmatrix}=+(-18-0)=\mathbf{-18}$; $A_{21}=(-1)^{2+1}\begin{vmatrix}0 & -1\\ -6 & -7\end{vmatrix}=-(0-6)=\mathbf{6}$

$A_{22}=(-1)^{2+2}\begin{vmatrix}1 & -1\\ 0 & -7\end{vmatrix}=+(-7-0)=\mathbf{-7}$; $A_{23}=(-1)^{2+3}\begin{vmatrix}1 & 0\\ 0 & -6\end{vmatrix}=-(-6-0)=\mathbf{6}$

$A_{31}=(-1)^{3+1}\begin{vmatrix}0 & -1\\ 4 & 5\end{vmatrix}=+(0+4)=\mathbf{4}$; $A_{32}=(-1)^{3+2}\begin{vmatrix}1 & -1\\ 3 & 5\end{vmatrix}=-(5+3)=\mathbf{-8}$

$A_{33}=(-1)^{3+3}\begin{vmatrix}1 & 0\\ 3 & 4\end{vmatrix}=+(4-0)=\mathbf{4}$ [$\because$ $A_{ij}=(-1)^{i+j}\,a_{ij}$ का लघुघटक]

अतः सहखण्डों से बना आव्यूह, $B=\begin{bmatrix}2 & 21 & -18\\ 6 & -7 & 6\\ 4 & -8 & 4\end{bmatrix}$

$\therefore$ Adj. $A=B'=\begin{bmatrix}2 & 6 & 4\\ 21 & -7 & -8\\ -18 & 6 & 4\end{bmatrix}$ उत्तर

उदाहरण 15. यदि $A=\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\ 1 & 3 & 4\\ 1 & 4 & 3\end{bmatrix}$, तो A का सहखण्डज आव्यूह (Adjoint matrix) ज्ञात करें।

[B.T.E., U.P. 2005]

हल : प्रश्नानुसार $A=\begin{bmatrix}1 & 2 & 3\\ 1 & 3 & 4\\ 1 & 4 & 3\end{bmatrix}$ $\therefore$ $|A|=\begin{vmatrix}1 & 2 & 3\\ 1 & 3 & 4\\ 1 & 4 & 4\end{vmatrix}$

माना A के आवयवों के सहखण्ड (cofactors) क्रमशः $A_{11}, A_{12}, A_{13} \ldots A_{33}$ हैं तो सहखण्ड आव्यूह

www.polytechnicpdf.com

$$B = \begin{bmatrix} A_{11} & A_{12} & A_{13} \\ A_{21} & A_{22} & A_{23} \\ A_{31} & A_{32} & A_{33} \end{bmatrix}$$

अब $|A|$ के अवयवों के सहखण्ड

अतः $A_{11} = (-1)^{1+1}\begin{vmatrix} 3 & 4 \\ 4 & 3 \end{vmatrix} = +(9-16) = -7;$ $\quad A_{12} = (-1)^{1+2}\begin{vmatrix} 1 & 4 \\ 1 & 3 \end{vmatrix} = -(3-4) = 1$

$A_{13} = (-1)^{1+3}\begin{vmatrix} 1 & 3 \\ 1 & 4 \end{vmatrix} = +(4-3) = 1;$ $\quad A_{21} = (-1)^{2+1}\begin{vmatrix} 2 & 3 \\ 4 & 3 \end{vmatrix} = -(6-12) = 6$

$A_{22} = (-1)^{2+2}\begin{vmatrix} 1 & 3 \\ 1 & 3 \end{vmatrix} = +(3-3) = 0;$ $\quad A_{23} = (-1)^{2+3}\begin{vmatrix} 1 & 2 \\ 1 & 4 \end{vmatrix} = -(4-2) = -2$

[$\because A_{ij} = (-1)^{i+j} \times a_{ij}$ का लघुघटक]

$A_{31} = (-1)^{3+1}\begin{vmatrix} 2 & 3 \\ 3 & 4 \end{vmatrix} = +(8-9) = -1;$ $\quad A_{32} = (-1)^{3+2}\begin{vmatrix} 1 & 3 \\ 1 & 4 \end{vmatrix} = -(4-3) = -1$

$A_{33} = (-1)^{3+3}\begin{vmatrix} 1 & 2 \\ 1 & 3 \end{vmatrix} = +(3-2) = 1$

समी० (1) में यह मान रखने पर $-\dfrac{dz}{dx} - z\tan x = -\sec x \quad \Rightarrow \dfrac{dz}{dx} + z\tan x = \sec x$ ...(2)

जो एक रैखिक अवकल समीकरण है।

$\therefore$ I.F. $= e^{\int \tan x\,dx}$ [यहाँ $P = \tan x, Q = \sec x$]

$= e^{\log \sec x} = \sec x$

समी० (2) में $\sec x$ से गुणा कर समाकलन करने पर

$$\sec x \times z = \int \sec^2 x\,dx + C \quad \Rightarrow \quad y^{-1}\sec x = \tan x + C \quad \Rightarrow \quad \frac{1}{y}\sec x = \tan x + C$$

उदाहरण 9. $\dfrac{dy}{dx} + y\cos x = y^n \sin 2x$

[1993]

हल : प्रश्न से, $$\frac{dy}{dx} + y\cos x = y^n \sin 2x \quad \Rightarrow \quad y^{-n}\frac{dy}{dx} + y^{1-n}\cos x = \sin 2x \quad ...(1)$$

माना $y^{1-n} = z \quad \Rightarrow (1-n)\, y^{-n}\dfrac{dy}{dx} = \dfrac{dz}{dx} \quad \Rightarrow y^{-n}\dfrac{dy}{dx} = \dfrac{1}{1-n}\dfrac{dz}{dx}$

(1) में यह मान रखने पर

$$\frac{1}{1-n}\frac{dz}{dx} + z\cos x = \sin 2x \quad \Rightarrow \quad \frac{dz}{dx} + (1-n)\, z\cos x = (1-n)\sin 2x \quad ...(2)$$

यह एक रैखिक समीकरण है।

$\therefore$ I.F. $= e^{(1-n)\int \cos x\,dx} = e^{(1-n)\sin x}$

(2) में I.F. से गुणा कर समाकलन करने पर

$$e^{(1-n)\sin x} \times z = \int (1-n)\, e^{(1-n)\sin x} \cdot \sin 2x\,dx + C$$

$$ze^{(1-n)\sin x} = (1-n)\int 2\sin x\cos x\, e^{(1-n)\sin x}\,dx + C \quad ...(3)$$

www.polytechnicpdf.com

(3) में L.H.S. में $\sin x = t$ जिससे $\cos x\, dx = dt$ रखने पर

$$ze^{(1-n)\sin x} = 2(1-n)\int t\, e^{(1-n)t}\, dt$$

$$\Rightarrow \quad ze^{(1-n)\sin x} = 2(1-n)\left[\frac{t\, e^{(1-n)t}}{1-n} - \int \frac{1 \times e^{(1-n)t}}{1-n} dt\right]$$

$$\Rightarrow \quad ze^{(1-n)\sin x} = 2(1-n)\left[\frac{t\, e^{(1-n)t}}{1-n} - \frac{1}{(1-n)^2} e^{(1-n)t}\right] + C$$

$$\Rightarrow \quad ze^{(1-n)\sin x} = 2t\, e^{(1-n)t} - \frac{2}{1-n} e^{(1-n)t} + C$$

$$\Rightarrow \quad y^{(1-n)} e^{(1-n)\sin x} = 2\sin x\, e^{(1-n)\sin x} - \frac{2}{1-n} e^{(1-n)\sin x} + C$$

यह अभीष्ट हल है।

नोट :

- यदि समीकरण $\frac{dx}{dy} + P'x = Q'x^n$ के रूप का है, तो x^n से दोनों तरफ भाग देकर तथा $x^{1-n} = z$ रखकर रैखिक समीकरण में बदला जाता है।

प्रश्नावली 4.5

निम्न अवकल समीकरणों को हल कीजिए—

1. $\frac{dy}{dx} - \frac{y}{x} = 2x^2$

2. $\frac{dy}{dx} + \frac{y}{x} = x^2$

3. $\frac{dy}{dx} = x + xy$

4. $(x^2-1)\frac{dy}{dx} + 2xy = \frac{1}{x^2-1}$

5. $(1-x^2)\frac{dy}{dx} - xy = 2x\sqrt{1-x^2}$ [1991]

6. (i) $\frac{dy}{dx} + y\sec x = \tan x$ [1994]

   (ii) $\frac{dy}{dx} + 2y\tan x = \sin x$ [2005, 10]

7. (i) $\cos^2 x\frac{dy}{dx} + y = \tan x$ [1996]

   (ii) $\frac{dy}{dx} + \left(\frac{1-2x}{x^2}\right)y = 1$ [2013]

8. $\frac{dy}{dx} + y\cos x = \frac{1}{2}\sin 2x$

9. $x\frac{dy}{dx} + 2y - x^2\log x = 0$ $\left[\text{संकेत: } \frac{dy}{dx} + \frac{2y}{x} = x\log x\right]$

10. $\frac{dy}{dx} + x\sin 2y = x^3\cos^2 y$ [2002]

    [संकेत: $\sec^2 y\frac{dy}{dx} + x\frac{2\sin y\cos y}{\cos^2 y} = x^3 \Rightarrow \sec^2 y\frac{dy}{dx} + 2x\tan y = x^3$] (111)

www.polytechnicpdf.com

11. $x \cos x \dfrac{dy}{dx} + y(x \sin x - \cos x) = 1$

[संकेत: $\dfrac{dy}{dx} + y\left(\tan x + \dfrac{1}{x}\right) = \dfrac{1}{x}\sec x$; I.F. $= e^{\int\left(\tan x + \frac{1}{x}\right)dx} = e^{\log \sec x + \log x} = x \sec x$]

12. $y\,dx - (x + 2y^2)\,dy = 0$ $\left[\text{संकेत: } \dfrac{dx}{dy} - \dfrac{1}{y}x = 2y\right]$

13. $(x + 2y^3)\,dy = y\,dx$ $\left[\text{संकेत: } \dfrac{dx}{dy} - \dfrac{1}{y}x = 2y^2\right]$

14. (i) $(x - \sin y)\,dy + \tan y\,dx = 0$

[संकेत: $\dfrac{dx}{dy} + (\cot y)\,x = \cos y$ $\therefore$ I.F. $= e^{\int \cos y\,dy} = \sin y$]

(ii) $(1 + y^2)\,dx = (\tan^{-1} y - x)\,dy$ **[2002, 2015]**

15. $y \log y \dfrac{dx}{dy} + x - \log y = 0$ **[1992]**

16. $(x + y + 1)\dfrac{dy}{dx} = 1$

17. $\dfrac{dy}{dx} + \dfrac{y}{x} = y^2 \log x$

18. $\dfrac{dy}{dx} = y \tan x - y^2 \sec x$

19. (i) $\dfrac{dy}{dx}(x^2y^3 + xy) = 1$ $\left[\text{संकेत: } \dfrac{dx}{dy} - xy = x^2y^3\right]$

(ii) $(x^3y^2 + xy)\,dx = dy$ **[1995]**

20. $(y \log x - 1)\,y\,dx = x\,dy$

[संकेत: $\dfrac{x\,dy}{dx} + y = y^2 \log x \Rightarrow y^{-2}\dfrac{dy}{dx} + y^{-1}\dfrac{1}{x}\,dx = \dfrac{1}{x}\log x$, अब $y^{-1} = z$ रखें]

21. $\dfrac{dy}{dx} + y \cos x = y^n \sin 2x$ **[1993]**

उत्तरमाला

1. $y = x^3 + cx$

2. $xy = \dfrac{x^4}{4} + C$

3. $y = -1 + C\,e^{x^2/2}$

4. $y(x^2 - 1) = \dfrac{1}{2}\log\dfrac{x-1}{x+1} + C$

5. $y\sqrt{1 - x^2} - x^2 = C$

6. (i) $y(\sec x + \tan x) = \sec x + \tan x - x + C$ (ii) $y = \cos x + c\cos^2 x$

7. (i) $y = \tan x - 1 + C\,e^{-\tan x}$ (ii) $y = x^2(1 + C\,e^x)$

www.polytechnicpdf.com

8. $y = \sin x - 1 + C\, e^{-\sin x}$

9. $x^2 y = \frac{x^4}{4} \log x - \frac{x^4}{16} + e$

10. $e^{x^2} \tan y = \frac{1}{2} e^{x^2} (x^2 - 1) + C$

11. $y\, x \sec x = \tan x + C$

12. $\frac{x}{y} = 2y + C$

13. $x = y^3 + Cy$

14. (i) $x \sin y = -\frac{1}{4} \cos 2y + C$

(ii) $x = \tan^{-1} y - 1 + ce^{-\tan^{-1} y}$

15. $x \log y = \frac{1}{2} (\log y)^2 + C$

16. $x + y + 2 = C\, e^y$

17. $\frac{1}{xy} = -\frac{(\log x)^2}{2} + C$

18. $\frac{1}{y} \sec x = \tan x + C$

19. (i) $1 + x\,(y^2 - 2 + C\, e^{-y^2/2}) = 0$

(ii) $e^{x^2/2} \left(\frac{1}{y} + x^2 - 2 \right) = C$

20. $1 - y\,(Cx + \log ex)$

□□□

www.polytechnicpdf.com

सब्सक्राइब &शेयर

https://www.youtube.com/polytechnicpdf/

Diploma की Special Videos के लिए अभी Subscribe करें।

Join us on Telegram

https://telegram.Dog/polytechnicpdf

Polytechnic की सभी प्रकार की Book Pdf Download करने के लिए अभी Visit करें। Telegram channel को।

https://www.instagram.com/_polytechnicpdf_

Instagram A/C को Follow करें।

https://www.polytechnicpdf.in

Polytechnic की सभी प्रकार की Notes Pdf Hindi Language में Free Of Cost प्राप्त करने के लिए अभी Visit करें।

**** Disclaimer ****

Polytechnic Diploma की इस पुस्तक के Pdf का किसी भी अंश को प्रकाशक की पुर्वानुमति के बिना कोई भी व्यक्ति या समुदाय इस Book की PDF को किसी भी Blog या Website पर Publish नहीं कर सकता हैं।

"यह PDF केवल विद्यार्थीयों की पढ़ाई में सहायता प्रदान करने की दृष्टि से तैयार किया गया है।"

अगर कोई व्यक्ति इस पुस्तक की इस PDf को किसी Blog , Website या किसी Social Media Plateform पर Publish/Upload करता हैं। तो ऐसा करने वाले पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा वह स्वयं समस्त हर्जे-खर्चे व हानि का जिम्मेदार होगा।

Email – info.polytechnicpdf@gmail.com

5 CHAPTER

उच्च क्रम के रैखिक अवकल समीकरण (Higher Order Linear Differential Equations)

5.1 परिभाषा (Definition)

5.1.1 रैखिक अवकल समीकरण (Linear Differential Equations)

ऐसे अवकल समीकरण जिनमें परतंत्र चर तथा उसके अवकल गुणांकों का घात एक होता है, रैखिक अवकल समीकरण कहलाते हैं।

nवें क्रम के रैखिक अवकल समीकरण को सामान्यत:

$$\frac{d^n y}{dx^n} + a_1 \frac{d^{n-1} y}{dx^{n-1}} + a_2 \frac{d^{n-2} y}{dx^{n-2}} + \ldots a_{n-1} \frac{dy}{dx} + a_n y = R$$

जहाँ $a_1, a_2, \ldots, a_n$ अचर तथा R शून्य अथवा x का फलन है, से व्यक्त किया जाता है तथा इसे अचर गुणांकों वाला रैखिक समीकरण (Linear Differential Equation with constant Coefficients) कहते हैं। जैसे $\frac{d^3 y}{dx^3} + a_1 \frac{d^2 y}{dx^2} + a_2 \frac{dy}{dx} + a_3 y = R$ तृतीय क्रम का रैखिक अवकल समीकरण है।

5.1.2 अवकल संकारक (Differential Operator)

अवकल समीकरणों को व्यक्त करने में हम सामान्यत: $\frac{d}{dx}$ के लिये प्रतीक D का प्रयोग करते हैं।

अत: $Dy = \frac{dy}{dx}, D^2 y = \frac{d^2 y}{dx^2}, D^3 y = \frac{d^3 y}{dx^3}, \ldots, D^n y = \frac{d^n y}{dx^n}$

जैसे $\frac{d^2 y}{dx^2} + 3\frac{dy}{dx} + 5y = 7$ को $D^2 y + 3Dy + 5y = 7$

या $(D^2 + 3D + 5)\, y = 7$ से व्यक्त किया जाता है।

नोट :

- $\frac{1}{D}$ एक बार समाकलन को $\frac{1}{D^2}$ दो बार समाकलन को बताता है। अर्थात्

$$\frac{1}{D} f(x) = \int f(x)\, dx, \frac{1}{D^2} = \frac{1}{D} \int f(x)\, dx = \int [\int f(x)\, dx]\, dx \text{ आदि।}$$

5.2 सम्पूर्ण हल (Complete Solution)

माना दिया गया रैखिक अवकल समीकरण

$$\frac{d^n y}{dx^n} + a_1 \frac{d^{n-1} y}{dx^{n-1}} + a_2 \frac{d^{n-2} y}{dx^{n-2}} - \ldots a_n y_n = R \qquad \ldots(1)$$

www.polytechnicpdf.com

हो तो इसका सम्पूर्ण हल या व्यापक हल (General Solution) दो चरणों में निकाला जाता है :
(i) पूरक फलन (Complementary Function) तथा (ii) विशेष समाकल (Particular Integral)
इन दोनों का योग समीकरण (1) का संपूर्ण हल देता है।
अर्थात् संपूर्ण हल (C.S.) = पूरक फलन (C.F.) + विशेष समाकल (P.I.)

$$\Rightarrow \qquad y = \text{C.F.} + \text{P.I.}$$

नोट :

- (i) यदि (1) में $R = 0$ अर्थात् दिया गया समीकरण समघाती हो तो P.I. = 0 अतः पूरक फलन ही संपूर्ण हल होता है।
- (ii) पूरक फलन मे स्वेच्छ अचरों की संख्या अवकल समीकरण के क्रम (order) के बराबर होती है, जबकि विशेष समाकल स्वेच्छ अचरों से मुक्त होता है।
- (iii) प्रतीक रूप में समीकरण $\frac{d^n y}{dx^n} + a_1 \frac{d^{n-1}y}{dx^{n-1}} + a_2 \frac{d^{n-2}y}{dx^{n-2}} + \ldots + a_{n-1}\frac{dy}{dx} + a_n y = R$ को निम्न रूप में भी व्यक्त कर सकते हैं : $f(D)\, y = R$.

5.3 पूरक फलन ज्ञात करना (To find Complementary Function)

माना nवें क्रम का अवकल समीकरण $(D^n + a_1 D + a_2 D^2 + \ldots + a_n)\, y = R$ ...(1)

है इसका पूरक फलन ज्ञात करने के लिए (1) का दायाँ पक्ष शून्य के बराबर लिखते हैं, अर्थात्

$$(D^n + a_1 D^{n-1} + a_2 D^{n-2} + \ldots + a_n) y = 0 \qquad \ldots(2)$$

अब (2) में $y = e^{mx}$ रखने से $(m^n + a_1 m^{n-1} + a_2 m^{n-2} + \ldots + a_n)\, e^{mx} = 0$

$[D^n e^{mx} = m^n e^{mx}, D^{n-1} e^{mx} = m^{n-1} e^{mx}$ आदि]

$$\Rightarrow \qquad m^n + a_1 m^{n-1} + a_2 m^{n-2} + \ldots + a_n = 0 \qquad \ldots(3)$$

इसे सहायक समीकरण (auxiliary equation) कहते हैं।

अब इसे हल करते हैं हल करने पर—

स्थिति I : यदि मूल वास्तविक तथा असमान हों : माना मूल $m_1, m_2, \ldots, m_n$ से दिए जाते हैं, तो पूरक फलन

$$y = C_1 e^{m_1 x} + C_2 e^{m_2 x} + \ldots + C_n e^{m_n x}$$

स्थिति II : यदि मूल वास्तविक तथा समान हों : माना r मूल समान m (माना) है तथा शेष असमान हैं तो पूरक फलन $y = (C_1 + C_2 x + C_3 x^2 + \ldots + C_r x^{r-1})\, e^{mx} + C_{r+1} e^{m_{r+1} x} + \ldots + C_n e^{m_n x}$

स्थिति III : यदि मूल काल्पनिक हों : माना मूल $\alpha + i\beta, \alpha - i\beta$ हैं, तो

$$y = e^{\alpha x}\, (A \cos \beta x + B \sin \beta x)$$

इसे इस रूप में भी व्यक्त किया जाता है :

$$y = C_1 e^{\alpha x} \sin(\beta x + C_2) \text{ या } C_1 e^{\alpha x} \cos(\beta x + C_2)$$

स्थिति (IV) : यदि मूल अपरिमेय हों : माना मूल $\alpha \pm \sqrt{\beta}, \gamma$ हों तो

$$y = e^{\alpha x}\, [C_1 \cosh \sqrt{\beta} x + C_2 \sinh \sqrt{\beta} x] + C_3 e^{\gamma x}$$

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. हल करें :

$$\frac{d^3 y}{dx^3} + 6\frac{d^2 y}{dx^2} + 11\frac{dy}{dx} - 6y = 0$$

[2006]

www.polytechnicpdf.com

हल : दिया गया समीकरण $\frac{d^3y}{dx^3}+6\frac{d^2y}{dx^2}+11\frac{dy}{dx}+6y=0$

$\Rightarrow$ $(D^3+6D^2+11D+6)\,y=0$ [$\frac{dy}{dx}=Dy, \frac{d^2y}{dx^2}=D^2y$ तथा $\frac{d^3y}{dx^3}=D^3y$ रखने पर]

$\therefore$ सहायक समीकरण (A. E.) $m^3+6m^2+11m+6=0$

$\Rightarrow$ $m^3+m^2+5m^2+5m+6m+6=0$ $\Rightarrow$ $m^2(m+1)+5m(m+1)+6(m+1)=0$

$\Rightarrow$ $(m+1)(m^2+5m+6)=0$ $\Rightarrow$ $(m+1)\{m^2+2m+3m+6)\}=0$

$\Rightarrow$ $(m+1)\{m(m+2)+3(m+2)\}=0$ $\Rightarrow$ $(m+1)(m+2)(m+3)=0$

$\Rightarrow$ $\therefore$ $m=-1,-2,-3$

m के ये मान वास्तविक तथा भिन्न हैं

$\therefore$ पूरक फलन (C.F.) $y=C_1e^{-x}+C_2e^{-2x}+C_3e^{-3x}$

यह अभीष्ट व्यापक हल है।

उदाहरण 2. $(D^3-2D^2-4D+8)\,y=0$ को हल करें। **[2007]**

हल : दिया गया समीकरण $(D^3-2D^2-4D+8)y=0$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A. E.) $m^2-2m^2-4m+8=0$

$\Rightarrow$ $m^2(m-2)-4(m-2)=0$ $\Rightarrow$ $(m-2)(m^2-4)=0$

$\Rightarrow$ $(m-2)(m-2)(m+2)=0$ $\therefore$ $m=2,2,-2$

$\therefore$ पूरक फलन (C.F.) $y=(C_1+C_2x)\,e^{2x}+C_3\,e^{-2x}$

यह अभीष्ट सम्पूर्ण हल है। [$\because$ यह समघाती समीकरण है]

उदाहरण 3. $\frac{d^4y}{dx^4}-a^4y=0$ को हल करें।

हल : प्रश्न से दिया गया समीकरण $(D^4-a^4)\,y=0$

$\therefore$ सहायक समीकरण $m^4-a^4=0$

$\Rightarrow$ $(m^2-a^2)(m^2+a^2)=0$ $\Rightarrow$ $\{(m)^2-(a)^2\}\{(m)^2-(ia)^2\}=0$ [$\because i^2=-1$]

$\Rightarrow$ $(m+a)(m-a)(m+ia)(m-ia)=0$ $\therefore$ $m=-a, a, -ia, ia$

अतः पूरक फलन $y=C_1e^{-ax}+C_2e^{ax}+\{C_3\cos ax+C_4\sin ax\}$

यह अभीष्ट सम्पूर्ण हल है। [$\because$ दिया गया समीकरण समघाती है]

उदाहरण 4. अवकल समीकरण $(D^2-2D+2)\,y=0$ को हल कीजिए जबकि $t=0$ पर $y=Dy=1$ **[2005]**

हल : दिया गया समीकरण $(D^2-2D+2)\,y=0$

$\therefore$ सहायक समीकरण $m^2-2m+2=0$

$\Rightarrow$ $m=\frac{-(-2)\pm\sqrt{(2)^2-4\times1\times2}}{2\times1}=\frac{2\pm\sqrt{-4}}{2}=\frac{2\pm2\sqrt{-1}}{2}=1\pm i$ [श्रीधराचार्य विधि से]

ये काल्पनिक मूल हैं।

$\therefore$ पूरक फलन $y=e^t\,(A\cos t+B\sin t)$ [$\because 1\pm i$ में $\alpha=1,\beta=1$] ...(1)

प्रश्न से, $t=0$ पर $y=1$ $\therefore$ $1=e^0\,(A\cos 0+B\sin 0)$ [(1) से]

$\Rightarrow$ $1=1\,(A\times1+B\times0)$ $\Rightarrow$ $A=1$

(1) को अवकलित करने पर $Dy=e^t\,(-A\sin t+B\cos t)+e^t\,(A\cos t+B\sin t)$

अब $t=0$ पर $Dy=1$ $1=e^0\,\{-A\sin 0+B\cos 0+A\cos 0+B\sin 0)$

$\Rightarrow$ $1=B+A$ [$\because \sin 0=0, \cos 0=1, e^0=1$]

www.polytechnicpdf.com

$\Rightarrow \quad B = 1 - A = 1 - 1 = 0 \qquad [\because A = 1]$

(1) में A तथा B का मान रखने पर $\quad y = e^t (1 \times \cos t + 0 \times \sin t) \quad \Rightarrow y = e^t \cos t$

यह अभीष्ट सम्पूर्ण हल है।

उदाहरण 5. हल करें :

$$(D^4 + K^4) y = 0$$

हल : सहायक समीकरण $m^4 + K^4 = 0$

$\Rightarrow \quad (m^2)^2 + 2m^2K^2 + K^4 - 2m^2K^2 = 0 \quad \Rightarrow (m^2 + K^2)^2 - (\sqrt{2}\, mK)^2 = 0$

$\Rightarrow \quad (m^2 + K^2 + \sqrt{2}\, mK)(m^2 + K^2 - 2\, mk) = 0$

$\Rightarrow \quad m^2 + K^2 + \sqrt{2}\, mK = 0$ तथा $m^2 + K^2 - \sqrt{2}\, mK = 0$

$\Rightarrow \quad m = \dfrac{-\sqrt{2}K \pm \sqrt{2k^2 - 4K^2}}{2}$ तथा $m = \dfrac{\sqrt{2}K \pm \sqrt{2K^2 - 4K^2}}{2}$ (श्रीधराचार्य विधि से हल करने पर)

$\Rightarrow \quad m = \dfrac{-K}{\sqrt{2}} \pm i \dfrac{K}{\sqrt{2}}$ तथा $m = \dfrac{K}{\sqrt{2}} \pm i \dfrac{K}{\sqrt{2}}$

$\therefore$ पूरक फलन $y = e^{-\frac{Kx}{2}} \left[C_1 \cos\left(\dfrac{Kx}{\sqrt{2}}\right) + C_2 \sin\left(\dfrac{Kx}{\sqrt{2}}\right)\right] + e^{\frac{Kx}{\sqrt{2}}} \left[C_3 \cos\left(\dfrac{Kx}{\sqrt{2}}\right) + C_4 \sin\left(\dfrac{Kx}{\sqrt{2}}\right)\right]$

यह अभीष्ट हल है।

उदाहरण 6. हल करें :

$$\frac{d^4y}{dx^4} - 2\frac{d^3y}{dx^3} - \frac{2dy}{dx} - y = 0.$$

हल : सहायक समीकरण $m^4 - 2m^3 - 2m - 1 = 0$

$\Rightarrow \quad m^4 - 1 - 2m(m^2 + 1) = 0 \qquad \Rightarrow (m^2 + 1)(m^2 - 1) - 2m(m^2 + 1) = 0$

$\Rightarrow (m^2 + 1)\{m^2 - 2m - 1\} = 0 \qquad \Rightarrow m^2 = -1$ तथा $m^2 - 2m - 1 = 0$

$\therefore \quad m = 0 \pm i, 1 \pm \sqrt{2}$ [हल करने पर]

अतः पूरक फलन $y = e^{0x} (C_1 \cos x + C_2 \sin x) + e^x (C_3 \cosh \sqrt{2}\, x + C_4 \sinh \sqrt{2}\, x)$

या $\quad y = C_1 \cos x + C_2 \sin x + e^x (C_3 \cosh \sqrt{2}\, x + C_4 \sinh \sqrt{2}\, x)$

यह अभीष्ट हल है।

स्मरणीय तथ्य

1. nवें क्रम का रैखिक अवकल समीकरण :

$$\frac{d^ny}{dx^n} + a_1 \frac{d^{n-1}y}{dx^{n-1}} + a_2 \frac{d^{n-2}y}{dx^{n-2}} + \ldots + a_n y = R$$

या $\quad (D^n + a_1 D^{n-1} + \ldots + a_n) y = R, \quad [\dfrac{d}{dx} \equiv D$ लेने पर]

जहाँ $a_1, a_2, \ldots, a_n$ अचर हैं तथा R शून्य अथवा x का फलन है।

2. सम्पूर्ण हल (C.S.) = पूरक फलन (C.F.) + विशेष समाकल (P.I.)

यदि $R = 0$ तो

सम्पूर्ण हल = पूरक फलन।

www.polytechnicpdf.com

3. **सहायक समीकरण :** रैखिक अवकल समीकरण (1) में बायें पक्ष में D की जगह m रखकर शून्य के बराबर करने सहायक समीकरण प्राप्त होता है।

$$m^n + a_1 m^{n-1} + \ldots - a_n = 0$$

4. **पूरक फलन ज्ञात करना :** सहायक समीकरण $m^n + a_1 m^{n-1} + \ldots + a_n = 0$ को हल कर $m = m_1, m_2, \ldots, m_n$ मूल प्राप्त करें।

(i) अब यदि मूल $m_1, m_2, \ldots, m_n$ वास्तविक एवं भिन्न हैं, तो पूरक फलन

$$y = C_1 e^{m_1 x} + C_2 e^{m_2 x} + \ldots + C_n e^{m_n x}$$

(ii) यदि मूल वास्तविक एवं समान हैं :

माना $m = m_1, m_1, m_2, m_2, m_2, m_3$, तो पूरक फलन (C.F.)

$$y = (C_1 - C_2 x) e^{m_1 x} - (C_3 + C_4 x + C_5 x^2) e^{m_2 x} + C_6 e^{m_3 x}$$

(iii) यदि मूल काल्पनिक हों : माना $m = \alpha + i\beta, m_1$ तो पूरक फलन

$$y = e^{\alpha x} (A \cos \beta x + B \sin \beta x) + C e^{m_1 x}$$

या $C_1 e^{\alpha x} \sin(\beta x + C_2) + C_3 e^{m_1 x}$ या $C_1 e^{\alpha x} \cos(\beta x + C_2) + C_3 e^{m_1 x}$

(iv) यदि मूल अपरिमेय हैं : माना मूल $\alpha \pm \sqrt{\beta}, m_1$ हों तो पूरक फलन

$$y = e^{\alpha x} [C_1 \cosh \sqrt{\beta} x + c_2 \sinh \sqrt{\beta} x] + C_3 e^{m_1 x}$$

प्रश्नावली 5.1

हल करें :

1. $2\dfrac{d^2y}{dx^2} - 3\dfrac{dy}{dx} + y = 0$

2. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 8\dfrac{dy}{dx} + 15y = 0$

3. $\dfrac{d^2y}{dx^2} + \dfrac{dy}{dx} - 30y = 0$

4. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 7\dfrac{dy}{dx} + 12y = 0$

5. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 6\dfrac{dy}{dx} + 9y = 0$

6. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 8\dfrac{dy}{dx} + 16y = 0$

7. $(D^4 - 2D^3 - 3D^2 + 4D + 4)\, y = 0$

8. $(D-1)^3 (D^2 - 4)(D+2)\, y = 0$ [संकेत : $m = 1, 1, 1, 2, -2, -2$]

9. $\dfrac{d^3y}{dx^3} - 8y = 0$

10. $(D^2 + \mu^2)\, y = 0$

11. $\dfrac{d^2x}{dt^2} - 3\dfrac{dx}{dt} + 2x = 0$, जहाँ जब $t = 0, x = 0$ तथा $\dfrac{dx}{dt} = 0$

12. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 3\dfrac{dy}{dx} + 2y = 0$, जबकि $y(0) = 0$ तथा $y'(0) = 1$

13. $\dfrac{d^4y}{dx^4} - 4\dfrac{d^3y}{dx^3} + 8\dfrac{d^2y}{dx^2} - 8\dfrac{dy}{dx} + 4y = 0$ [संकेत : $(D^2 - 2D + 2)^2\, y = 0$]

14. $\dfrac{d^3y}{dx^3} - 6\dfrac{d^2y}{dx^2} + 9\dfrac{dy}{dx} - 2 = 0$ [संकेत : $(D-2)(D^2 - 4D + 1)^2\, y = 0$]

www.polytechnicpdf.com

15. $\frac{d^2x}{dt^2}+\mu x=0$ जबकि $\mu>0$, $\frac{dx}{dt}=0$, $x=a$ जब $t=\frac{\pi}{\sqrt{\mu}}$

उत्तरमाला

1. $y=C_1e^x+C_2e^{x/2}$
2. $y=C_1e^{2x}+C_1e^{5x}$
3. $y=C_1e^{5x}+C_2e^{6x}$
4. $y=C_1e^{4x}+C_2e^{3x}$
5. $y=(C_1+C_2x)e^{3x}$
6. $y=(C_1+C_2x)e^{4x}$
7. $y=(C_1+C_2x)e^{-x}+(C_3+C_4x)e^{2x}$
8. $y=(C_1+C_2x+C_3x^2)e^x+C_4e^{2x}+(C_5+C_6x)e^{-2x}$
9. $y=e^{-x}(C_1\cos\sqrt{3}x+C_2\sin\sqrt{3}x)+C_3e^{2x}$
10. $y=C_1\cos\mu x+C_2\sin\mu x$
11. $x=0$
12. $y=-e^x+e^2x$
13. $e^x\{(C_1+C_2x)\cos x+(C_3+C_4x)\sin x\}$
14. $y=C_1e^{2x}+e^{2x}[A\cosh\sqrt{3}x+B\sinh\sqrt{3}x]$
15. $-a\cos\sqrt{\mu t}$

5.4 विषमघातीय अवकल समीकरण एवं उनका सम्पूर्ण हल (Non-homogeneous Differential Equations and Their Complete Solution)

माना $\frac{d^ny}{dx^n}+a_1\frac{d^{n-1}y}{dx^{n-1}}+a_2\frac{d^{n-2}y}{dx^{n-2}}+\ldots+a_ny=g(x),\ g(x)\neq 0$

$\Rightarrow\ (D^n+a_1D^{n-1}+a_2D^{n-2}+\ldots+a_n)y=g(x),\ g(x)\neq 0$

$\Rightarrow\ f(D)y=g(x),\ g(x)\neq 0$ को विषमघातीय अवकल समीकरण कहते हैं। ...(1)

तथा इसका सम्पूर्ण हल (Complete Solution) = पूरक फलन (C.F.) + विशेष समाकलन (P.I.)

हम धारा 5.3 में पूरक फलन ज्ञात करने की विधि सीख चुके हैं, जो समघातीय तथा विषमघातीय दोनों प्रकार के अवकल समीकरणों के लिए समान है।

अब हम विशेष समाकल ज्ञात करने की विधि सीखेंगे।

5.4.1. प्रतिलोम संकारक (Inverse Operator) $\frac{1}{f(D)}$:

$\frac{1}{f(D)}g(x)$ एक ऐसा फलन है जिस पर $f(D)$ की संक्रिया (Operation) करने पर $g(x)$ प्राप्त होता है, अर्थात्

$$f(D)\left[\frac{1}{f(D)}g(x)\right]=g(x)$$

अतः $f(D)$ तथा $\frac{1}{f(D)}$ व्युत्क्रम क्रियायें हैं।

इसी तरह $\frac{1}{D}g(x)=\int g(x)\,dx \qquad \left[\because D=\frac{d}{dx}\right]$

5.4.2 विशेष समाकल (Particular Integral) :

माना $f(D)y=g(x)$ कोई विषमघातीय अवकल समीकरण है तो $\frac{1}{f(D)}g(x)$, इसका विशेष समाकल कहलाता है।

www.polytechnicpdf.com

5.4.3 विशिष्ट स्थितियों में विशेष समाकल (Particular Integral in Some Special Cases) :

नीचे हम $g(x)$ के विशिष्ट प्रारूपों का विशेष समाकल ज्ञात करना सीखेंगे।

Type I. जब $g(x) = e^{ax}$

इस स्थिति में विशेष समाकल

सर्वप्रथम (i) $\text{P.I.} = \dfrac{g(x)}{f(D)} = \dfrac{e^{ax}}{f(D)}$ के रूप में लिखें।

$f(D)$ में $x = a$ रखकर $f(a)$ का मान निकालें।

अब यदि (a) $f(a) \neq 0$, तो $\text{P.I.} = \dfrac{e^{ax}}{f(a)}$

(b) यदि $f(a) = 0$ तथा $f'(a) \neq 0$

तो $\text{P.I.} = \dfrac{1}{f(D)} e^{ax} = x \dfrac{1}{f'(a)} e^{ax}$

इसी तरह यदि $f''(a) = 0$, $\text{P.I.} = x^2 \dfrac{1}{f''(a)} e^{ax}$

वैकल्पिक विधि : यदि $f(a) = 0$ तो

(i) $f(D)$ का गुणनखण्ड करें।

(ii) जिस गुणनखंड में $D = a$ रखने पर शून्य होता है, उसमें $D = D + a$ रखें।

(iii) अन्य गुणनखंडों में $D = a$ रखें।

(iv) (ii) तथा (iii) से प्राप्त परिणाम को $e^{ax} \dfrac{1}{f(D+a)} \times 1$ के रूप में रखकर मान निकालें।

(देखें उदाहरण 3)

कार्य विधि आगे के उदाहरणों से स्पष्ट है।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. हल कीजिए ;

$$\frac{d^2y}{dx^2} - 5\frac{dy}{dx} + 6y = e^{4x}.$$

[2013]

हल : दिया गया समीकरण

$$\frac{d^2y}{dx^2} - 5\frac{dy}{dx} + 6y = e^{4x} \quad \Rightarrow \quad (D^2 - 5D + 6)\,y = e^{4x} \qquad \ldots(1)$$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 - 5m + 6 = 0 \quad \Rightarrow \quad (m-3)(m-2) = 0$

$\Rightarrow \quad m = 3, m = 2 \qquad \therefore$ पूरक फलन (C.F.) $y = C_1 e^{3x} + C_2 e^{2x} \qquad \ldots(2)$

(1) से,

$$\text{P.I.} = \frac{1}{D^2 - 5D + 6} e^{4x} = \frac{1}{4^2 - 5 \times 4 + 6} e^{4x} \qquad [D = 4 \text{ रखने पर}]$$

$$= \frac{1}{16 - 20 + 6} e^{4x} = \frac{1}{2} e^{4x}$$

$\therefore$ संपूर्ण हल (C.S.) = C.F. + P.I. $y = c_1 e^{3x} + c_2 e^{2x} + \dfrac{1}{2} e^{4x}$ उत्तर

www.polytechnicpdf.com

उदाहरण 2. हल करें $\frac{d^2y}{dx^2} - \frac{3dy}{dx} + 2y = e^{2x}$ [2011]

हल : दिया गया समीकरण $\frac{d^2y}{dx^2} - \frac{3dy}{dx} + 2y = e^{2x} \Rightarrow (D^2 - 3D + 2)y = e^{2x}$ ...(1)

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 - 3m + 2 = 0 \Rightarrow m = 2, 1$

पूरक फलन (C.F.) $y = c_1 e^x + c_2 e^{2x}$ ...(2)

विशेष समाकल (P.I.) $= \frac{1}{f(D)} e^{2x} = \frac{1}{D^2 - 3D + 2} e^{2x}$ [(1) से]

$D = 2$ से $f(2) = 0$

अतः $\frac{1}{f(D)} e^{2x} = x \frac{1}{f'(D)} e^{2x} = x \frac{1}{2D - 3} e^{2x}$

पुनः $D = 2$ रखने पर, $\text{P.I} = x \times \frac{1}{2 \times 2 - 3} e^{2x} = \frac{xe^{2x}}{1} = xe^{2x}$ ...(3)

$\therefore$ सम्पूर्ण हल = C.F. + P.I. $= C_1 e^x + C_2 e^{2x} + xe^{2x}$ [(2) तथा (3) से]

उदाहरण 3. हल करें : $(D^2 + 4D + 4)y = e^{2x} - e^{-2x}$

हल : प्रश्न से $(D^2 + 4D + 4)y = e^{2x} - e^{-2x}$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 + 4m + 4 = 0 \Rightarrow (m + 2)^2 = 0$

$\Rightarrow m = -2, -2$ $\therefore$ C.F. $= (C_1 + C_2 x) e^{-2x}$

अब P.I. $= \frac{1}{(D+2)^2}(e^{2x} - e^{-2x}) = \frac{1}{(D+2)^2} e^{2x} - \frac{1}{(D+2)^2} e^{-2x}$

अब $\frac{1}{(D+2)^2} e^{2x} = \frac{e^{2x}}{(2+2)^2} = \frac{1}{16} e^{2x}$ [$D = 2$ रखने पर $\because f(2) \neq 0$]

तथा $\frac{1}{(D+2)^2} e^{-2x} = \frac{1}{(D+2)^2} e^{-2x} \times 1$ [यहाँ $f(-2) = 0$]

$= e^{-2x} \times \frac{1}{\{(D-2)+2\}^2} \times 1 = e^{-2x} \frac{1}{D^2}(1) = e^{-2x} \frac{1}{D}\left\{\frac{1}{D}(1)\right\}$

$= e^{-2x} \frac{1}{D} x = e^{-2x} \frac{x^2}{2}$ $\left[\because \frac{1}{D} = \int dx = x \Rightarrow \frac{1}{D} x = \int z\, dx = \frac{x}{2}\right]$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल (C.S.) = C.F. + P.I. $= (C_1 + C_2 x) e^{-2x} + \frac{1}{16} e^{2x} - \frac{1}{2} x^2 e^{-2x}$

Type II. Case I. जब $g(x) = \sin ax$ या $\cos ax$ तथा $f(-a^2) \neq 0$

विशेष समाकल (P.I.) $= \frac{1}{f(D^2)} \sin ax$ या $\frac{1}{f(D^2)} \cos ax$

अब (i) $f(D^2)$ में $D^2 = -a^2, D^3 = -a^2 D, D^4 = (D^2)^2 = (-a^2)^2 = a^4$ आदि रखें।

तथा P.I. की गणना करें।

(ii) यदि (i) की क्रिया के बाद हर में $\alpha D \pm \beta$ के रूप का व्यंजक बच जाए तो हर तथा अंश में संयुग्मी $\alpha D \mp \beta$ से गुणा करें तथा हर में $D^2 = -a^2$ रखें। तत्पश्चात् अंश के फलन के साथ D अर्थात् अवकलन की क्रिया करें।

[देखें उदाहरण 4]

Case II. यदि $g(x) = \sin ax$ या $\cos ax$ तथा $f(-a^2) = 0$ तो विशेष समाकल

www.polytechnicpdf.com

(i) $\frac{1}{f(D^2)} \sin ax = x \frac{1}{f'(-a^2)} \sin ax$ यदि $f'(-a^2) \neq 0$

(ii) $\frac{1}{f(D^2)} \cos ax = x \frac{1}{f'(-a^2)} \cos ax$ यदि $f'(-a^2) \neq 0$

नोट :

- यदि $f'(-a^2) = 0$ हो तो प्रक्रिया दुहरायें।

उदाहरण 4. हल करें :

$$\frac{d^2y}{dx^2} + 3\frac{dy}{dx} + 2y = \sin 2x$$

हल : दिए गए समीकरण मे

$(D^2 + 3D + 2)\, y = \sin 2x$ $\quad\therefore$ सहायक समीकरण $m^2 + 3m + 2 = 0$

$\Rightarrow (m+1)(m+2) = 0$ $\quad\Rightarrow m = -1, -2$

$\therefore$ C.F. $= C_1 e^{-x} + C_2 e^{-2x}$

विशेष समाकल $= \frac{1}{D^2 + 3D + 2} \sin 2x = \frac{1}{-2^2 + 3D + 2}$ [$D^2 = -a^2 = -2^2$ रखने पर]

$$= \frac{1}{3D+2} \sin 2x = \frac{3D-2}{(3D+2)(3D-2)} \sin 2x$$

$$= \frac{3D-2}{9D^2 - 4} \sin 2x = \frac{3D-2}{9 \times (-4) - 4} \sin 2x \quad [D^2 = -4 \text{ रखने पर}]$$

$$= \frac{1}{-40}[3D(\sin 2x) - 2\sin 2x] = \frac{1}{-40}[3 \times 2\cos 2x - 2\sin 2x]$$

$$= \frac{1}{-20}[3\cos 2x - \sin 2x]$$

$\therefore$ व्यापक हल (C.S.) $\quad y = C_1 e^{-x} + C_2 e^{-x} - \frac{1}{20}[3\cos 2x - \sin 2x]$

उदाहरण 5. हल करें :

$$\frac{d^2y}{dx^2} + 4y = e^x + \sin 2x$$

[2000]

हल : दिये गये समीकरण का सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 + 4 = 0 \Rightarrow m^2 = -4 \Rightarrow m = \pm 2i = 0 \pm 2i$

$\therefore$ पूरक फलन (C.F.) $= e^0 [C_1 \cos 2x + C_2 \sin 2x] = C_1 \cos 2x + C_2 \sin 2x$

तथा विशेष समाकलन (P.I.) $= \frac{1}{D^2+4}(e^x + \sin 2x) = \frac{1}{D^2+4} e^x + \frac{1}{D^2+4} \sin 2x$

$$= \frac{1}{1^2+4} e^x + x\left[\frac{1}{2D} \sin 2x\right]$$

[$\because D^2 + 4$ के अवकलन से $D^2 = -2^2$ रखने पर $f(-2^2) = 0$]

$$= \frac{1}{5} e^x + \frac{x}{2} \int \sin 2x\, dx \qquad \left[\because \frac{f(x)}{D} = \int f(x)\, dx\right]$$

$$= \frac{1}{5} e^x + \frac{x}{2} \times \frac{1}{2}(-\cos 2x) = \frac{1}{5} e^x - \frac{x}{4} \cos 2x$$

www.polytechnicpdf.com

$\therefore$ व्यापक हल (C.S.) $\quad y = \text{C.F.} + \text{P.I.} = C_1 \cos 2x + C_2 \sin 2x + \frac{1}{5} e^x - \frac{x}{4} \cos 2x$

उदाहरण 6. हल करें :

$$\frac{d^2y}{dx^2} + y = \sin x \sin 2x$$

हल : सहायक समीकरण (A.E.) $\quad m^2 - 1 = 0 \quad \Rightarrow \quad m^2 = -1 \quad \Rightarrow \quad m = 0 \pm i$

$\therefore$ पूरक फलन (C.F.) $y = e^0 (C_1 \cos x + C_2 \sin x) = C_1 \cos x + C_2 \sin x \quad [\because e^0 = 1]$

तथा विशेष समाकल (P.I.)

$$= \frac{1}{D^2+1} \sin x . \sin 2x = \frac{1}{D^2+1} \times \frac{1}{2} \times 2 \sin x \sin 2x$$

$$= \frac{1}{2} \frac{1}{D^2+1} [\cos(2x - x) - \cos(2x + x)]$$

$[\because \cos(C - D) - \cos(C + D) = 2 \sin C . \sin D]$

$$= \frac{1}{2} \times \frac{1}{D^2+1} [\cos x - \cos 3x] = \frac{1}{2} \times \left[\frac{1}{D^2+1} \cos x - \frac{1}{D^2+1} \cos 3x \right]$$

$$= \frac{1}{2} [y_1 - y_2] \qquad \ldots(1)$$

जहाँ $y_1 = \frac{1}{D^2+1} \sin x$ तथा $y_2 = \frac{1}{D^2+1} \cos 3x$

अब $y_1 = \frac{1}{D^2+1} \cos x = x \frac{1}{2D} \cos x \qquad [\because D^2 = -1^2$ से $f(-1^2) = 0]$

$$= \frac{x}{2} \int \cos x \, dx = \frac{x}{2} \sin x$$

तथा $y_2 = \frac{1}{D^2+1} \cos 3x = \frac{1}{-3^2+1} \cos 3x = -\frac{1}{8} \cos 3x$

$\therefore$ विशेष समाकल (P.I.) $= \frac{1}{2} \left[\frac{x}{2} \sin x + \frac{1}{8} \cos 3x \right]$ [(1) में y_1 तथा y_2 का मान रखने पर]

$\therefore$ सम्पूर्ण हल (C.S.) $= \text{C.F.} + \text{P.I.} = C_1 \cos x + C_2 \sin x + \frac{1}{4} x \sin x + \frac{1}{16} \cos 3x$

स्मरणीय तथ्य

1. **विषमघातीय अवकल समीकरणों का हल :** यदि समीकरण $f(D) y = g(x)$ हो, तो

(a) पूरक फलन : इसे ज्ञात करने की विधि वही है जो समघातीय रैखिक अवकल समीकरण की है। यह विधि धारा 5.3 में बतायी गयी है

(b) विशेष समाकल (Particular Integral) : $\frac{1}{f(D)} g(x)$

(1) (a) यदि $g(x) = e^{ax}$ तो P.I. $= \frac{e^{ax}}{f(a)}$ यदि $f(a) \neq 0$

(b) यदि $f(a) = 0$ तो P.I. $= x \frac{e^{ax}}{f'(a)}$ यदि $f'(a) \neq 0$

www.polytechnicpdf.com

अथवा

$f(D)$ का गुणनखण्ड कर जिस गुणनखंड में $D = a$ रखने से शून्य होता है उसमें $D = D + a$ तथा शेष जगह $D = a$ रखें।

(2) यदि $g(x) = \sin ax$ या $\cos ax$

तो (a) विशेष समाकल (P.I.) $= \dfrac{\sin ax \text{ या } \cos ax}{f(D^2)} = \dfrac{\sin ax \text{ या } \cos ax}{f(-a^2)}$, यदि $f(-a^2) \neq 0$

(b) यदि $f(-a)^2 = 0$ तो P.I. $= \dfrac{x \sin ax \text{ या } \cos ax}{f'(-a^2)}$ यदि $f'(-a^2) \neq 0$

(3) यदि $g(x) = \sinh ax$ या $\cosh ax$ तो विशेष समाकल (P.I.) $= \dfrac{g(x)}{f(D^2)}$ में $D^2 = a^2$ रखें।

अथवा

$\sinh ax = \dfrac{e^{ax} - e^{-ax}}{2}$ तथा $\cosh ax = \dfrac{e^{ax} + e^{-ax}}{2}$ रखकर (1) में बताई गई विधि से हल करें।

प्रश्नावली 5.2

निम्न अवकल समीकरणों को हल करें :

1. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 7\dfrac{dy}{dx} + 6y = e^{2x}$

2. $\dfrac{d^2y}{dx^2} + 6\dfrac{dy}{dx} + 9y = 5e^{3x}$

3. $\dfrac{d^2y}{dx^2} + 2\dfrac{dy}{dx} + 2y = \sinh x$ [संकेत : P.I. $\dfrac{1}{D^2 + 2D + 2} \sinh x = \dfrac{1}{D^2 + 2D + 2} \dfrac{(e^x - e^{-x})}{2}$]

4. $\dfrac{d^2y}{dx^2} + 4\dfrac{dy}{dx} + 5y = -2\cosh x$

5. $\dfrac{d^2y}{dx^2} + 31\dfrac{dy}{dx} + 240y = 272e^{-x}$

6. $(D^3 + 2D^2 - D - 2)y = e^x$

7. $\dfrac{d^3y}{dx^2} - \dfrac{d^2y}{dx^2} + 4\dfrac{dy}{dx} - 4y = e^x$

8. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 4y = (1 + e^x)^2$

[संकेत : P.I. $= \dfrac{1}{D^2 - 4}(1 + e^x)^2 = \dfrac{1}{D^2 - 4}(1 + 2e^x + e^{2x}) = \dfrac{1}{D^2 - 4}(e^{0x} + 2e^x + e^{2x})$]

9. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 2a\dfrac{dy}{dx} + a^2y = e^{ax}$

10. $\dfrac{d^3y}{dx^3} - \dfrac{d^2y}{dx^2} - 18y = 2^x$ [संकेत : $2^x = e^{x \log 2}$]

11. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 3\dfrac{dy}{dx} + 2y = \cos 3x$

12. (i) $\dfrac{d^2y}{dx^2} + a^2y = \sin ax$ (ii) $\dfrac{d^2y}{dx^2} + a^2y = \cos ax$

13. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 4y = \cos^2 x$

www.polytechnicpdf.com

14. (i) $\frac{d^3y}{dx^3} - 3\frac{d^2y}{dx^2} + 4\frac{dy}{dx} - 2y = e^x + \cos x$ [2001, 13]

(ii) $\frac{d^2y}{dx^2} - 4y = e^x + \sin 2x$ [2000]

15. $\frac{d^2y}{dx^2} + 9y = \sin x \,.\, \cos 2x$

16. (i) $\frac{d^3y}{dx^3} + 5\frac{dy}{dx} = \sinh 2x$ (ii) $\frac{d^2y}{dx^2} + 4\frac{dy}{dx} + 5y = -2\cosh x$

(iii) $\frac{d^2y}{dx^2} - \frac{dy}{dx} - 6y = e^x \cosh 2x$

उत्तरमाला

1. $y = C_1 e^x + C_2 e^{6x} - \frac{1}{4}e^{2x}$

2. $y = (C_1 + C_2 x)e^{-3x} + 5\frac{e^{3x}}{36}$

3. $y = e^{-x}\left[C_1 \cos x + C_2 \sin x\right] + \frac{e^x}{10} - \frac{e^{-x}}{10}\Big]$

4. $y = e^{-2x}(C_1 \cos x + C_2 \sin x) - \frac{1}{10}e^x - \frac{e^{-x}}{2}$

5. $y = C_1 e^{-15x} + C_2 e^{-16x} + \frac{136}{105}e^{-x}$

6. $y = C_1 e^{-x} + C_2 e^{-x} + C_3 e^{-2x} + \frac{1}{6}xe^x$

7. $y = C_1 e^x + C_2 \cos 2x + C_3 \sin 2x + \frac{xe^x}{5}$

8. $y = C_1 e^{2x} + C_2 e^{-2x} - \frac{1}{4} - \frac{2}{3}e^x + \frac{x}{4}e^{2x}$

9. $y = (C_1 + C_2 x)e^{ax} + \frac{x^2}{2}e^{ax}$

10. $y = C_1 e^{3x} + e^{-x}(C_2 \cos\sqrt{3}\,x + C_3 \sin\sqrt{3}\,x + \frac{2^x}{(\log 2)^3 - (\log 2)^2 - 18}$

11. $y = C_1 e^x + C_2 e^{2x} - \frac{1}{130}(9\sin 3x + 7\cos 3x)$

12. (i) $y = C_1 \cos ax + C_2 \sin ax - \frac{x}{2a}\sin ax$ (ii) $y = C_1 \cos ax + C_2 \sin ax + \frac{x}{2a}\cos ax$

13. $y = C_1 e^{2x} + C_2 e^{-2x} - \frac{1}{8} - \frac{\cos 2x}{16}$

14. (i) $y = C_1 e^x + (C_2 \cos x + C_3 \sin x)e^x + x e^x + \frac{1}{10}(3\sin x + \cos x)$

(ii) $y = C_1 e^{2x} + C_2 e^{-2x} - e^x/3 \; \frac{\sin 2x}{8}$

15. $y = C_1 \cos 3x + C_2 \sin 3x - \frac{1}{12}x\cos 3x - \frac{1}{16}\sin x$

www.polytechnicpdf.com

16. (i) $y = C_1 + (C_2 \cos\sqrt{5}\,x + C_3 \sin\sqrt{5}\,x + \frac{1}{18}\cosh 2x$

(ii) $y = e^{-2x}(C_1 \cos x + C_2 \sin x) - \frac{1}{10}e^{x} - \frac{1}{2}e^{-x}$

(iii) $y = C_1 e^{3x} + C_2 e^{-2x} + \frac{1}{10}xe^{3x} - \frac{1}{3}e^{x}$

Type III.

जब $g(x) = x^n$ या $(ax+b)^n$, विशेष समाकल $= \dfrac{x^n}{f(D)}$

कार्य विधि : Step I. $f(D)$ को D के घातें के आरोही क्रम में सजायें।

Step II. निम्नतम घात वाले पद को सर्वनिष्ठ (common factor) के रूप में बाहर निकालें जिससे पहला पद इकाई हो जाए।

Step III. Step II से प्राप्त परिणाम की सहायता से $\dfrac{x^n}{f(D)}$ को $[1+f(D)]^{-n}x^n$ या $[1-f(D)]^{-n}x^n$ रूप में व्यक्त करें।

Step IV. तत्पश्चात् द्विपद प्रमेय से $[1 \pm f(D)]^{-n}$ को आरोही घातों में nवीं घात (x की घात तक) प्रसार करें तथा D की घातों के अनुरूप अवकलन की क्रिया करें।

क्रिया विधि आगे के उदाहरणों से स्पष्ट है।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. हल करें :

$$\frac{d^2y}{dx^2} - 4y = x^2$$

हल : प्रतीक रूप में लिखने पर $\quad (D^2 - 4)\,y = x^2$

$\therefore$ सहायक समीकरण $m^2 - 4 = 0 \quad \Rightarrow \quad m = \pm 2$

$\therefore$ पूरक फलन (C.F.) $= C_1 e^{2x} + C_2 e^{-2x}$

अब विशेष समाकल $= \dfrac{1}{D^2-4}x^2 = \dfrac{1}{-4\left[1-\frac{D^2}{4}\right]}x^2 = -\dfrac{1}{4}\left[1-\dfrac{D^2}{4}\right]^{-1}x^2 = -\dfrac{1}{4}\left[1+\dfrac{D^2}{4}+\ldots\right]x^2$

[द्विपद सिद्धान्त से D^2 वाले पद तक विस्तार]

$$= -\frac{1}{4}\left[x^2 + \frac{1}{4}D^2(x^2)\right]$$ [शेष पद $(D^3, D^4, \ldots)$ वाले पद शून्य होंगे]

$$= -\frac{1}{4}\left[x^2 + \frac{1}{4}\times 2\right] = -\frac{1}{4}\left[x^2 + \frac{1}{4}\times 2\right] = -\frac{1}{4}\left[x^2 + \frac{1}{2}\right]$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल C.F. + P.I. $= C_1 e^{2x} + C_2 e^{-2x} - \dfrac{1}{4}\left[x^2 + \dfrac{1}{2}\right]$

www.polytechnicpdf.com

$(x+y)^4 = x^4 + 4x^3$

उदाहरण 2. हल करें :

$$\frac{d^2y}{dx} + \frac{dy}{dx} - 6y = x$$

[2004]

हल : प्रतीक रूप में समीकरण $(D^2 + D - 5)\,y = x$

$\therefore$ सहायक समीकरण $m^2 + m - 6 = 0$

$\Rightarrow$ $(m+3)(m-2) = 0$ $\Rightarrow$ $m = -3, 2$

$\therefore$ पूरक फलन $(\text{C.F.}) = C_1\, e^{-3x} + C_2\, e^{2x}$

अब विशेष समाकलन $(\text{P.I.})\ \dfrac{1}{D^2 - D - 6}\,x = \dfrac{1}{-6\left[1 - \dfrac{(D+D^2)}{6}\right]} \times x = -\dfrac{1}{6}\left[1 - \dfrac{D+D^2}{6}\right]x$

$$= -\frac{1}{6}\left[x + \frac{1}{6}Dx + \frac{1}{6}D^2x\right] = -\frac{1}{6}\left[x + \frac{1}{6} + 0\right]$$

$$= -\frac{1}{6}\left[x + \frac{1}{6}\right]$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल : $\text{C.F.} + \text{P.I.} = C_1\, e^{-3x} + C_2\, e^{3x} - \dfrac{1}{6}\left[x + \dfrac{1}{6}\right]$

उदाहरण 3. हल करें :

$$\frac{d^2y}{dx^2} - 4\frac{dy}{dx} + 4y = x^2 + e^x + \cos 2x$$

हल : प्रतीक रूप में दिया गया समीकरण $(D^2 - 4D + 4)\,y = x^2 + e^x + \cos 2x$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 - 4m + 4 = 0$

$\Rightarrow$ $(m-2)^2 = 0$ $\therefore$ $m = 2, 2$

$\therefore$ पूरक फलन $(\text{C.F.}) = (C_1 + C_2x)\,e^{2x}$

अब विशेष समाकल $(\text{P.I.}) = \dfrac{1}{D^2 - 4D + 4}\,[x^2 + e^x + \cos 2x]$

$$= \frac{1}{(D-2)^2}[x^2 + e^x + \cos 2x]$$

$$= \frac{1}{(D-2)^2}x^2 + \frac{1}{(D-2)^2}e^x + \frac{1}{(D-2)^2}\cos 2x$$

$$= y_1 + y_2 + y_3 \qquad \text{[माना]}$$

अब $y_1 = \dfrac{1}{(D-2)^2}x^2 = \dfrac{1}{4\left(1 - \dfrac{D}{2}\right)^2}x^2 = \dfrac{1}{4}\left[1 - \dfrac{D}{2}\right]^{-2}x^2$

$$= \frac{1}{4}\left[1 + 2\times\frac{D}{2} + \frac{2\times 3}{2\times 1}\left(-\frac{D}{2}\right)^2 + \ldots\right]x^2 = \frac{1}{4}\left[1 + D + \frac{3}{8}D^2 + \ldots\right]x^2$$

$$= \frac{1}{4}\left[x^2 + Dx^2 + \frac{3}{4}D^2x^2\right] = \frac{1}{4}\left[x^2 + 2x + \frac{3}{4}\times 2\right] = \frac{1}{4}\left[x^2 + 2x + \frac{3}{2}\right]$$

www.polytechnicpdf.com

$6x^2 + 4x + 1$

$$y_2 = \frac{1}{(D-2)^2} e^x = \frac{1}{(1-2)^2} e^x = \frac{e^x}{(-1)^2} = e^x$$

तथा $y_3 = \dfrac{1}{(D^2 - 4D + 4} \cos 2x = \dfrac{1}{-2^2 - 4D + 4} \cos 2x = -\dfrac{1}{4D} \cos 2x$

$$= -\frac{1}{4} \int \cos 2x \, dx \quad -\frac{1}{4} \times \frac{1}{2} \sin 2x = -\frac{1}{8} \sin 2x$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल = C. F. + P.I. $= (C_1 + C_2 x) e^{2x} + \dfrac{1}{4}\left(x^2 + 2x + \dfrac{3}{2}\right) + e^x - \dfrac{1}{8} \sin 2x$

Case IV. जब $g(x) = e^{ax} X$ जहाँ X, x का फलन है।

विशेष समाकलन $= \dfrac{1}{f(D)} e^{ax} X = e^{ax} \dfrac{1}{f(D+a)} X$

अर्थात् e^{ax} (जो $\dfrac{1}{f(D)}$ के दाहिने है) को बायें लायें तथा D की जगह $D + a$ रखकर X के अनुरूप क्रिया करें।

कार्य विधि आगे के उदाहरणों से स्पष्ट है।

उदाहरण 4. हल करें :

$$\frac{d^4 y}{dx^4} - y = e^x \cos x$$

हल : प्रतीकात्मक रूप में समीकरण $(D^4 - 1) y = e^x \cos x$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $= m^4 - 1 = 0$

$\Rightarrow$ $(m^2 - 1)(m^2 + 1) = 0 \qquad \Rightarrow m = 1, -1, \pm i$

$\therefore$ पूरक फलन $y = C_1 e^x + C_2 e^{-x} + e^{0x} \quad [C_3 \cos x + C_4 \sin x]$

$$= C_1 e^x + C_2 e^{-x} + C_3 \cos x + C_4 \sin x$$

विशेष समाकल (P.I.) $= \dfrac{1}{D^4 - 1} e^x \cos x = e^x \dfrac{1}{(D+1)^4 - 1} \cos x \qquad [\because e^x = e^{1 \times x}]$

$$= e^x \frac{1}{D^4 + 4D^3 + 6D^2 + 4D + 1 - 1} \cos x$$

$$= e^x \frac{1}{(-1^2)^2 + 4(-1^2) D + 6(-1^2) + 4D} \qquad [D^2 = -1^2 \text{ रखने पर}]$$

$$= e^x \frac{1}{1 - 4D - 6 + 4D} \cos x = e^x \frac{1}{-5} \cos x = -\frac{1}{5} e^x \cos x$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल = C.F. + P.I. $\qquad y = C_1 e^x + C_2 e^{-x} + C_3 \cos x + C_4 \sin x - \dfrac{1}{5} e^x \cos x$

उदाहरण 5. हल करें :

$$\frac{d^2 y}{dx^2} + 2y = x^2 e^{3x}$$

हल : प्रतीक रूप में समीकरण $(D^2 + 2) y = x^2 e^{3x}$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $\qquad m^2 + 2 = 0 \Rightarrow m = \pm \sqrt{2} i$

$\therefore$ पूरक फलन (C.F.) $= e^{0x} [C_1 \cos \sqrt{2} x + C_2 \sin \sqrt{2} x] = C_1 \cos \sqrt{2} x + C_2 \sin \sqrt{2} x$

www.polytechnicpdf.com

तथा विशेष समाकल $= \frac{1}{D^2+2} x^2 e^{3x} = e^{3x} \times \frac{1}{(D+3)^2+2} x^2 = e^{3x} \frac{1}{D^2+6D+9+2} x^2$

$$= e^{3x} \frac{1}{D^2+6D+11} x^2 = e^{3x} \frac{1}{11\left[1+\frac{6D+D^2}{11}\right]} x^2$$

$$= \frac{1}{11} e^{3x} \left[1+\left(\frac{6D}{11}+\frac{D^2}{11}\right)\right]^{-1} x^2$$

$$= \frac{1}{11} e^{3x} \left[1-\frac{6D}{11}-\frac{D^2}{11}+\left(\frac{6}{11}D+\frac{D^2}{11}\right)^2+\ldots\right] x^2$$

$$= \frac{1}{11} e^{3x} \left[1-\frac{6}{11}D+\left(\frac{36}{121}-\frac{1}{11}\right)D^2+\ldots\right] x^2$$

$$= \frac{1}{11} e^{3x} \left[1-\frac{6}{11}D+\frac{25}{121}D^2+\ldots\right] x^2$$

$$= \frac{1}{11} e^{3x} \left[x^2-\frac{6}{11}D(x)^2+\frac{25}{121}D^2(x)^2\right]$$

$$= \frac{1}{11} e^{3x} \left[x^2-\frac{6}{11}\times 2x+\frac{25}{121}\times 2\right] = \frac{e^{3x}}{11}\left[x^2-\frac{12}{11}x+\frac{50}{121}\right]$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल (C.S.) = C.F. + P.I.

$$y = C_1 \cos\sqrt{2}\,x + C_2 \sin\sqrt{2}x + \frac{e^{3x}}{11}\left(x^2-\frac{12}{11}x+\frac{50}{121}\right)$$

Case VI. यदि $g(x) = xQ$, जहाँ Q, x का फलन है।

तो विशेष समाकल $= \frac{1}{f(D)}(xQ) = x\frac{1}{f(D)}Q + \left(\frac{d}{dD}\frac{1}{f(D)}\right)Q$

$\frac{1}{D} = \int$

उदाहरण 7. हल करें :

$$\frac{d^2y}{dx^2} + 2\frac{dy}{dx} + y = x\cos x$$

हल : प्रतीक रूप में समीकरण $(D^2+2D+1)\,y = x\cos x$

$\therefore$ सहायक समीकरण $m^2+2m+1=0 \Rightarrow (m+1)^2=0 \Rightarrow m=-1,-1$

$\therefore$ पूरक फलन $y = (C_1+C_2x)\,e^{-x}$

विशेष समाकल $= \frac{1}{D^2+2D+1} x\cos x = x\frac{1}{D^2+2D+1}\cos x + \left[\frac{d}{dD}\frac{1}{D^2+2D+1}\right]\cos x$

$$= x\frac{1}{-1^2+2D+1}\cos x - \frac{2D+2}{(D^2+2D+1)^2}\cos x$$

$$= \frac{x}{2}\frac{1}{D}\cos x - \frac{(2D+2)}{(-1^2+2D+1)^2}\cos x$$

www.polytechnicpdf.com

$$= \frac{x}{2}\int \cos x\, dx - \frac{(2D+2)}{4D^2}\cos x = \frac{x}{2}\sin x - \frac{2(D+1)}{4D^2}\cos x$$

$$= \frac{x}{2}\sin x - \frac{1}{2}\frac{(D+1)}{-1^2}\cos x = \frac{x}{2}\sin x + \frac{1}{2}(D+1)\cos x$$

$$= \frac{x}{2}\sin x + \frac{1}{2}(-\sin x + \cos x)$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल = C.F. + P.I. $= (C_1 + C_2 x)e^{-x} + \frac{1}{2}[x\sin x - \sin x + \cos x]$

नोट

- यदि प्रश्न $Q = \sin ax$ या $\cos ax$ के रूप का हो तथा $f(-a^2) = 0$ हो, तो इस विधि से प्रश्न हल नहीं होगा। इस स्थिति में धारा 5.6 में बताई गई विधि से हल करें।

Type VII. यदि $g = \sinh ax$ या $R = \cosh ax$

विशेष समाकल (P.I.) $= \frac{1}{f(D)}\sinh ax$ या $\cosh ax$

अब $f(D)$ में $D^2 = a^2$ रखें।

इसे $\sinh ax = \frac{e^x - e^{-x}}{2}$ तथा $\cosh ax = \frac{e^x + e^{-x}}{2}$ रखकर भी 5.2.2 Type I की भाँति हल किया जा सकता है।

उदाहरण 8. हल करें :

$$(D^2+1)y = \cosh x$$

हल : दिया गया समीकरण $(D^2+1)y = \cosh x$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 + 1 = 0 \quad \Rightarrow \quad m = \pm i$

$\therefore$ पूरक फलन $y = e^{0x}[C_1\cos x + C_2\sin x]$

विशेष समाकल $= \frac{1}{D^2+1}\cosh x = \frac{1}{1^2-1}\cosh x \qquad [D^2 = a^2 = 1^2$ रखने पर]

$$= \frac{1}{2}\cosh x$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल (C.S.) = C.F. + P.I.

$$= C_1\cos x + C_2\sin x + \frac{1}{2}\cosh x$$

नोट

- विशेष समाकल $\frac{1}{D^2+1}\cosh x = \frac{1}{D^2+1}\left[\frac{e^x + e^{-x}}{2}\right] = \frac{1}{D^2+1}e^x + \frac{1}{D^2+1}e^{-x}$

$$= \frac{1}{D^2+1}e^x + \frac{1}{(-1)^2+1}e^{-x}$$

$$= \frac{1}{2}e^x + \frac{1}{2}e^{-x} = \frac{1}{2}(e^x + e^{-x}) = \frac{1}{2}\cosh x$$

www.polytechnicpdf.com

5.5 विशेष समाकल निकालने की सामान्य विधि (General Method for Finding Particular Integral)

यदि फलन $f(D)\,y = g(x)$ के रूप का हो, तथा

(i) $f(D) = (D-\alpha)$ तो विशेष समाकल $\dfrac{1}{D-\alpha}\,g(x) = e^{\alpha x}\int e^{-\alpha x}\,g(x)\,dx$

(ii) $f(D) = (D-\alpha_1)(D-\alpha_2)\ldots(D-\alpha_n)$ तो विशेष समाकल

$$= \frac{1}{(D-\alpha_1)(D-\alpha_2)\ldots(D-\alpha_{n-1})(D-\alpha_n)}\,g(x)$$

$$= \frac{1}{(D-\alpha_1)(D-\alpha_2)\ldots(D-\alpha_{n-1})}\,e^{\alpha_n x}\int e^{-\alpha_n x}\,g(x)\,dx$$

क्रमानुसार इस प्रक्रिया को दुहराने से अभीष्ट विशेष समाकल प्राप्त होता है।

अथवा (वैकल्पिक विधि)

$$\frac{1}{(D-\alpha_1)(D-\alpha_2)\ldots(D-\alpha_n)}\,g(x) = \left[\frac{A_1}{D-\alpha_1} - \frac{A_2}{D-\alpha_2} + \ldots + \frac{A_n}{D-\alpha_n}\right] g(x)$$

[आंशिक भिन्नीकरण से]

विशेष समाकल $= A_1\,e^{\alpha_1 n}\int e^{-\alpha_1 x}\,R\,dx + A_2 e^{\alpha_2 x}\int e^{-\alpha_2 x}\,R\,dx + \ldots + A_n e^{\alpha_2 x}\int e^{-\alpha_n x}\,R\,dx$

क्रिया विधि आगे के उदाहरणों से स्पष्ट है।

उदहारण 9. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 5\dfrac{dy}{dx} + 4y = e^{3x}$ का विशेष समाकल प्राप्त करें।

हल : प्रतीक रूप में समीकरण $(D^2 - 5D + 4)\,y = e^{3x}$

$\therefore$ विशेष समाकल $= \dfrac{1}{D^2 - 5D + 4}\,e^{3x} = \dfrac{1}{(D-4)(D-1)}\,e^{3x}$ ...(1)

$$= \frac{1}{(D-4)}\left[\frac{1}{D-1}\,e^{3x}\right] = \frac{1}{D-4}\left\{e^x\int e^{-x}\,e^{3x}\,dx\right\} \qquad [\because \alpha = 1]$$

$$= \frac{1}{D-4}\left\{e^x\int e^{2x}\,dx\right\} = \frac{1}{D-4}\left\{e^x \times \frac{e^{2x}}{2}\right\}$$

$$= \frac{1}{2}\,\frac{1}{D-4}\,e^{3x} = \frac{1}{2}\left[e^{4x}\int e^{-4x}\,e^{3x}\,dx\right] = \frac{1}{2}\left[e^{4x}\int e^{-x}\,dx\right]$$

$$= \frac{1}{2}[-e^{4x}.\,e^{-x}] = \frac{1}{2}[-e^{3x}] = -\frac{1}{2}\,e^{3x}$$

वैकल्पिक विधि : (1) से

$$\frac{1}{(D-4)(D-1)}\,e^{3x} = \left[\frac{1}{3(D-4)} - \frac{1}{3(D-1)}\right]e^{3x} = \frac{1}{3}\left[\frac{1}{D-4}\,e^{3x} - \frac{1}{D-1}\,e^{3x}\right]$$

$$= \frac{1}{3}\left[e^{4x}\int e^{-4x}\,e^{3x}\,dx - e^x\int e^{-x}\,e^{3x}\,dx\right]$$

www.polytechnicpdf.com

$$= \frac{1}{3}\left[e^{4x}\int e^{-x}\,dx - e^{x}\int e^{2x}\,dx\right]$$

$$= \frac{1}{3}\left[e^{4x}(-e^{-x}) - \frac{e^{x}e^{2x}}{2}\right] = \frac{1}{3}\left[-e^{3x} - \frac{e^{3x}}{2}\right]$$

$$= \frac{1}{6}[-3e^{3x}] = -\frac{1}{2}e^{3x}$$

नोट :

• इस प्रश्न को धारा 5.4.3 Type I (Page 102) में बताई गई विधि से भी हल किया जा सकता है।

उदाहरण 10. हल करें :

$$\frac{d^2y}{dx^2} + a^2y = \sec ax$$

हल : प्रतीक रूप में समीकरण $(D^2 + a^2)\,y = \sec ax$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 + a^2 = 0 \quad \Rightarrow \quad m = \pm ai$

$\therefore$ पूरक फलन (C.F.) $y = e^{0x}\,(C_1 \cos ax + C_2 \sin ax)$

$\Rightarrow \quad y = C_1 \cos ax + C_2 \sin ax$

विशेष समाकल (P.I.) $= \dfrac{1}{D^2 + a^2}\sec ax = \dfrac{1}{(D+ai)(D-ai)}\sec ax \quad [\because D^2 + a^2 = D^2 - a^2i^2]$

$$= \frac{1}{2ai}\left[\frac{1}{D-ai} - \frac{1}{D+ai}\right]\sec ax \quad \text{[आंशिक भिन्नीकरण से]}$$

अब $\dfrac{1}{D-ai}\sec ax = e^{iax}\displaystyle\int e^{-iax}\sec ax\,dx$ ...(1)

$$= e^{iax}\int \frac{\cos ax - i\sin ax}{\cos ax}\,dx = e^{iax}\left[\int 1\,dx - i\int \frac{\sin ax}{\cos ax}\,dx\right]$$

$$= e^{iax}\left[x + \frac{i}{a}\log\cos ax\right]$$

इसी तरह $\dfrac{1}{D+ai}\sec ax = e^{-iax}\left[x - \dfrac{i}{a}\log\cos ax\right]$

$\therefore$ (1) से विशेष समाकल

$$\frac{1}{D^2+a^2}\sec ax = \frac{1}{2ai}\left[e^{iax}\left(x + \frac{i}{a}\log\cos ax\right) - e^{-iax}\left(x - \frac{i}{a}\log\cos ax\right)\right]$$

$$= \frac{1}{2ai}\left[(e^{iax} - e^{-iax})\,x + \frac{i}{a}\log\cos ax\,(e^{iax} + e^{-iax})\right]$$

$$= \frac{1}{a}\left[\frac{e^{iax} - e^{-iax}}{2i}\,x + \frac{1}{a}\log\cos ax\,\frac{e^{iax} + e^{-iax}}{2}\right]$$

$$= \frac{x}{a}\sin ax + \frac{1}{a^2}(\log\cos ax)\cos ax$$

www.polytechnicpdf.com

$\therefore$ सम्पूर्ण हल $= C_1 \cos ax + C_2 \sin ax + \frac{x}{a} \sin ax + \frac{1}{a^2} \cos ax \log \cos ax$

स्मरणीय तथ्य

पूरक फलन ज्ञात करना यदि $f(D)\, y = g(x)$ हो तथा

1. $g(x) = x^n$ या $(ax+b)^n$

विशेष समाकल (P.I.) $= \frac{g(x)}{f(D)} = [1 \pm f(D)]^{-n}\, g(x)$

के रूप में लिखें तथा $[1 \pm f(D)]^{-n}$ को आरोही क्रम में nवीं घात (x या $(ax+b)$ की घात) तक प्रसार कर घातों के अनुरूप अवकलन की क्रिया करें।

2. यदि $g(x) = e^{ax} X$, जहाँ X, x का फलन है, तो विशेष समाकल $= \frac{1}{f(D)} e^{ax} X = e^{ax} \frac{1}{f(D+a)} X$

3. यदि $g(x) = xQ$, जहाँ Q, x का फलन है, तो विशेष समाकल

$$\frac{1}{f(D)}(xQ) = x \frac{1}{f(D)} Q + \left(\frac{d}{dD} \frac{1}{f(D)}\right) Q$$

4. विशेष समाकल की सामान्य विधि :

(i) विशेष समाकल $= e^{\alpha x} \int e^{-\alpha x}\, g(x)\, dx$, जहाँ $f(D) = D - \alpha$

(ii) यदि $f(D) = (D-\alpha_1)(D-\alpha_2)\ldots(D-\alpha_n)$ तो विशेष समाकल $\frac{1}{f(D)} g(x)$

$$= \left[\frac{A_1}{D-\alpha_1} + \frac{A_2}{D-\alpha_2} + \ldots + \frac{A_n}{D-\alpha_n}\right] g(x) \qquad \text{[आंशिक भिन्नों में तोड़ें]}$$

फिर (i) का उपयोग करें।

प्रश्नावली 5.3

निम्न अवकल समीकरणों को हल करें :

1. $\frac{d^2y}{dx^2} - 7\frac{dy}{dx} + 12y = x$
2. $(D^2 + D - 6)\, y = x$
3. $(D^2 - 5D + 6)\, y = x$
4. $(D^2 - 3D - 2)\, y = x^2$
5. $(D^3 + 2D^2 + 4D + 8)\, y = x^2$
6. $\frac{d^3y}{dx^3} + 2\frac{d^2y}{dx^2} + \frac{dy}{dx} = e^{2x} + x^2 + x$
7. $\frac{d^2r}{d\theta^2} - 8\frac{dr}{d\theta} + 16r = 2\theta^2$
8. $\frac{d^2y}{dx^2} + 2\frac{dy}{dx} = 1 + x^2$
9. $\frac{d^2y}{dx^2} + 5\frac{dy}{dx} + 4y = 3 - 2x$
10. $\frac{d^2y}{dx^2} - 5\frac{dy}{dx} + 6y = e^x \cos 2x$
11. $\frac{d^2y}{dx^2} - 4\frac{dy}{dx} + 4y = x^3 e^{2x}$
12. $(D^2 - 6D + 13)\, y = (8e^{3x} \sin 4x + 2^x)$

www.polytechnicpdf.com

[संकेत : P.I. $= \dfrac{1}{D^2 - 6D - 13} 8e^{3x} \sin 4x + 2^x$

$$= 8 \frac{1}{D^2 - 6D + 13} e^{3x} \sin 4x + \frac{1}{D^2 - 6D + 13} e^{x \log 2}$$

अब प्रथम भाग में $D = D + 3$ तथा द्वितीय भाग में $D = \log 2$ रखें]

13. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 2\dfrac{dy}{dx} + y = xe^x \sin x$

[संकेत : P.I. $= \dfrac{1}{(D-1)^2} xe^x \sin x = e^x \dfrac{1}{(D+1-1)^2} x \sin x = e^x \dfrac{1}{D^2} x \sin x$

$$= e^x \frac{1}{D} \int x \sin x \, dx = e^x \int [-x \cos x + \sin x]$$

$$= e^x [-x \sin x - \cos x - \cos x]$$

14. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 2\dfrac{dy}{dx} + y = xe^x \cos x$

15. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - 2\dfrac{dy}{dx} + y = x \sin x$

16. $\dfrac{d^2y}{dx^2} - y = x \sin x + (1 + x^2) e^x$

सामान्य विधि से हल करें :

17. $(D^2 + 9) y = \sec 3x$

18. $(D^2 + 4) y = \sin 2x$

उत्तरमाला

1. $y = C_1 e^{4x} + C_2 e^{3x} + \dfrac{1}{12}\left(x + \dfrac{7}{12}\right)$

2. $y = C_1 e^{-3x} + C_2 e^{2x} - \dfrac{1}{36}(6x + 1)$

3. $y = C_1 e^{2x} + C_2 e^{3x} + \dfrac{1}{6} x + \dfrac{5}{36}$

4. $y = (C_1 + C_2 x) e^{-x} + C_3 e^{2x} - \dfrac{1}{2}\left(x^2 - 3x + \dfrac{9}{2}\right)$

5. $y = C_1 e^{-2x} + C_2 \cos 2x - C_3 \sin 2x + \dfrac{1}{5}(x^2 - x)$

6. $y = C_1 + (C_2 + C_3 x) e^{-x} + \dfrac{1}{18} e^{2x} + \dfrac{x^3}{3} - \dfrac{3x^2}{2} + 4x$

7. $y = (C_1 + C_2 \theta) e^{4\theta} + \dfrac{1}{16}\left(2\theta^2 + 2\theta + \dfrac{3}{4}\right)$

8. $y = C_1 + C_2 e^{-2x} + \dfrac{x}{12}(2x^2 - 3x + 9)$

9. $y = C_1 e^{-x} + C_2 e^{-4x} + \dfrac{1}{4}\left(\dfrac{11}{2} - 2x\right)$

10. $y = C_1 e^{2x} + C_2 e^{3x} - \dfrac{e^x}{20}(3 \sin 2x + \cos 2x)$

11. $y = (C_1 + C_2 x) e^{2x} + e^{2x} \dfrac{x^5}{20}$

12. $y = e^{3x} (C_1 \cos 2x + C_2 \sin 2x) - \dfrac{2}{3} e^{3x} \sin 4x + \dfrac{2^x}{(\log 2)^2 - 6 \log 2 + 13}$

www.pdftechnicpdf.com

13. $y = (C_1 + C_2 x) e^x - e^x (x \sin x + 2 \cos x)$

14. $Y = (C_1 + C_2 x) e^x + e^x [2 \sin x - x \cos x]$

15. $y = (C_1 + C_2) e^x - \frac{1}{2} x \cos x + \frac{1}{2} (\cos x - \sin x)$

16. $y = C_1 e^x + C_2 e^{-x} - \frac{1}{2} (x \sin x + \cos x) + \frac{1}{12} x e^x (2x^2 - 3x + 9)$

17. $y = C_1 \cos 3x + C_2 \sin 3x + \frac{x}{3} \sin 3x - \frac{1}{9} \cos 3x \log (\cos 3x)$

18. $y = C_1 \cos 2x + C_2 \sin 2x - \frac{x \cos 2x}{4} - \frac{\sin 2x}{16}$

5.6 अचर गुणांकों वाले समघाती रैखिक समीकरण में परिवर्तनशीन समीकरण (Equations reducible to linear form with constant coefficients)

ऐसे समीकरण जो $a_0 x^n \frac{d^n y}{dx^n} + a_1 x^{n-1} \frac{d^{n-1} y}{dx^{n-1}} + a_2 x^{n-2} \frac{d^{n-2} y}{dx^{n-2}} + \ldots + a_n y_n = Q$ ...(1)

जहाँ $a_0, a_1, \ldots, a_r$ अचर हैं तथा Q, x का फलन अथवा अचर है, सम्घाती रैखिक समीकरण कहलाते है।

नोट :

- ऐसे फलनों में x की घात तथा अवकल गुणांक की कोटि समान होती हैं। ये समीकरण यूलर-कॉशी समीकरण **(Euler Cauchy-Equation)** के नाम से भी जाने जाते हैं।

5.7.1. समघाती समीकरणों का हल (Solution of Homogeneous Linear Differential Equations) :

ऐसे समीकरणों के हल के लिए सर्वप्रथम $x = e^z$ प्रतिस्थापित किया जाता है जिससे $z = \log_e x$ तथा $\frac{dz}{dx} = \frac{1}{x}$ तथा

अब $\frac{dy}{dx} = \frac{dy}{dz} \cdot \frac{dz}{dx} = \frac{dy}{dz} \times \frac{1}{x}$ या $x \frac{dy}{dx} = \frac{dy}{dz}$ या $x \frac{dy}{dx} = Dy$ जहाँ $D = \frac{d}{dz}$

पुनः $\frac{d^2y}{dx^2} = \frac{d}{dx}\left(\frac{dy}{dx}\right) = \frac{d}{dx}\left(\frac{1}{x}\frac{dy}{dz}\right) = \frac{1}{x}\frac{d}{dx}\left(\frac{dy}{dz}\right) + \frac{dy}{dz}\frac{d}{dx}\left(\frac{1}{x}\right) = \frac{1}{x}\frac{d}{dz}\left(\frac{dy}{dz}\right)\frac{dz}{dx} - \frac{1}{x^2}\frac{dy}{dz}$

$$= \frac{1}{x}\frac{d^2y}{dz^2} \times \frac{1}{x} - \frac{1}{x^2}\frac{dy}{dz} = \frac{1}{x^2}\left[\frac{d^2y}{dz^2} - \frac{dy}{dz}\right] = \frac{1}{x^2}(D^2 - D)y$$

$$= \frac{1}{x^2} D(D-1)y$$

$$\therefore \quad x^2 \frac{d^2y}{dx^2} = D(D-1)y$$

इसी तरह $x^3 \frac{d^3y}{dx^3} = D(D-1)(D-2)y$

व्यापक रूप में $x^n \frac{d^ny}{dx^n} = [D(D-1)(D-2)\ldots\{D-(n-1)\}]y$

www.polytechnicpdf.com

इन मानों को समीकरण (1) में रखने पर यह अचर गुणाकों वाले रैखिक समीकरण में परिवर्तित हो जाता है, जिसका हल पूर्व में बताई गई विधियों से किया जा सकता है।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. हल करें :

$$x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - 2x\frac{dy}{dx} - 4y = x^4$$

हल : दिया गया समीकरण $$x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - 2x\frac{dy}{dx} - 4y = x^4 \quad ...(1)$$

(1) में $x = e^z, \frac{d}{dz} = D,\ x\frac{dy}{dx} = Dy$ तथा $x^2\frac{d^2y}{dx^2} = D(D-1)y$ रखने पर

$$\{D(D-1) - 2D - 4\}\, y = (e^z)^4$$

$\Rightarrow \{D^2 - D - 2D - 4\}\, y = e^{4z}$ $\Rightarrow \{D^2 - 3D - 4\}\, y = e^{4z}$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 - 3m - 4 = 0$

$\Rightarrow (m-4)(m+1) = 0$ $\Rightarrow m = 4, m = -1$

$\therefore$ C.F. $y = C_1 e^{-z} + C_2 e^{4z}$

अब विशेष समाकल (P.I.) $= \frac{1}{f(D)} e^{4z} = \frac{1}{D^2 - 3D - 4} e^{4z}$

यहाँ $f(4) = 0$

$\therefore$ $$\text{P.I.} = z\frac{1}{2D-3}e^{4z} \quad \text{[हर के अवकलन से]}$$

$$= z \times \frac{1}{2\times 4 - 3} e^{4z} \quad [z = 4 \text{ रखने पर}]$$

$$= \frac{1}{5} z e^{4z}$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल $y = C_1 e^{-z} + C_2 e^{4z} + \frac{1}{5} z e^{4z}$

$$= C_1 x^{-1} + C_2 x^4 + \frac{1}{5} x^4 \log x \quad [\because e^z = x \Rightarrow z = \log x]$$

यह अभीष्ट हल है।

उदाहरण 2. हल करें :

$$x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - x\frac{dy}{dx} + y = 2\log x$$

[2008]

हल : दिया गया समीकरण $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - x\frac{dy}{dx} + y = 2\log x$ ...(1)

(1) में $x = e^z$ या $\log x = z, \frac{d}{dz} \equiv D,\ x\frac{dy}{dx} = Dy$ तथा $x^2\frac{d^2y}{dx^2} = D(D-1)y$ रखने पर

$$[D(D-1) - D + 1]\, y = 2z$$

$\Rightarrow [D^2 - D - D + 1]\, y = 2z$ $\Rightarrow (D^2 - 2D + 1)\, y = 2z$

www.polytechnicpdf.com

सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 - 2m + 1 = 0$

$\Rightarrow \quad (m-1)^2 = 0 \qquad \Rightarrow \quad m = 1, 1$

$\therefore$ पूरक फलन $y = (C_1 + C_2 z)\, e^z$

विशेष समाकल $= \dfrac{1}{f(D)}(2z) = \dfrac{1}{(D-1)^2}(2z) = \dfrac{1}{(1-D)^2}(2z)$

$= 2[1-D]^{-2}\, z = 2[1+D]\, z$ [शेष पद शून्य हैं]

$= 2[z + 2Dz] = 2[z+2]$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल $y = (C_1 + C_2 z)\, e^z + 2(2+z)$

$= (C_1 + C_2 \log x)\, e^{\log x} + 2(2 + \log x)$ [$\because z = \log x$]

$= (C_1 + C_2 \log x)\, x + 2(2 + \log x)$ [$\because e^{\log x} = x$]

उदाहरण 3. हल करें :

$$x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - x\frac{dy}{dx} + 2y = x \log x$$

[2000, 08, 15]

हल : प्रश्न से $x^2 \dfrac{d^2y}{dx^2} - x\dfrac{dy}{dx} + 2y = x \log x$ ...(1)

(1) में $x = e^z$ या $z = \log x$, $\dfrac{d}{dz} = D$, $x\dfrac{dy}{dx} = Dy$, $x^2\dfrac{d^2y}{dx^2} = D(D-1)\,y$ रखने पर

$$\{D(D-1) - D + 2\}\, y = e^z z$$

$\Rightarrow \quad \{D^2 - D - D + 2\}\, y = z\, e^z \qquad \Rightarrow \quad (D^2 - 2D + 2)\, y = z\, e^z$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^2 - 2m + 2 = 0$

$\Rightarrow \quad m = \dfrac{-(-2) \pm \sqrt{(-2)^2 - 4 \times 2 \times 1}}{2 \times 1}$ [श्रीधराचार्य विधि से]

$= \dfrac{2 \pm \sqrt{-4}}{2} = \dfrac{2}{2}(1 \pm \sqrt{-1}) = 1 \pm i$

$\therefore$ पूरक फलन (C.F.) $\quad y = e^z\,(C_1 \cos z + C_1 \sin z)$

विशेष समाकल (P.I.) $= \dfrac{1}{f(D)}\, ze^z = \dfrac{1}{D^2 - 2D + 2}\, z\, e^z$

$= e^z \left[\dfrac{1}{(D+1)^2 - 2(D+1) + 2}\right] z$ [$D = D + 1$ रखने पर]

$= e^z \left[\dfrac{1}{1 + D^2}\right] z = e^z\,[1 + D^2]^{-1}\, z = e^z\,[1 - D^2]\, z$ [शेष पद शून्य हैं]

$= e^z\,[z - D^2 z] = e^z \times (z - 0) = z\, e^z$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल $y = e^z\,(C_1 \cos z + C_2 \sin z) + z\, e^z$

$= x\,(C_1 \cos(\log x) + C_2 \sin(\log x) + x \log x$ [z तथा x का मान रखने पर]

उदाहरण 4. हल करें :

$$x^2 \frac{d^3y}{dx^3} + 3x\frac{d^2y}{dx^2} + \frac{dy}{dx} = x^2 \log x$$

www.polytechnicpdf.com

हल : दिया गया समीकरण $x^2 \frac{d^3y}{dx^3} + 3x \frac{d^2y}{dx^2} + \frac{dy}{dx} = x^2 \log x$

$$\Rightarrow \quad x^3 \frac{d^3y}{dx^3} + 3x^2 \frac{d^2y}{dx^2} + x\frac{dy}{dx} = x^3 \log x \qquad \ldots(1)$$

[x से गुणा करने पर]

(1) में $x = e^z$ या $z = \log x$, $\frac{d}{dx} \equiv D$, $x\frac{dy}{dx} = Dy$; $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} = D(D-1)y$;

तथा $x^3 \frac{d^3y}{dx^3} = D(D-1)(D-2)y$ रखने पर, $[D(D-1)(D-2) + 3D(D-1)y + D]y = z e^{3z}$

$\Rightarrow$ $[D^3 - 2D^2 - D^2 + 2D + 3D^2 - 3D - D]y = ze^{3z}$ $\qquad \therefore D^3y = z e^{3z}$

$\therefore$ सहायक समीकरण (A.E.) $m^3 = 0 \qquad \Rightarrow m = 0, 0, 0$

$\therefore$ पूरक फलन $= (C_1 + C_2 z + C_3 z^2) e^0 = C_1 + C_2 z + C_3 z^2$ $\qquad [\because e^0 = 1]$

तथा विशेष समाकल (P.I.) $= \frac{1}{f(D)} z e^{3z} = \frac{ze^{3z}}{D^3} = e^{3z} \frac{1}{(D+3)^3} z$ $\qquad$ [$D = D + 3$ रखने पर]

$$= e^{3z} \frac{1}{3^3\left[1+\frac{D}{3}\right]^3} z = \frac{1}{27} e^{3z} \left[1 + \frac{D}{3}\right]^{-3} z$$

$$= \frac{1}{27} e^{3z} [1 - D] z \qquad \text{[शेष पद शून्य हैं]}$$

$$= \frac{1}{27} e^{3z} [z - Dz] = \frac{1}{27} e^{3z} [z - 1]$$

$\therefore$ सम्पूर्ण हल (C.S.) $= C_1 + C_2 z + C_3 z^2 + \frac{1}{27} e^{3z} (z - 1)$

$$= C_1 + C_2 \log x + C_3 (\log z)^2 + \frac{x^3}{27} (\log x - 1) \qquad [\because x = \log z \Rightarrow e^z = x]$$

स्मरणीय तथ्य

समघात अवकल समीकरण, जो

$$x^n \frac{d^ny}{dx^n} + a_1 x^{n-1} \frac{d^{n-1}y}{dx^{n-1}} + a_1 x^{n-2} \frac{d^{n-2}y}{dx^{n-2}} + \ldots + a_n y = X$$

के रूप के हों तो हल करने के लिए $x = e^z$ या $\log z = e^x$ तथा

$$= x\frac{dy}{dx} = Dy, x^2 \frac{d^2y}{dx^2} = D(D-1)y, \ldots, x^n \frac{d^ny}{dx^n}$$

$$= D(D-1)(D-2)\ldots\{D-(n-1)\} y \text{ रखें}$$

जहाँ $\frac{d}{dz} \equiv D$

इससे समीकरण $(D^n + a_1 D^{n-1} + a_2 D^{n-2} + \ldots + D_n) y = f(z)$ के रूप का हो जाएगा, जिसे पिछली धाराओं के अनुसार हल किया जा सकता है।

www.polytechnicpdf.com

प्रश्नावली 5.4

निम्न अवकल समीकरणों को हल कीजिए—

1. $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} + 5x\frac{dy}{dx} + 4y = 0$

2. $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} + x\frac{dy}{dx} - 4y = 0$

3. $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - 3x\frac{dy}{dx} + 4y = 2x^2$ **[2014]**

4. $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} + x\frac{dy}{dx} - 4y = x^2$

5. $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} + 7x\frac{dy}{dx} + 13y = \log x$

6. $x^3 \frac{d^3y}{dx^3} + 2x^2\frac{d^2y}{dx^2} + 3x\frac{dy}{dx} - 3y = x^2 + x$

7. $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - x\frac{dy}{dx} - 3y = x^2 \log x$

8. $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - x\frac{dy}{dx} - 2y = x\log x$ **[2015]**

9. $x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - x\frac{dy}{dx} + y = 2\log x$ **[2011]**

उत्तरमाला

1. $y^2 = (C_1 + C_2 \log x)\frac{1}{x^2}$

2. $C_1 x^2 + C_2 x^{-2}$

3. $y = \{C_1 + C_2 \log x + (\log x)^2\}x^2$

4. $y = C_1x^2 + \frac{C_2}{x^2} + \frac{1}{4}x^2 \log x$

5. $y = x^{-3}\left[C_1 \cos(2\log x) + C_2 \sin(2\log x) + \frac{1}{13}\left(\log x - \frac{6}{13}\right)\right.$

6. $y = C_1 x + C_2 \cos(\sqrt{3}\log x) + C_3 \sin(\sqrt{3}\log x) + \frac{1}{7}x^2 + \frac{1}{4}x\log x$

7. $y = C_1 x^3 + C_2 x^{-1} - \frac{1}{3}x^2\left(\log x + \frac{2}{3}\right)$

8. $x[C_1 \cos(\log x) + C_2 \sin(\log x) + \log x]$

9. $(C_1 + C_2 \log x)x + 2(2 + \log x)$

□□□

www.polytechnicpdf.com

6

CHAPTER

अवकल समीकरण के अनुप्रयोग (Applications of Differential Equations)

अवकल समीकरण का प्रयोग भौतिक शास्त्र एवं इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं में गणितीय समस्याओं के निदान के लिए होता है। इस अध्याय में विद्युत परिपथ, गुरुत्वीय त्वरण के अधीन गति, रेडियोऐक्टिव पदार्थों के क्षय, जनसंख्या वृद्धि आदि की गणितीय समस्याओं में अवकल समीकरण के प्रयोग के बारे में जानेंगे।

6.1 विद्युत परिपथ

हम उस विद्युत परिपथ पर विचार करेंगे, जिसमें

(i) वोल्टेज स्रोत (Source of Voltage) यथा—बैटरी या जेनरेटर

(ii) प्रतिरोध (Resistance), प्रेरकत्व (Inductance) तथा धारिता (Capacitance) हो।

किसी विद्युत परिपथ में समीकरणों की रचना करते समय सामान्यत: निम्न प्रतीकों (Symbols) तथा प्रमुख विद्युतीय संबंधों का ज्ञान आवश्यक है :

क्रम.सं०		संकेत	इकाई
1.	आवेश (Charge)	q	कूलॉम (coulomb) (C)
2.	धारा (Current)	i	ऐम्पियर (ampere) (A)
3.	प्रतिरोध (Resistance)	R	ओम (ohm) (Ω)
4.	प्रेरकत्व (Inductance)	L	हेनरी (henry) (H)
5.	धारिता (Capacitance)	C	फैराड (farad) (F)
6.	विद्युत धारा (E.M.F.) या वोल्टता (Voltage)	E	वोल्ट (volt) (V)

6.2 प्रमुख सम्बन्ध (Important Relations)

(i) विद्युत धारा $i = \dfrac{dq}{dt}$

(ii) प्रतिरोध R के अनुदिश वोल्टता ड्रॉप $E_r = iR$

(iii) प्रेरकत्व L के अनुदिश वोल्टता ड्रॉप $E_L = L\dfrac{di}{dt} = L\dfrac{d}{dt}\left(\dfrac{dq}{dt}\right) = L\dfrac{d^2q}{dt^2}$

(iv) धारिता C के अनुदिश विभव ह्रास $E_c = \dfrac{q}{C}$

www.polytechnicpdf.com

6.3 विद्युत परिपथ के लिए मूल नियम (Basic Laws)

ये निम्न किरचॉफ के नियमों से दिये जाते हैं—

I. वोल्टेज नियम (Voltage Law) : किसी बंद परिपथ के विभिन्न भागों में विभव के ह्रास का बीजगणितीय योग उस परिपथ में परिणामी विद्युत वाहक बल के बराबर होता है।

II. धारा नियम (Current Law) : किसी भी संधि (Junction) या नोड (Node) पर मिलने वाली समस्त धाराओं का बीजगणितीय योग शून्य होता है।

6.4 अवकल समीकरण बनाना (Formation of Differential Equation)

किसी विद्युत परिपथ में अवकल समीकरण का निर्माण किरचॉफ नियमों पर आधारित है।

6.4.1 *L-R* श्रेणी परिपथ (*L-R* Series Circuit)

माना विद्युत परिपथ में प्रेरकत्व L, प्रतिरोध R तथा वोल्टेज स्रोत E चित्रानुसार (चित्र 1) श्रेणी क्रम में जुड़े हैं। माना समय t पर उसमें प्रवाहित धारा i से दी जाती है, तो वोल्टेज नियम से

$$E_R + E_L = E$$

$$\Rightarrow \quad iR + L\frac{di}{dt} = E \qquad \Rightarrow \quad \frac{di}{dt} + \frac{R}{L}i = \frac{E}{L} \qquad \ldots(1)$$

यह एक रैखिक अवकल समीकरण है।



L-R श्रेणी परिपथ

$\therefore$ समाकलन गुणांक $(\text{I.F.}) = e^{\int \frac{R}{L}dt} = e^{\frac{R}{L}t}$

$\therefore$ (1) का हल $e^{\frac{R}{L}t} \times i = \int \frac{E}{L} e^{\frac{R}{L}t} dt + C$

$$\Rightarrow \quad i\, e^{\frac{R}{L}t} = \frac{E}{L} \times \frac{L}{R} e^{\frac{R}{L}t} + C$$

$$\Rightarrow \quad i = \frac{E}{R} + C\, e^{-\frac{R}{L}t} \qquad \ldots(2)$$

अब $t = 0$ पर $i = 0$ अतः (2) से $C = -\frac{E}{R}$ $\qquad \therefore \quad i = \frac{E}{R}(1 - e^{-\frac{R}{L}t})$

स्पष्ट है कि t के मान में वृद्धि से i के मान में वृद्धि होती है तथा इसका अधिकतम मान $\frac{E}{R}$ होता है।

6.4.2 *L-C* श्रेणीक्रम परिपथ (*L-C* Series Circuit) :

माना किसी परिपथ में संधारित्र C, प्रतिरोध रहित प्रेरकत्व कुण्डली (Inductance) L तथा सेल E श्रेणीक्रम में चित्रानुसार जुड़े हैं। यदि संधारित्र पर आवेश q हो तथा t समय में L प्रवाहित धारा i हो, तो प्रेरकत्व में प्रेरित विद्युत वाहक बल का मान $L\frac{di}{dt}$ होगा।



अतः किरचॉफ नियम से

$$L\frac{di}{dt} + \frac{q}{C} = 0$$

या $$L\frac{d^2q}{dt^2} + \frac{q}{C} = 0 \qquad \left[\because i = \frac{dq}{dt}\right]$$

www.polytechnicpdf.com

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2q}{dt^2}+\frac{q}{LC}=0 \qquad \Rightarrow \frac{d^2q}{dt^2}+\omega^2 q=0, \qquad \text{जहाँ } \frac{L}{LC}=\omega^2$$

6.4.3 *L-C-R* श्रेणी परिपथ (*L-C-R* Series Circuit) :

माना किसी विद्युत परिपथ में प्रेरकत्व (Inductance) L, प्रतिरोध (Resistance) R तथा धारिता C तथा वोल्टेज स्रोत E चित्रानुसार श्रेणी क्रम में जुड़े हैं,

तो किरचॉफ नियम से

$$E_R+E_L+E_C=E \qquad [\because R, L, C \text{ के अनुदिश वोल्टेज ड्रॉप} = E]$$

$$\Rightarrow \quad Ri+L\frac{di}{dt}+\frac{q}{C}=E \qquad [E_R, E_L \text{ तथा } E_c \text{ का मान रखने पर}]$$



L-C-R श्रेणी परिपथ

$$\Rightarrow \quad R\frac{dq}{dt}+L\frac{d}{dt}\left(\frac{dq}{dt}\right)+\frac{q}{C}=E \qquad \left[\because i=\frac{dq}{dt}\right]$$

$$\Rightarrow \quad L\frac{d^2q}{dt^2}+R\frac{dq}{dt}+\frac{q}{C}=E$$

यह *L-C-R* परिपथ का रैखिक समीकरण है।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. 100 ओम के प्रतिरोध, 0.5 हेनरी के प्रेरकत्व (Inductance) को 20 वोल्ट की बैट्री के साथ श्रेणी क्रम में जोड़ दिया गया है। परिपथ में धारा i का मान समय t के फलन के रूप में ज्ञात करें।

हल : किरचॉफ के प्रथम नियम से

$$Ri+L\frac{di}{dt}=E$$

यह एक रैखिक समीकरण है, जिसका हल

$$i=\frac{E}{R}[1-e^{\frac{R}{L}t}] \qquad \ldots(1)$$

[धारा 6.4.1 से]

यहाँ $R=100$ ओम, $L=0.5$ हेनरी, $E=20$ वोल्ट

(1) में इन मानों को रखने पर

$$i=\frac{20}{100}[1-e^{\frac{100}{0.5}t}]=\frac{1}{5}[1-e^{\frac{100\times 10}{5}t}]$$

www.polytechnicpdf.com

$$= \frac{E}{5}[1 - e^{-2(0)t}]$$ उत्तर

उदाहरण 2. 200 ओम का प्रतिरोध R 100 हेनरी (H) का प्रेरकत्व L तथा 400 वोल्ट की बैटरी श्रेणी क्रम में जुड़े हैं, तो किसी क्षण 0.5 सेकण्ड पश्चात् परिपथ में प्रवाहित धारा का मान ज्ञात करें। ($e = 2.718$)

हल : किरचॉफ नियम से

$$Ri + L\frac{di}{dt} = E$$

यह एक रैखिक समीकरण है, जिसका हल

$$i = \frac{E}{R}(1 - e^{-\frac{R}{L}t}) \quad \ldots(1)$$

प्रश्न से $R = 200$ ओम, $L = 100$ हेनरी, $E = 400$ वोल्ट, $t = 0.5$ सेकण्ड

अतः (1) से

$$i = \frac{400}{200}(1 - e^{-\frac{200}{100}\times 0.5})$$

$$= 2(1 - e^{-1}) = 2\left(1 - \frac{1}{e}\right) = 2\left(1 - \frac{1}{2.718}\right)$$

$$= 2(1 - 0.37) = 2 \times 0.63 = 1.26 \text{ ऐम्पियर}$$

उदाहरण 3. हल करें :

$$L\frac{di}{dt} + Ri = E_0 \sin \omega t$$

जहाँ L, R तथा E_0 अचर हैं। उस स्थिति को स्पष्ट करें जब i का मान अनिश्चित रूप से (indefinitely) बढ़ रहा है।

हल : दिया गया समीकरण

$$L\frac{di}{dt} + Ri = E_0 \sin \omega t \quad \Rightarrow \quad \frac{di}{dt} + \frac{R}{L}i = \frac{E_0}{L}\sin \omega t \quad \ldots(1)$$

यह एक रैखिक समीकरण है।

अतः समाकलन गुणांक (I.F.) $= e^{\int \frac{R}{L}dt} = e^{\frac{R}{L}t}$

अतः (1) को I.F. $e^{\frac{R}{L}t}$ से गुणा कर समाकलन करने पर

$$i e^{\frac{R}{L}t} = \frac{E_0}{L}\int e^{\frac{R}{L}t} \sin \omega t \, dt$$

$$= \frac{E_0}{L} \frac{e^{\frac{R}{L}t}}{\sqrt{\frac{R^2}{L^2} + \omega^2}} \sin\left(\omega t - \tan^{-1}\frac{L\omega}{R}\right) - A$$

$$\left[\because \text{ सूत्र } \int e^{ax} \sin bx \, dx = \frac{e^{ax}}{\sqrt{a^2 + b^2}} \sin\left(bx - \tan^{-1}\frac{b}{a}\right)\right]$$

www.polytechnicpdf.com

या $i = \frac{E_0 L}{\sqrt{R^2 + L^2\omega^2}} \sin\left(\omega t - \tan^{-1}\frac{L\omega}{R}\right) + A e^{-\frac{R}{L}t}$

यह अभीष्ट हल है।

अब जब $t \to \infty$, $A e^{-\frac{R}{L}t} \to 0$

$\therefore \quad i = \frac{E_0 L}{\sqrt{R^2 + L^2\omega^2}} \sin\left(\omega t - \tan^{-1}\frac{L\omega}{R}\right)$

6.5 गुरुत्वीय गति (Motion Under Gravity)

यदि कोई पिंड गुरुत्व बल के अधीन ऊर्ध्वाधर (vertical) रूप से गतिशील हो तो उस पर दो बल कार्य करते हैं :

(i) पिंड का भार नीचे की ओर तथा (ii) वायुमंडल का प्रतिरोध

वायुमंडल का प्रतिरोध पिंड की गति की विपरीत दिशा में (अर्थात् यदि पिंड नीचे गिर रहा है तो ऊपर की दिशा में तथा यदि पिंड ऊपर की ओर गतिशील है तो नीचे की दिशा में) कार्य करता है।

यदि पिंड क्षैतिज दिशा में गतिशील हो तो केवल एक बल, माध्यम (वायुमंडल या अन्य माध्यम) का प्रतिरोध उसकी गति की विपरीत दिशा में कार्य करता है।

गुरुत्वाधीन गिरते हुए पिंड की गति एक निश्चित सीमा के बाद स्थिर हो जाती है। यह नियत वेग **सीमान्त वेग** (Limiting Velocity) या **अंतिम वेग** (Terminal Velocity) के नाम से जाना जाता है।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. एक पिंड, जो गुरुत्वाधीन बल के अधीन गिर रहा है, पर वायुमंडल का प्रतिरोध क्रियाशील है। यदि यह प्रतिरोध वेग के साथ बढ़ता है, तो दिखायें कि

(i) गति का समीकरण $\frac{du}{dt} = g - ku$

जहाँ u वेग, g गुरुत्वीय त्वरण तथा k अचर है,

(ii) t के मान में वृद्धि होने पर u का मान g/k हो जाता है।

(iii) यदि $u = \frac{dx}{dt}$, जहाँ x विराम से t समय में तय की गई दूरी है, तो

$$x = \frac{gt}{k} - \frac{g}{k^2}(1 - e^{-kt})$$

हल : माना इकाई द्रव्यमान का पिंड जो गुरुत्व के अधीन गिर रहा है तथा t समय बाद इसका वेग u है, तो त्वरण $= \frac{du}{dt}$

पिंड पर नीचे की ओर लगने वाला बल $= 1 . \frac{du}{dt}$ [$\because$ बल $= m \times f$ यहाँ $m = 1, f = \frac{du}{dt}$]

प्रश्न से प्रतिरोधी बल $\propto u$

$\Rightarrow$ प्रतिरोधी बल (ऊपर की ओर क्रियाशील) $= ku$

$\therefore$ नीचे की ओर लगता हुआ कुल बल $= g - ku$

$\therefore \quad \frac{du}{dt} = g - ku$ ...(1)

सिद्ध हुआ।

www.Polytechnicpdf.com

(ii) (1) से

$$\frac{du}{g-ku} = dt \qquad \Rightarrow \int \frac{du}{g-ku} = \int dt$$

$$\Rightarrow \quad t = \frac{-1}{k}\log(g-ku) + \log a = \log\{(g-ku)^{-1/k}\, a\}$$

$$\Rightarrow \quad e^t = (g-ku)^{-1/k}\, a = \frac{a}{(g-ku)^{1/k}} \qquad \Rightarrow \quad (g-ku)^{1/k} = a\, e^{-t}$$

$$\Rightarrow \quad g - ku = (a\, e^{-t})^k = a^k e^{-kt} \qquad \Rightarrow \quad u = \frac{g}{k} - \frac{a^k}{k} e^{-kt} \qquad \ldots(2)$$

अब $t \to \infty, \frac{a^k}{k} e^{-kt} \to 0$

$\therefore \quad u = \frac{g}{k}$ [(2) से] सिद्ध हुआ।

(iii) पुन: $u = \frac{dx}{dt} \qquad \Rightarrow \frac{du}{dt} = \frac{d^2x}{dt^2}$

अत : (1) से

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} + k\frac{dx}{dt} = g$$

$$\Rightarrow \quad (D^2 + kD)\, x = g, \qquad \text{जहाँ } \frac{d}{dt} = D$$

अत: सहायक समीकरण $m^2 + km = 0$

$\Rightarrow \quad m(m+k) = 0 \qquad \Rightarrow \quad m = 0, m = -k$

अत: पूरक फलन (C. F.) : $x = C_1 e^{0x} + C_2 e^{-kt}$ या $x = C_1 + C_2\, e^{-kt}$

विशेष समाकल (P. I.) $= \frac{1}{D^2 + kD} g = g \frac{1}{D^2 + kD} e^{0t}$

$$= g\, t \frac{1}{2D + k} e^{0t} \qquad [\because D = 0 \text{ रखने पर } f(D) = 0]$$

$$= \frac{gt}{0 + k} = \frac{gt}{k} \qquad [D = 0 \text{ रखने पर}]$$

$\therefore$ अभीष्ट हल $x = C_1 + C_2 e^{-kt} + \frac{gt}{k}$ ...(3)

अब $t = 0$ पर $x = 0$ अत: (3) से

$$0 = C_1 + C_2 \times 1 + 0 \qquad \therefore \quad C_2 = -C_1$$

अत: (3) से

$$x = C_1 - C_1\, e^{-kt} + \frac{gt}{k} \qquad \ldots(4)$$

$$\Rightarrow \quad \frac{dx}{dt} = kC_1\, e^{-kt} + \frac{g}{k} \qquad [\text{अवकलन से}] \qquad \ldots(5)$$

पुन: $t = 0$ पर $\frac{dx}{dt} = 0$

www.polytechnicpdf.com

अतः (4) से

$$0 = kC_1 \times e^{0t} + \frac{g}{k} \qquad \Rightarrow \quad C_1 = -\frac{g}{k^2}$$

अतः (4) से

$$x = -\frac{g}{k^2} + \frac{g}{k^2} e^{-kt} + \frac{gt}{k}$$

$$\Rightarrow \qquad x = \frac{gt}{k} - \frac{g}{k^2}(1 - e^{-kt})$$ साबित हुआ।

6.6 सरल आवर्त गति (Simple Harmonic Motion)

यदि कोई कण एक सरल रेखा पर इस प्रकार गतिमान हो कि इस पर लगने वाला बल सदैव एक बिंदु की ओर लगे तथा इस बिंदु से कण की दूरी के समानुपाती हो, तो कण सरल आवर्त गति में कहलाता है तथा यह निश्चित बिंदु दोलन केन्द्र (Centre of Oscillation) कहलाता है।

माना O दोलन केन्द्र है, तथा कण बिन्दु A से जो O से a दूरी पर है, विराम अवस्था से O की ओर गति आरंभ करता है। माना t समय बाद यह बिन्दु P पर है जो O से x दूरी पर है।

अतः सरल आवर्त गति की परिभाषा से

$$\frac{d^2x}{dt^2} \propto -x \qquad [\because \text{ त्वरण } O \text{ से दूरी के अनुक्रमानुपाती है}]$$

या $$\frac{d^2x}{dt^2} = -\omega^2 x,$$

जहाँ ω^2 समानुपाती नियतांक है तथा –ve चिन्ह त्वरण गति की विपरीत दिशा को बताता है।

$$\Rightarrow \qquad \frac{d^2x}{dt^2} + \omega^2 x = 0,$$ जो एक रैखिक अवकल समीकरण है।

अतः सहायक समीकरण $D^2 + \omega^2 = 0 \;\Rightarrow\; D = \pm \omega i$

$\therefore$ हल $x = C_1 \cos\omega t - C_2 \sin\omega t$ ...(i)

$\therefore$ $\frac{dx}{dt} = P$ पर कण का वेग $= \omega(-C_1 \sin\omega t + C_2 \cos\omega t)$ ...(ii)

यदि कण A से गति प्रारम्भ करता है, तो

$$t = 0 \text{ पर } x = a \text{ तथा } \frac{dx}{dt} = 0$$

अतः (i) से

$$a = C_1 \cos 0 + C_2 \sin 0 = C_1 \times 1 = 0 + C_1 \; i.e., C_1 = a$$

तथा (ii) में $\frac{dx}{dt} = 0$ तथा $t = 0$ रखने पर

$$0 = 0 + C_2\omega \;\Rightarrow\; C_2 = 0$$

अतः (i) से

विस्थापन $x = a\cos\omega t$ ...(iii)

www.Polytechnicpdf.com

यदि कण दोलन केन्द्र O से गति प्रारम्भ करता है, तो

$t = 0$ पर $x = 0$ तथा $\frac{dx}{dt} = 0$

अतः (ii) तथा (iii) से $C_1 = 0, C_2 = a$

यह मान समी० (ii) में रखने पर

विस्थापन $x = a \sin \omega t$ ...(iv)

कण का वेग $V = \frac{dx}{dt} = -a\omega \sin \omega t$ [समी० (iii) से]

$= a\omega \cos \omega t$ [समी० (iv) से]

या $V = \omega \sqrt{a^2 - x^2}$ $\left[\because x = a \cos \omega \Rightarrow \frac{x}{a} = \cos \omega\right]$

6.6.1 परिभाषायें (Definitions)

आयाम (Amplitude) : सरल आवर्त गति में गतिशील कण का अपनी साम्य स्थिति से अधिकतम विस्थापन उसका आयाम कहलाता है।

चित्र में $OA = OA' = a$

आवर्तकल (Time Period) : सरल आवर्त गति से गतिशील कण द्वारा एक पूर्ण दोलन में लगे समय को उसका आवर्तकाल कहते है।

यदि आवर्तकाल T हो तो

$$T = \frac{2\pi}{\omega}$$

आवृत्ति (Frequency) : सरल आवर्त गति में गतिशील कण के द्वारा एक सेकेण्ड में पूर्ण दोलनों की संख्या उसकी आवृत्ति कहलाती है। यदि आवर्तकाल के व्युत्क्रम के बराबर होती है तथा इसकी इकाई हर्ट्ज (Hz) है।

अतः आवृति $n = \frac{1}{T} = \frac{1}{\frac{2\pi}{\omega}} = \frac{\omega}{2\pi}$ Hz

स्पष्टतः $\omega = 2\pi n$

महत्वपूर्ण सूत्र :

(i) आवर्तकाल $T = \frac{2\pi}{\omega}$

(ii) आवृत्ति $n = \frac{\omega}{2\pi}$

(iii) सरल आवर्त गति का समीकरण $\frac{d^2x}{dt^2} = -\omega^2 x$

(iv) दोलन केन्द्र से x दूरी पर समय t पर वेग

$V = \omega \sqrt{a^2 - x^2}$, जहाँ $x = a \cos \omega t$

अधिकतम वेग $V_{max} = a\omega$

अधिकतम त्वरण $\alpha = \omega^2 a$

www.polytechnicpdf.com

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. सरल आवर्त गति में कण के मूल बिन्दु से कितने विस्थापन पर गति अधिकतम गति की आधी होगी?

हल : यदि सरल आवर्त गति में वेग V हो, तो

$$V = \omega\sqrt{a^2 - x^2}$$

अत: $x = 0$ के लिए V का मान अधिकतम है

$\therefore$ अधिकतम वेग $V = a\omega$

माना $x = x_1$ पर V का मान अधिकतम वेग का आधा है,

अत: $\dfrac{\omega a}{2} = \omega\sqrt{a^2 - x_1^2}$

$\Rightarrow \quad \dfrac{a^2}{4} = a^2 - x_1^2 \quad \Rightarrow \quad x_1^2 = a^2 - \dfrac{a^2}{4} = \dfrac{3a^2}{4} \quad \Rightarrow \quad x_1 = \dfrac{\sqrt{3}}{2}a$

अत: मूल बिन्दु से $\dfrac{\sqrt{3}}{2}a$ दूरी पर कण का वेग अधिकतम वेग का आधा है।

उदाहरण 2. एक कण को जो सरल आवर्त गति कर रहा है, तीन उत्तरोत्तर सेकण्डों में अंत में माध्य स्थिति से दूरियाँ x_1, x_2, x_3 हैं, तो सिद्ध करें, संपूर्ण दोलन काल का समय $\dfrac{2x}{\cos^{-1}\left\{\dfrac{x_1 + x_3}{2x_2}\right\}}$ है। **[2014]**

हल : माना कण t सेकेण्ड के बाद मूल बिन्दु से x दूरी पर है, तो $x = a\cos\omega t$

माना तीन उत्तरोतर सेकण्ड क्रमश: $t, t+1$ तथा $t+2$ से दिए जाते हैं।

अत: $x_1 = a\cos\omega t,\ x_2 = a\cos\omega(t+1),\ x_3 = a\cos\omega(t+2)$

अब $x_1 + x_3 = a\{\cos\omega t + \cos\omega(t+2)\}$

$$= a\left[2\cos\left\{\frac{\omega t + \omega(t+2)}{2}\right\}.\cos\left\{\frac{\omega t - \omega(t+2)}{2}\right\}\right]$$

$$\left[\because \cos C + \cos D = 2\cos\frac{C+D}{2}.\cos\frac{C-D}{2}\right]$$

$$= 2a\cos\omega(t+1).\cos\omega = 2x_2\cos\omega \qquad [\because x_2 = a\cos\omega(t+1)]$$

$\therefore \quad \cos\omega = \dfrac{x_1 + x_3}{2x_2} \quad$ या $\quad \omega = \cos^{-1}\dfrac{x_1 + x_3}{2x_2}$

$\therefore$ सम्पूर्ण दोलन काल $= \dfrac{2\pi}{\omega} = \dfrac{2\pi}{\cos^{-1}\dfrac{x_1 + x_3}{2x_2}}$

उदाहरण 3. सरल आवर्त गति करते हुए कण की साम्य स्थिति से 3 सेमी दूरी पर त्वरण 12 सेमी/से^{2} है। इसका आवर्तकाल ज्ञात करें।

हल : यहाँ त्वरण $f = 12$ सेमी/से^{2}, साम्य स्थिति से विस्थापन $= a$

$\therefore$ त्वरण $f = \omega^2 a \quad \Rightarrow \quad \omega^2 = \dfrac{f}{a} = \dfrac{12}{3} = 4 \quad \Rightarrow \quad \omega = 2$

$\therefore$ आवर्तकाल $T = \dfrac{2\pi}{\omega} = \dfrac{2 \times 3.14}{2} = 3.14$ सेकेण्ड।

www.polytechnicpdf.com

6.7 न्यूटन का शीतलन नियम (Newton's Law of Cooling)

कथन (Statement) : किसी माध्यम से घिरे पिंड के तापमान (Temperature) परिवर्तन की दर उस पिंड के तापमान तथा उस माध्यम के तापमान के अंतर के समानुपाती होती है।

अत: यदि किसी समय t पर किसी पिंड का तापमान T तथा उसको घेरने वाले माध्यम का तापक्रम S हो तो

$$\frac{dT}{dt} \propto (T - S)$$

अर्थात् $\frac{dT}{dt} = -k(T - S)$, जहाँ k एक नियतांक है तथा $k > 0$.

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. एक पिण्ड जिसका प्रारंभिक तापमान 80° C है, 20 मिनट बाद 60° C पर पहुँच जाता है जबकि वायु का तापमान 40° C है। प्रारंभिक स्थिति से 40 मिनट बाद पिंड का तापमान क्या होगा ? **[2005]**

हल : यदि समय t पर पिंड का तापमान T तथा वायु का ताप S हो, तो

$$\frac{dT}{dt} = -k(T - S) \quad \text{या} \quad \frac{dT}{T - S} = -k$$

$$\Rightarrow \frac{dT}{T - 40} = -k \qquad [\because S = 40°\text{C}]$$

$$\Rightarrow \int \frac{dt}{T - 40} = -k \int dt \qquad \Rightarrow \log(T - 40) = -kt + \log c$$

$$\Rightarrow \log \frac{T - 40}{c} = -kt \qquad \left[\because \log m - \log n = \log \frac{m}{n}\right]$$

$$\Rightarrow T - 40 = c\,e^{-kt} \qquad \ldots(1)$$

अब $t = 0, T = 80°$

(1) में यह मान रखने पर

$$80 - 40 = c\,e^{-k \times 0} \Rightarrow c = 40$$

पुन: $t = 20$ तो $T = 60°$

अत: $60 - 40 = 40\,e^{-20k}$ [(1) से]

$$\Rightarrow \frac{20}{40} = e^{-20k} \qquad \Rightarrow \log \frac{20}{40} = -20k$$

$$\Rightarrow \log 1 - \log 2 = -20k \qquad \Rightarrow k = \frac{1}{20} \log 2 \qquad [\because \log 1 = 0]$$

अत: (1) से

$$T - 40 = 40\,e^{-\left(\frac{1}{20}\log 2\right)t} \qquad \ldots(2)$$

अत: जब $t = 40$ मिनट, तो (2) से

$$T = 40 + 40\,e^{-\frac{1}{20}\log 2 \times 40} = 40 + 40\,e^{-2\log 2}$$

$$= 40 + 40\,e^{\log \frac{1}{2^2}} = 40 + 40 \times \frac{1}{4} \qquad [\because e^{\log f(x)} = f(x)]$$

$$= 40 + 10 = 50°\text{C}$$

उत्तर

www.polytechnicpdf.com

उदाहरण 2. कमरे में एक थर्मामीटर की प्रारम्भिक पाठ्यांक 80° F है, जो अगले 5 मिनटों में 60° F तथा उसके अगले 5 मिनटों में से 50° F हो जाता है, तो कमरे का तापक्रम बताइये।

हल : माना किसी समय t पर थर्मामीटर का पाठ्यांक $T°$ F तथा कमरे का तापक्रम $S°$ F है, तो न्यूटन शीतलीकरण नियम से

$$\frac{dT}{dt} \propto (T-S) \qquad \Rightarrow \frac{dT}{dt} = -k(T-S)$$

$$\Rightarrow \frac{dT}{T-S} = -k\,dt \qquad \Rightarrow \int \frac{1}{T-S}\,dt = -k\int dt$$

$$\Rightarrow \log(T-S) = -kt + c \qquad \ldots(1)$$

अब $t=0$ पर $T=80°$ $\qquad \therefore \log(80°-S) = -k\times 0 + c$ [(1) से]

$\Rightarrow c = \log(80°-S)$

(1) में यह मान रखने पर

$$\log(T-S) = -kt + \log(80°-S) \Rightarrow \log\frac{T-S}{80-S} = -kt \qquad \ldots(2)$$

पुनः जब $t=5, T=60°$ तथा जब $t=10, T=50°$

$$\log\frac{60-S}{80-S} = -5k \qquad \text{तथा} \quad \log\frac{50-S}{80-S} = -10k = 2\times(-5k)$$

$$\therefore \quad \log\frac{50-S}{80-S} = 2\log\frac{60-S}{80-S} = \log\left(\frac{60-S}{80-S}\right)^2 \qquad [\because n\log m = \log m^n]$$

$$\Rightarrow \frac{50-S}{80-S} = \left(\frac{60-S}{80-S}\right)^2 \qquad \Rightarrow (60-S)^2 = (50-S)(80-S)$$

$$\Rightarrow 3600 - 120S + S^2 = 4000 - 50S - 80S + S^2$$

$$\Rightarrow 130S - 120S = 4000 - 3600 \qquad \Rightarrow 10S = 400$$

$$\therefore \quad S = \frac{400}{10} = 40° \text{ F}$$

अतः कमरे का तापक्रम 40° F है। उत्तर

6.8 रेडियोएक्टिव क्षय (Radioactive Decay)

रेडियोएक्टिव पदार्थों का नाभिक (Nucleus) अस्थिर होता है। इससे α, β, γ किरणों का उत्सर्जन होता रहता है। यह क्षय (Decay) कहलाती है। यह उत्सर्जन तब तक जारी रहता है, जब तक नाभिक को स्थायित्व न मिल जाए तथा स्थाई तल न प्राप्त हो जाए। क्षय की यह क्रिया निम्नलिखित गणितीय नियम के अनुसार होती है।

नियम : किसी क्षण रेडियोएक्टिव पदार्थों के क्षय की दर उस क्षण उस तत्व की मात्रा के समानुपाती होती है।

यदि किसी समय t पर रेडियोऐक्टिव तत्व की मात्रा m हो, तो

$$\frac{dm}{dt} \propto m \Rightarrow \frac{dm}{dt} = -\lambda m, \text{ जहाँ } \lambda \text{ नियतांक है तथा } \lambda > 0$$

नोट :

- ऋणात्मक चिह्न बताता है कि समय के साथ m के मान में कमी हो रही है।

www.polytechnicpdf.com

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. यूरेनियम के विघटन की दर उस क्षण मौजूद उसकी मात्रा के समानुपाती होती है। यदि समय t_1 तथा t_2 पर m_1 तथा m_2 ग्राम यूरेनियम उपस्थित हों तो दिखायें कि यूरेनियम का अर्द्ध-आयु $(t_1 - t_2)\log 2/\log\frac{m_1}{m_2}$ होगी। **[2015]**

हल : माना किसी समय t पर यूरेनियम की मात्रा m है, तो विघटन नियम से

$$\frac{dm}{dt} = -km \qquad \Rightarrow \qquad \frac{dm}{m} = -k\,dt$$

$$\Rightarrow \int_{m_1}^{m_2}\frac{dm}{m} = -k\int_{t_1}^{t_2} dt \qquad \Rightarrow \qquad [\log m]_{m_1}^{m_2} = -k[t]_{t_1}^{t_2}$$

$$\Rightarrow \log\frac{m_1}{m_2} = -k(t_2 - t_1) \qquad \ldots(1)$$

माना t समय पश्चात् यूरेनियम की मात्रा घटकर $\frac{m}{2}$ हो जाती है, तो

$$\int_{m}^{m/2}\frac{dm}{m} = -k\int_0^t dt \qquad \Rightarrow \qquad [\log m]_m^{m/2} = -k[t]_0^t$$

$$\Rightarrow \log\frac{m}{2} - \log m = -kt \qquad \Rightarrow \qquad \log m - \log 2 - \log m = -kt$$

$$\Rightarrow kt = \log 2 \qquad \Rightarrow \qquad k = \frac{\log 2}{t}$$

k का मान (1) में रखने पर

$$\log\frac{m_1}{m_2} = \frac{\log 2}{t}(t_2 - t_1)$$

$$\Rightarrow t = (t_2 - t_1)\log 2/\log\frac{m_1}{m_2}$$

$\therefore$ यूरेनियम की अर्द्ध-आयु $t = \dfrac{(t_2 - t_1)}{\log\frac{m_1}{m_2}}\log 2$

उदाहरण 2. एक रेडियोएक्टिव पदार्थ की सक्रियता 100 वर्षों में घटकर प्रारम्भिक मात्रा का $\frac{1}{4}$ रह जाती है, तो उस पदार्थ का अर्द्ध-आयु काल बतायें।

हल : माना अर्द्ध-आयु काल $= t$, तो $t = \dfrac{t_2 - t_1}{\log\frac{m_1}{m_2}}\log 2$ [सूत्र] ...(1)

प्रश्न से, $t_2 - t_1 = 100$ वर्ष

यदि $m_1 = m$ हो तो $m_2 = \frac{m}{4}$

$\therefore$ (1) से

www.polytechnicpdf.com

$$t = \frac{100}{\log \frac{m}{m/4}} \log 2 = \frac{100}{\log 4} \log 2 = \frac{100}{\log 2^2} \times \log 2 = \frac{100}{2 \log 2} \times \log 2 = 50 \text{ वर्ष}$$

6.9. जनसंख्या वृद्धि दर (Population Growth Rate)

जनसंख्या वृद्धि दर जनसंख्या के समानुपाती होती है

माना किसी समय t पर देश की जनसंख्या P है, तो

$$\frac{dP}{dt} \propto P$$

$\Rightarrow \frac{dP}{dt} = kP$, जहाँ k समानुपाती नियतांक है।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. किसी कॉलोनी की जनसंख्या 50 दिनों में दुगुनी हो जाती है, तो कितने दिनों में यह तिगुनी हो जायेगी ?

हल : माना प्रारम्भिक जनसंख्या $P_0 = x$ तथा t दिनों बाद जनसंख्या $P_1 = y$

तो $\frac{dy}{dt} \propto y \Rightarrow \frac{dy}{dt} = ky \Rightarrow \frac{dy}{y} = k\,dt$

$$\Rightarrow \int \frac{dy}{y} = k \int dt \qquad \Rightarrow \log y = kt + c \qquad \ldots(1)$$

जब $t = 0, y = x$

$\therefore \quad \log x = k \times 0 + c$ [(1) से]

$\Rightarrow \quad c = \log x$

(1) में यह मान रखने पर

$$\log y = kt + \log x \Rightarrow \log y - \log x = kt$$

$$\Rightarrow \log \frac{y}{x} = kt \qquad \therefore \quad t = \frac{1}{k} \log \frac{y}{x} \qquad \ldots(2)$$

पुनः जब $t = 50, y = 2x$

$$\therefore \quad 50 = \frac{1}{k} \log \frac{2x}{x} \Rightarrow 50 = \frac{1}{k} \log 2$$

$$\Rightarrow \quad k = \frac{1}{50} \log 2$$

माना t_1 समय बाद जनसंख्या तिगुनी हो जाती है

अर्थात् जब $t = t_1, y = 3x$, तो (2) से

$$t_1 = \frac{1}{\frac{1}{50} \log 2} \log \frac{3x}{x} \qquad \left[\because k = \frac{1}{50} \log 2\right]$$

$$\Rightarrow \quad t_1 = 50 \frac{\log 3}{\log 2}$$

अतः आबादी $50 \frac{\log 3}{\log 2}$ दिनों में तिगुनी हो जाएगी।

www.polytechnicpdf.com

6.10 स्प्रिंग के दोलन (Oscillations of a Spring) :

मुक्त दोलन : किसी दोलन करने वाली वस्तु को उसकी साम्यावस्था से विस्थापित कर विस्थापन बल हटा लिया जाए, तो वह निश्चित आवृत्ति से दोलन करने लगती है। वस्तु का वह दोलन मुक्त दोलन कहलाता है।

(a) (i) मुक्त दोलन (डैम्पिंग प्रभाव रहित) [Free Oscillation (without Damping effect)] : माना एक भार-रहित स्प्रिंग का एक सिरा बिंदु O से जुड़ा है तथा दूसरे सिरे A से m द्रव्यमान का एक पिंड लटक रहा है।



माना इस पिंड के द्रव्यमान m के कारण स्प्रिंग की लम्बाई में वृद्धि s है जो चित्र में AB से दिखाई गई है। माना प्रत्यास्थता के कारण प्रत्यानयन बल (Rstoring Force) k हो, तो B पर संतुलन की अवस्था में

$$mg = ks \qquad \ldots(1)$$

माना t समय बाद पिंड Q तक विस्थापित हो जाता है, जिससे $BQ = x$ तथा लंबाई में कुल वृद्धि $= x + s$

अतः ऊर्ध्वाधर दिशा में ऊपर को लगा प्रत्यानयन बल $= -k(x+s)$

पुनः बिन्दु का भार mg ऊर्ध्वाधरतः नीचे की ओर क्रियाशील है।

अतः गति का समीकरण

$$m\frac{d^2x}{dt^2} = mg - k(x+s) \qquad \text{[न्यूटन के गति के द्वितीय नियम से]}$$

$$\Rightarrow \quad m\frac{d^2x}{dt^2} = mg - kx - ks = mg - mg - kx \qquad \text{[(1) से]}$$

$$\Rightarrow \quad m\frac{d^2x}{dt^2} = -kx \quad \Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} + \frac{k}{m}x = 0 \quad \Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} + \omega^2 x = 0, \qquad \text{जहाँ } \frac{k}{m} = \omega^2$$

यह समीकरण स्प्रिंग के मुक्त दोलन को बताता है जो सरल आवर्त है।

(ii) अवमंदित दोलन (Damped Oscillation) : यदि m द्रव्यमान का पिंड दोलन कर रहा हो, तो उस पर लगने वाले प्रतिरोधी बल के कारण दोलन अवमंदित हो जाता है, जो अवमंदित दोलन (Damped Oscillation) कहलाता है।



अवमंदित बल (Damped Force) या तो अचर हो सकता है या वेग के समानुपाती। यदि यह बल गति के समानुपाती है, तो अवमंदित बल $= k_1 \dfrac{dx}{dt}$

अतः गति का समीकरण $m\dfrac{d^2x}{dt^2} = mg - k(x+s) - k_1\dfrac{dx}{dt}$

$$\Rightarrow \quad m\frac{d^2x}{dt^2} = mg - kx - ks - k_1\frac{dx}{dt}$$

$$\Rightarrow \quad m\frac{d^2x}{dt^2} = mg - mg - kx - k_1\frac{dx}{dt} \qquad [\because ks = mg]$$

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} + \frac{k_1}{m}\frac{dx}{dt} + \frac{k}{m}x = 0 \quad \Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} + 2\lambda\frac{dx}{dt} + \omega^2 x = 0, \qquad \text{जहाँ } \frac{k_1}{m} = 2\lambda, \frac{k}{m} = \omega^2$$

यह अवमंदित दोलन का अभीष्ट समीकरण है।

नोट :

- यदि अवमंदित बल गति के समानुपाती हो, तो अवमंदन **श्यान अवमंदन (Viscous Damping)** के नाम से जाना जाता है।

www.polytechnicpdf.com

(b) बल के अधीन दोलन या प्रणोदित दोलन (Forced Oscillation)

जब स्प्रिंग के आधार बिन्दु पर कोई बाह्य आवर्ती बल लगाया जाता है, जिससे वह दोलन करने लगता है, तो यह दोलन प्रणोदित दोलन कहलाता है।

(i) प्रणोदित दोलन (अवमंदन रहित) (Forced Oscillation without Damping) :

माना बाह्य आवर्ती बल $Q \cos nt$ है, तो

गति का समीकरण $m\dfrac{d^2x}{dt^2} = mg - ks - kx + Q\cos nt$

$$\Rightarrow \quad m\frac{d^2x}{dt^2} = -kx + Q\cos nt \qquad [\because mg = ks]$$

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} = -\frac{k}{m}x + \frac{Q}{m}\cos nt \qquad \Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} + \frac{k}{m}x = \frac{Q}{m}\cos nt$$

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} - \omega^2 x = E\cos nt, \text{ जहाँ } \frac{k}{m} = \omega^2, \frac{Q}{m} = E$$

यह प्रणोदित दोलन का अभीष्ट समीकरण है।

(ii) प्रणोदित दोलन (अवमंदन सहित) (Forced Oscillation with Damping) : यदि बाह्य आवर्ती बल के अतिरिक्त स्प्रिंग पर एक अतिरिक्त बल जो वेग $\left(= k_1\dfrac{dx}{dt}\right)$ के समानुपाती है, कार्य कर रहा है, तो

गति का समीकरण $m\dfrac{d^2x}{dt^2} = mg - ks - kx - k_1\dfrac{dx}{dt} + Q\cos nt$



$$\Rightarrow \quad m\frac{d^2x}{dt^2} = -kx - k_1\frac{dx}{dt} + Q\cos nt \qquad (\because mg = ks)$$

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} = -\frac{k}{m}x - \frac{k_1}{m}\frac{dx}{dt} + \frac{Q}{m}\cos nt$$

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} + \frac{k_1}{m}\frac{dx}{dt} + \frac{k}{m}x = \frac{Q}{m}\cos nt$$

$$\Rightarrow \quad \frac{d^2x}{dt^2} + 2\lambda\frac{dx}{dt} + \omega^2 x = E\cos nt, \text{ जहाँ } \frac{k_1}{m} = 2\lambda, \frac{k}{m} = \omega^2, \frac{Q}{m} = E$$

6.11 विद्युत एवं यांत्रिक निकायों की तुल्यता (Equivalence of Electrical and Mechanical Systems)

यदि हम *L-C-R* श्रेणी परिपथ के समीकरण तथा यांत्रिक निकायों के समीकरण पर विचार करें तो दोनों समीकरण समान हैं।

नीचे दी गई सारणी में यन्त्रिक एवं विद्युत निकाय की संगतता (analogy) को दिखाया गया है।

क्र० सं०	यांत्रिक निकाय		विद्युत परिपथ
1.	(m)	$\leftrightarrow$	L
2.	(Damping constant)	$\leftrightarrow$	R
3.	(k) (Spring Stiffness)	$\leftrightarrow$	$\left(\dfrac{1}{C}\right)$
4.	(Driving Force, $Q\cos nt$)	$\leftrightarrow$	(emf) $E\dfrac{dE}{dt}$
5.	(x)	$\leftrightarrow$	i or q

www.polytechnicpdf.com

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. एक स्प्रिंग में 20 किलोग्राम भार का बल लगाकर उसे 10 सेमी तक खींचा जा सकता है। यदि स्प्रिंग से 10 किलोग्राम का एक पिंड लटकाकर संतुलन की स्थिति से 20 सेमी नीचे खींचकर छोड़ दिया जाए, तो संतुलन की स्थिति से किसी समय t पर पिंड का विस्थापन तथा अधिकतम वेग ज्ञात करें। पिण्ड का दोलनकाल भी ज्ञात करें।

हल : सूत्र से $mg = kx$, जहाँ k प्रत्यानन बल है

यहाँ $m = 20$ kg, $x = 10$ सेमी $= 0.1$ m $\quad\therefore\quad 20g = k \times 0.1$

$$\Rightarrow \quad k = \frac{20g}{0.1} = 200g \text{ N/m}$$

पुनः माना $m = 10$ किलोग्राम का भार लटकाने पर लंबाई में वृद्धि s हो, तो

$$mg = ks \Rightarrow 10g = 200gs$$

$$\Rightarrow \quad s = \frac{10}{200} = \frac{1}{20} = 0.5 \text{ m}$$

अब गति का समीकरण $m\dfrac{d^2x}{dt^2} = -kx \;\Rightarrow\; \dfrac{d^2x}{dt^2} + \dfrac{k}{m}x = 0$

या $\dfrac{d^2x}{dt^2} + \omega^2 x = 0$, जहाँ $\omega^2 = \dfrac{k}{m} = \dfrac{200g}{10} = 20g$

$$= 20 \times 9.8 = 196$$

$\therefore \quad \omega = \sqrt{196} = 14$

$\therefore$ दोलन काल $= \dfrac{2\pi}{\omega} = \dfrac{2\pi}{14} = \dfrac{2 \times 3.14}{14} = 0.45$ सेकण्ड

तथा विस्थापन $x = a\cos\omega t = 0.2\cos 14t \qquad [\because a = 20 \text{ cm} = 0.2 \text{ m}, \omega = 14]$

तथा वेग $\dfrac{dx}{dt} = -a\omega\sin\omega t = -0.2 \times 14\sin 14t = -2.8\sin 14t$

अधिकतम वेग $= -2.8 \times 1 \qquad$ [$\sin at$ का अधिकतम मान 1 है]

$= 2.8$ m/sec [–ive चिह्न वेग की दिशा बताता है]

उदाहरण 2. एक स्प्रिंग जिसका स्प्रिंग नियतांक $k = 700$ N/M ऊर्ध्वाधर लटकी है। स्प्रिंग के निचले सिरे से 7 किलोग्राम का द्रव्यमान सम्बद्ध है। द्रव्यमान को 0.05 m नीचे खींचकर छोड़ दिया जाता है। द्रव्यमान के परिणामी गति की विवेचना कीजिए।

हल : गति का समीकरण $m\dfrac{d^2x}{dt^2} = -kx \qquad \ldots(1)$

प्रश्न से, $m = 7$, $k = 700$ तथा $\omega = \sqrt{\dfrac{k}{m}} = \sqrt{\dfrac{700}{7}} = 10$

(1) से $\qquad 7\dfrac{d^2x}{dt^2} = -700x$

$\Rightarrow \quad \dfrac{d^2x}{dt^2} + 100x = 0 \qquad \Rightarrow \quad (D^2 + 100)x = 0$

$\therefore$ सहायक समीकरण $D^2 + 100 = 0 \qquad \Rightarrow \quad D = \pm 10i = 0 \pm 10i$

$\therefore$ सम्पूर्ण समीकरण $x = e^{0t}(C_1\cos 10t + C_2\sin 10t)$

$$= C_1\cos 10t + C_2\sin 10t \qquad \ldots(2)$$

www.polytechnicpdf.com

(2) में $t = 0, x = 0.05$ रखने पर, $C_1 = 0.05$

पुनः (2) से,

$$\frac{dx}{dt} = -10C_1 \sin 10t + 10C_2 \cos 10t \quad ...(3)$$

(3) में $v = 0, t = 0$ रखने पर, $0 = 10C_2 \Rightarrow C_2 = 0$

अतः (2) में C_1 तथा C_2 का मान रखने पर

$$x = 0.05 \cos 10t$$

यह t समय के बाद विस्थापन है।

आवर्तकाल (Period) $= \frac{2\pi}{\omega} = \frac{2\pi}{10} = 0.628$ सेकण्ड

आवृत्ति (Frequency) $= \frac{1}{T} = \frac{\omega}{2\pi} = \frac{10}{2\pi} = 1.59$ दोलन/सेकण्ड

आयाम (Amplitude) $= 0.05$ m

प्रश्नावली 6.1

1. 1000 ओम के प्रतिरोध तथा 10 हेनरी के प्रेरकत्व को 500 वोल्ट की एक बैटरी के साथ श्रेणी क्रम में जोड़ा गया है। परिपथ में धारा i का मान t के फलन के रूप में निकालें।
2. 16 ओम के प्रतिरोध तथा 4 हेनरी के प्रेरकत्व को 80 वोल्ट की एक बैटरी से श्रेणी क्रम में जोड़ दिया गया है। परिपथ में 0.05 सेकण्ड बाद धारा का मान ज्ञात करें। $[e^{-0.1} = 0.9048]$
3. एक कुण्डली जिसका प्रतिरोध 15 ओम तथा प्रेरकत्व 10 हेनरी है, 90 वोल्ट की बैटरी से जोड़ दिया गया है। 2 सेकण्ड बाद परिपथ में धारा का मान ज्ञात करें।
4. 20 ओम के प्रतिरोध तथा 2 हेनरी के प्रेरकत्व को 100 वोल्ट के विद्युत वाहक बल के साथ श्रेणी क्रम में जोड़ा गया है। यदि $t = 0$ के लिए धारा का मान शून्य हो तो 0.01 सेकण्ड के बाद धारा का मान ज्ञात करें।
5. सरल आवर्त गति करते हुए पिण्ड का आवर्तकाल 0.25 सेकण्ड है। यदि आयाम 4 सेमी हो तो पिण्ड का अधिकतम वेग तथा त्वरण ज्ञात करें।

   [संकेत : $n = \frac{1}{T} = 4$, $a = 4$ सेमी $\therefore V_{max} = a\omega = a(2\pi n)$ तथा $\alpha_{max} = a\omega^2$]
6. एक वस्तु सरल आवर्त गति कर रही है जिसका समीकरण $x = 6\cos\left(3\pi t + \frac{\pi}{3}\right)$ मीटर है, तो गति की आवृत्ति तथा आवर्तकाल ज्ञात कीजिए। $t = 2$ सेकण्ड पर विस्थापन ज्ञात कीजिए।
7. पानी जिसका तापक्रम 100° C है, एक कमरे में रखा है। 10 मिनट बाद इसका तापक्रम 88° C हो जाता है। यदि कमरे का तापक्रम 25°C हो तो 20 मिनट बाद पानी का तापक्रम बतायें।
8. एक वस्तु के ठंडी होने की दर उसके तथा वातावरण के ताप के अंतर के समानुपाती होती है। यदि वातावरण का ताप 25° C हो तथा वस्तु 100° से 75° C तक एक मिनट में ठंडी हुई हो, तो 3 मिनट के बाद वस्तु का ताप ज्ञात करें।
9. एक रेडियोएक्टिव पदार्थ के विघटन की दर उसकी मात्रा के समानुपाती होती है। यदि रेडियोएक्टिव पदार्थ की सक्रियता 30 वर्ष में घटकर $\frac{1}{16}$ रह जाती है तो पदार्थ की अर्द्ध-आयु की गणना करें।
10. एक रेडियोधर्मी पदार्थ की सक्रियता 1000 वर्षों में घटकर अपने प्रारम्भिक मान का $\frac{1}{1000}$ रह जाती है, तो पदार्थ की अर्द्ध-आयु की गणना करें।

www.pdfteachingdf.com

11. किसी देश की जनसंख्या प्रतिवर्ष 8% की दर से बढ़ रही है कितने दिनों में जनसंख्या दूनी हो जाएगी ?
[संकेत : $\frac{dy}{dt} = \frac{8}{100} y$, जहाँ $y = t$ समय बाद जनसंख्या]

12. किसी देश की जनसंख्या 25 वर्षों में दूनी हो जाती है, तो यह कितने वर्षों में तिगुनी हो जाएगी?

13. एक स्प्रिंग, जिसका स्प्रिंग नियतांक 1000 N/m है, ऊर्ध्वाधर लटकी है। इसके निचले सिरे पर 10 किग्रा का द्रव्यमान बंधा है। द्रव्यमान को 5 सेमी नीचे खींचकर छोड़ दिया जाता है। स्प्रिंग का दोलनकाल, आवृत्ति, आयाम तथा t समय बाद विस्थापन ज्ञात करें

14. एक स्प्रिंग के निचले सिरे पर 5 किग्रा का द्रव्यमान बंधा है। स्प्रिंग का नियतांक $k = 100$ न्यूटन/मीटर है और $\frac{1}{10}\frac{dx}{dt}$ गति में प्रतिरोधी बल भी काम कर रहा है। पिंड को 10 सेमी नीचे खींचकर छोड़ दिया गया है। गति का अवकल समीकरण लिखिए।
[संकेत : $\omega^2 = \frac{k}{m} = \frac{100}{5} = 20$; $2\lambda \frac{dx}{dt} = \frac{1}{10}\frac{dx}{dt}$ $\therefore$ समीकरण $\frac{d^2x}{dt^2} + \frac{1}{10}\frac{dx}{dt} + 20x = 0$]

उत्तरमाला

1. $i = \frac{1}{2}[1 - e^{-100t}]$
2. $i = 0.4760$ ऐम्पियर
3. 5.70 ऐम्पियर
4. 0.475 ऐम्पियर
5. $V_{max} = 100.53$ cm/s; $\alpha_{max} = 2526.62$
6. आवर्तकाल $= \frac{2}{3}$ सेकण्ड; आवृत्ति $= \frac{3}{2}$ कंपन/सेकण्ड; विस्थापन = 3 मीटर
7. 77.9°C
8. 47.22°C
9. 7.5 वर्ष
10. 100.3 वर्ष
11. $\frac{25}{2}\log 2$ वर्ष
12. $25\frac{\log 3}{\log 2}$ वर्ष
13. 0.628 सेकण्ड, 1.59 दोलन/सेकण्ड, आयाम = 0.05 मीटर, विस्थापन $x = 0.05\cos 10t$
14. $\frac{d^2x}{dt^2} + \frac{1}{10}\frac{dx}{dt} + 20x = 0$

□□□

www.polytechnicnotes.com

खण्ड : 3

अवकल गणित

7. दो तथा तीन चरों के फलन तथा अन्तरिक्ष में पृष्ठों की पहचान 143

8. आंशिक अवकलन 148

9. जैकोबियन 166

10. सदिश अवकलन 185

11. ग्रेडिएंट, डाइवर्जेन्स तथा कर्ल 197

12. द्विगुण एवं त्रिगुण समाकलन : परिचय 213

13. सदिशों का समाकलन 220

www.polytechnicpdf.com

7 CHAPTER

दो तथा तीन चरों के फलन तथा अन्तररिक्ष में पृष्ठों की पहचान

(Functions of Two or Three Variables and Identification of surfaces in space)

इस अध्याय में हम दो एवं तीन चरों के कुछ महत्वपूर्ण फलनों एवं उनकी पहचान के बारे में जानेंगे।

7.1 दो चरों में सामान्य द्विघातीय समीकरण

दो चरों में सामान्य द्विघातीय समीकरण को निम्न रूप में व्यक्त किया जाता है

$$ax^2 + 2hxy + by^2 + 2gx + 2fy + c = 0$$

यह विभिन्न स्थितियों में विभिन्न वक्रों को निरूपित करता है, जिसे निम्न रूप में व्यक्त किया जा सकता है :

यदि $\Delta = abc + 2fgh - af^2 - bg^2 - ch^2$ तो

निरूपित वक्रों का निर्धारण Δ के मान के आधार पर किया जा सकता है, जो निम्न तालिका में दिखाया गया है।

	प्रतिबंध	वक्र (शांकव) के प्रकार
(a)	$\Delta = 0$	दो सरल रेखायें
(b)	$\Delta \neq 0$ तथा	
(i)	$h = 0;\ a = b$	वृत्त
(ii)	$ab - h^2 = 0$	परवलय
(iii)	$ab - h^2 > 0$	दीर्घवृत्त
(iv)	$ab - h^2 < 0$	अतिपरवलय
(v)	$ab - h^2 < 0,\ a + b = 0$	समकोणिक अतिपरवलय

7.2 दो चरों के कुछ महत्वपूर्ण फलन

	फलन	पहचान
1.	$x^2 + y^2 + 2gx + 2fy + c = 0$	वृत्त; केन्द्र $= (-g, -f)$, त्रिज्या $= \sqrt{g^2 + f^2 - c}$
2.	$x^2 + y^2 = a^2$	वृत्त; केन्द्र $(0, 0)$, त्रिज्या $= a$
3.	$y^2 = 4ax$	परवलय; शीर्ष $= (0, 0)$, नाभि $(a, 0)$, नाभिलंब $= 4a$
4.	$y^2 = -4ax$	परवलय; शीर्ष $= (0, 0)$, नाभि $= (-a, 0)$, नाभिलंब $= 4a$
5.	$x^2 = 4ay$	परवलय; शीर्ष $= (0, 0)$, नाभि $= (0, a)$, नाभिलंब $= 4a$

www.polytechnicpdf.com

6.	$x^2 = -4ay$	परवलय; शीर्ष $= (0, 0)$, नाभि $= (0, -a)$, नाभिलंब $= 4a$
7.	$\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1, a > b$	दीर्घवृत्त, केन्द्र $= (0, 0)$ नाभियाँ $= (-ae, 0), (ae, 0)$ दीर्घअक्ष $= 2a$, लघुअक्ष $= 2b$ उत्केन्द्रता $= e$ $b^2 = a^2(1 - e^2), e < 1$ नाभिलंब $= \frac{2b^2}{a}$
8.	$\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$	अतिपरवलय नाभियाँ $= (\pm ae, 0)$ नियतायें $= \pm a/e$ शीर्ष $= (\pm a, 0)$ अनुप्रस्थ अक्ष $= 2a$, संयुग्मी अक्ष $= 2b$ $b^2 = a^2(e^2 - 1), e > 1$ नाभिलंब $= \frac{2b^2}{a}$

7.3 तीन चरों के फलन (Functions of Three Variables)

अंतरिक्ष में स्थित किसी बिंदु को व्यक्त करने के लिए तीन चरों x, y, z की आवश्यकता होती है तथा इसकी स्थिति को x-अक्ष, y-अक्ष तथा z-अक्ष के सापेक्ष दिखाया जाता है।

7.3.1 तीन चरों के फलन का सामान्य रूप एवं शांकवज (General Form of Function of Three Variables and Conicoids)

तीन चरों x, y, z में द्विघातीय समीकरण निम्न रूप में दिया जाता है :

$$F(x, y, z) \equiv ax^2 + by^2 + cz^2 + 2fyz + 2gzx + 2hxy + 2ux + 2vy + 2wz + d = 0 \quad ...(1)$$

इसके द्वारा प्रदर्शित विभिन्न पृष्ठों को शांकवज (Conicoids) कहा जाता है।

मूलबिन्दु और अक्षों के चुनाव के आधार पर समीकरण (1) सरल रूप में विभिन्न शांकवजों को प्रदर्शित करता है।

वस्तुतः शांकवज ऐसे पृष्ठ हैं जिनको निर्देशांक समतलों (XOY, YOZ, ZOX) के समानांतर समतलों से काटने पर परिच्छेद (Section) शांकव (Conics) अर्थात् परवलय दीर्घवृत्त अथवा अतिपरवलय प्राप्त होते हैं।

मूल बिन्दुओं और अक्षों के उपयुक्त चयन से समीकरण (1) को निम्नलिखित सरल रूप में परिवर्तित कर विभिन्न शांकवजों के समीकरण प्राप्त होते हैं।

www.polytechnicpdf.com

तीन चरों का फलन

क्र० सं०	समीकरण	शांकवज	पहचान
1.	$\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}+\frac{z^2}{c^2}=1$	दीर्घवृत्तज (Ellipsoid)	(i) केन्द्र (0, 0, 0) (ii) शीर्ष : x-अक्ष पर $(a, 0, 0)$ तथा $(-a, 0, 0)$ y-अक्ष पर $(0, b, 0)$ तथा $(0, -b, 0)$ z-अक्ष पर $(0, 0, c)$ तथा $(0, 0, -c)$
			(iii) अर्द्धाक्ष (Semi-axis) : a, b, c (मूल बिन्दु से अक्षों की दूरी)
2.	$\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}-\frac{z^2}{c^2}=1$	एक पृष्ठीय अतिपरवलयज (One Sheet Hyperboloid)	केन्द्र (0, 0, 0) शीर्ष : x-अक्ष पर $(a, 0, 0)$ तथा $(-a, 0, 0)$ y-अक्ष पर $(0, b, 0)$ तथा $(0, -b, 0)$ तथा z-अक्ष पर कल्पित बिन्दु पर काटता है
3.	$\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}-\frac{z^2}{c^2}=1$	द्विपृष्ठीय अतिपरवलयज (Two Sheet hyperboloids)	केन्द्र (0, 0, 0) अक्ष x-अक्ष पर $(a, 0, 0)$ तथा $(-a, 0, 0)$ तथा y-अक्ष z-अक्षों को यह कल्पित बिन्दु पर काटता है
4.	$\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=\frac{2z}{c}$	दीर्घवृत्तीय परवलयज (Elliptic Paraboloids)	
5.	$\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=\frac{2z}{c}$	अतिपरवलयिक परवलयज (Hyperbolic Paraboloid)	

नोट : (1), (2) तथा (3) से निरूपित शांकवज केन्द्रीय शांकवज (Central Conicoid) कहलाते हैं।

7.3.2 शांकवज के प्रमाणिक समीकरण एवं शांकवजों का निरूपण :

समीकरण $ax^2+by^2+cz^2=1$ विभिन्न शांकवजों को दर्शाता है, जिनका निर्धारण अचरों a, b तथा c के चिह्नों के आधार पर किया जाता है :

(i) यदि $a>0, b>0, c>0$ अर्थात् तीनों धनात्मक, तो पृष्ठ दीर्घवृत्तज होगा।

(ii) $a<0, b<0, c<0$ अर्थात् तीनों ऋणात्मक, तो पृष्ठ काल्पनिक दीर्घवृत्तज होगा।

(iii) यदि $a<0, b>0, c>0$ या $a>0, b<0, c>0$ या $a>0, b>0, c<0$ अर्थात् तीनों में कोई एक ऋणात्मक हो तो पृष्ठ एक पृष्ठीय अतिपरवलयज होगा।

(iv) यदि $a<0, b<0, c>0$; या $a>0, b<0, c<0$; या $a<0, b>0, c<0$ अर्थात् तीनों में कोई दो ऋणात्मक हों तो पृष्ठ द्विपृष्ठीय अतिपरवलयज होगा।

www.polytechnicpdf.com

7.3.3 तीन चरों के कुछ महत्वपूर्ण फलन एवं उनकी पहचान

क्र० सं०	समीकरण	पहचान
1.	$ax + by + cz + d = 0$	समतल जिसके अभिलंब की दिक्-कोज्यायें a, b, c के समानुपाती हैं।
2.	$\frac{x}{a} + \frac{y}{b} + \frac{z}{c} = 1$	अंतःखंड समीकरण : यह अक्षों x-अक्ष y-अक्ष तथा z-अक्ष पर क्रमशः अंतःखंड a, b, c काटता है।
3.	$x^2 + y^2 + z^2 = r^2$	गोला; केन्द्र $(0, 0, 0)$; त्रिज्या $= r$
4.	$(x-\alpha)^2 + (y-\beta)^2 + (z-\gamma)^2 = r^2$	गोला; केन्द्र (α, β, γ), त्रिज्या $= r$
5.	$x^2 + y^2 + z^2 + 2ux + 2vy + 2wz + d = 0$	गोला; केन्द्र $(-u, -v, -w)$; त्रिज्या $= \sqrt{u^2 - v^2 + w^2 - d}$
6.	$(x - x_1)(x - x_2) + (y - y_1)(y - y_2) + (z - z_1)(z - z_2) = 0$	गोला, व्यास के सिरे (x_1, y_1, z_1) तथा (x_2, y_2, z_2)
7.	$ax^2 + by^2 + cz^2 + 2hxy + 2gxz + 2fyz = 0$	शंकु, शीर्ष $(0, 0, 0)$
8.	$x^2 + y^2 = z^2 \tan^2 \alpha$	लंबवृत्तीय शंकु, शीर्ष $(0, 0, 0)$, अक्ष: z-अक्ष; अर्द्धशीर्ष कोण α

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. $2x^2 + 2y^2 - 6x + 5 = 0$ किस शांकव को निरूपित करता है?

हल : दिया गया समीकरण $2x^2 + 2y^2 - 6x + 5 = 0$

समीकरण $ax^2 + 2hxy + by^2 + 2gx + 2fy + c = 0$ से तुलना करने पर

$$a = 2, b = 2, c = 5, 2g = -6 \quad \Rightarrow \quad g = -3; 2f = 0 \quad \Rightarrow f = 0, h = 0$$

अब $\Delta = abc + 2fgh - af^2 - bg^2 - ch^2$ में यह मान रखने पर

$$= 2 \times 2 \times 5 + 2 \times 0 \times -3 - 0 - 2 \times (-3)^2 - 5 \times 0$$

$$= 20 - 18 = 2 \neq 0$$

अतः $\Delta \neq 0, a = b = 2, h = 0$

$\therefore$ यह वक्र वृत्त है।

उदाहरण 2. $2x^2 - 72xy + 23y^2 - 4x - 28y - 48 = 0$ कौन-सा वक्र निरूपितकरेगा?

हल : मानक समीकरण से तुलना करने पर

$$a = 2, 2h = -72; b = 23, 2g = -4 \Rightarrow g = -2; 2f = -28 \Rightarrow f = -14, c = -48$$

$\therefore \quad \Delta = abc + 2fgh - af^2 - bg^2 - ch^2$

$$= 2 \times 23 \times (-48) + 2 \times (-14)(-2)(-36) - 2(-14)^2 - 23(-2)^2 - (-48)(-36)^2$$

तथा $h^2 = (-36)^2 = 1296, \ ab = 2 \times 23 = 46 \neq 0$

अतः $h^2 > ab, \Delta \neq 0$

अतः शांकव अनिपरवलय है।

उदाहरण 3. समीकरण $144x^2 + 64y^2 - 36z^2 - 576 = 0$ से निरूपित पृष्ठ का नाम बतायें। [BTE 1997]

www.polytechnicpdf.com

हल : प्रश्न से, $144x^2 + 64y^2 - 36z^2 - 576 = 0$

$\Rightarrow \quad 144x^2 + 64y^2 - 36z^2 = 576$

$\Rightarrow \quad \frac{144}{576}x^2 + \frac{64}{576}y^2 - \frac{36}{576}z^2 = \frac{576}{576}$

$\Rightarrow \quad \frac{x^2}{4} + \frac{y^2}{9} - \frac{z^2}{16} = 1 \qquad \Rightarrow \quad \frac{x^2}{2^2} + \frac{y^2}{3^2} - \frac{z^2}{4^2} = 1$

जो समीकरण $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} - \frac{z^2}{c^2} = 1$ के रूप का है जो एक पृष्ठीय अतिपरवलयज है।

उदाहरण 4. $9x^2 - y^2 - 9z^2 = 9$ से निरूपित पृष्ठ का नाम बतायें।

हल : प्रश्न से, $9x^2 - y^2 - 9z^2 = 9$

$\Rightarrow \quad \frac{9x^2}{9} - \frac{y^2}{9} - \frac{9z^2}{9} = \frac{9}{9} \qquad \Rightarrow \quad \frac{x^2}{1} - \frac{y^2}{9} - \frac{z^2}{1} = 1$

$\Rightarrow \quad \frac{x^2}{1^2} - \frac{y^2}{3^2} - \frac{z^2}{1^2} = 1$

जो $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} - \frac{z^2}{c^2} = 1$ के रूप का है

अत: यह द्विपृष्ठीय अतिपरवलयज है।

उदाहरण 5. पृष्ठ $y^2 = 4ax$ की पहचान करें। **[2011]**

हल : प्रश्न से, $y^2 = 4ax$ परवलय को निरूपित करता है जिसका

(i) शीर्ष $= (0, 0)$

(ii) नाभि $= (a, 0)$

(iii) नाभिलंब $= 4a$

प्रश्नावली 7.1

1. $12x^2 - 23xy + 10y^2 - 25x + 26y - 14 = 0$ से निरूपित वक्र की पहचान करें।
2. $4x^2 + 9y^2 + 8x + 36y + 4 = 0$ से निरूपित वक्र की पहचान करें।
3. $4x^2 + 16y^2 + z^2 - 16 = 0$ से निरूपित होने वाले पृष्ठ का नाम बतायें।
4. $9x^2 - y^2 - 4z^2 = 36$ से निरूपित पृष्ठ का नाम बतायें तथा इसके केन्द्र तथा x-अक्ष से कटान बिन्दु का मान ज्ञात करें।
5. $36x^2 + 9y^2 + 64z^2 - 576 = 0$ द्वारा निरूपित पृष्ठ को पहचानें तथा केन्द्र, अर्द्धाक्ष तथा अक्षों से प्रतिच्छेदित बिन्दु (शीर्षों) को बतायें।

उत्तरमाला

1. अतिपरवलय
2. दीर्घवृत्त
3. दीर्घवृत्तज
4. द्विपृष्ठीय, अतिपरवलय, केन्द्र (0, 0, 0); (± 2,0,0)
5. केन्द्र (0, 0, 0), अर्द्धाक्ष 4, 8, 3 तथा प्रतिच्छेदन बिन्दु (± 4, 0, 0), (0, ± 8, 0), (0, 0, ± 3)

□□□

www.Polytechnicpdf.com

8

CHAPTER

आंशिक अवकलन
(Partial Differentiation)

15.1 परिचय (Introduction)

एक चर राशि के फलन के अवकलन से हम परिचित हो चुके हैं किंतु प्राय: गणितीय समस्याओं के समाधान के लिए हमें दो या दो से अधिक चर राशियों के फलन पर विचार करना पड़ता है। जैसे : किसी आयत का क्षेत्रफल दो चर राशियों लम्बाई तथा चौड़ाई का फलन है। इसी तरह किसी घनाभ का आयतन लंबाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई का फलन है।

परिभाषा : z को दो चर राशियों x तथा y का फलन कहा जाता है, यदि x तथा y के प्रत्येक मान के लिए z का एक निश्चित मान प्राप्त होता है, तो इसे $z = f(x, y)$ से सूचित करते हैं।

z को परतंत्र चर तथा x एवं y को स्वतंत्र चर कहते हैं।

15.2 आंशिक अवकल गुणांक (Partial Differential Coefficient)

यदि $z = f(x, y)$ दो स्वतंत्र चर राशियों x तथा y का फलन हो, तो y को अचर मानकर z का केवल x के सापेक्ष अवकलज (derivative) 'z' का x के सापेक्ष आंशिक अवकलज (Partial derivative) कहलाता है तथा इसे $\frac{\partial z}{\partial x}$ या $\frac{\partial f}{\partial x}$ या f_x से सूचित किया जाता है।

इस तरह $\frac{\partial f}{\partial x} = \lim_{\delta x \to 0} \frac{f(x+\delta x, y) - f(x, y)}{\delta x}$

(iii) $B(m,n) = 2\int_0^{\pi/2} \sin^{2m-1}\theta \cos^{2n-1}\theta\,d\theta$

3. $B(m,n) = \frac{\Gamma m\,\Gamma n}{\Gamma(m+n)};\ m > 0, n > 0$

4. $\int_0^{\pi/2} \sin^p\theta \,.\, \cos^q\theta\,d\theta = \frac{\Gamma\left(\frac{p+1}{2}\right)\Gamma\left(\frac{q+1}{2}\right)}{2\Gamma\left(\frac{p+q+2}{2}\right)}$

5. (i) $\Gamma n\,\Gamma(1-n) = \frac{\pi}{\sin n\pi}$ (ii) $\Gamma(1+n)\,\Gamma(1-n) = \frac{n\pi}{\sin n\pi},\ 0 < n < 1$

6. $\Gamma\left(\frac{1}{n}\right)\Gamma\left(\frac{2}{n}\right)\Gamma\left(\frac{3}{n}\right)\ldots\Gamma\left(\frac{n-1}{n}\right) = \frac{(2\pi)^{\frac{n-1}{2}}}{n^{1/2}}$

प्रश्नावली 17.1

1. निम्न गामा फलनों के मान ज्ञात करें :

(i) $\Gamma(6)$ (ii) $\Gamma\left(\frac{7}{2}\right)$

(iii) $\Gamma\left(\frac{-9}{2}\right)$ (iv) $\Gamma\left(\frac{-5}{2}\right)$ [2015]

(v) $\Gamma\frac{1}{2}$ [संकेत : $\Gamma n\,\Gamma(1-n) = \frac{\pi}{\sin n\pi}$]

(vi) $\Gamma -\frac{1}{2}$ [2014]

2. (i) $\int_0^\infty x^4 e^{-x}\,dx$ का मान ज्ञात करें। (ii) $\int_0^\infty \sqrt{x}\,e^{-x}\,dx$

www.polytechnicpdf.com

3. $\int_0^\infty e^{-4x} x^{7/2}\, dx$ का मान ज्ञात करें।

4. $\int_0^\infty x^{n-1} e^{-h^2x^2}\, dx$ का मान ज्ञात करें।

[संकेत : $h^2x^2 = y$ रखें]

5. $\int_0^1 x^{n-1}\left[\log\left(\frac{1}{x}\right)\right]^{m-1} dx$ का मान ज्ञात करें।

[संकेत : $\log_e \frac{1}{x} = t$ या $e^{-t} = x$ से समाकल $= \int_0^\infty e^{-nt} t^{m-1}\, dt$]

6. $\int_0^1 x^4 (1-\sqrt{x})^5\, dx$ का मान ज्ञात करें।

[$\sqrt{x} = t^2$ रखें]

7. $\int_0^1 x^5 (1-x)^4\, dx$ का मान ज्ञात करें।

8. $\int_0^1 (1-x^3)^{-\frac{1}{2}}\, dx$ का मान ज्ञात करें।

9. सिद्ध करें $\beta(l, m) = \frac{1}{2}\int_0^1 [x^{l-1}(1-x)^{m-1} + x^{m-1}(1-x)^{l-1}]\, dx$

[संकेत : $\beta(l, m) = \frac{1}{2}\{\beta(l, m) + \beta(l, m)\} = \frac{1}{2}\{\beta(l, m) + \beta(m, l)\}$

10. $\int_0^\infty \frac{x^4(1+x^5)}{(1+x)^{15}}\, dx$ का मान बतायें।

11. $\int_0^\infty \frac{x^8(1-x^6)}{(1+x)^{24}}\, dx$ का मान बतायें।

12. दिखायें कि $\int_0^{\pi/2} \sqrt{\tan\theta}\, d\theta = \frac{1}{2}\Gamma\frac{1}{4}\Gamma\frac{3}{4} = \frac{\pi}{\sqrt{2}}$

13. दिखायें कि $\int_0^\infty \frac{dy}{1+y^4} = \frac{\pi}{2\sqrt{2}}$

[संकेत : $y^2 = \tan\theta$ रखें]

14. (i) सिद्ध कीजिए $\Gamma(n+1) = n\Gamma n$ [2007]

(ii) सिद्ध कीजिए $\Gamma n \times (1-n) = \frac{\pi}{\sin n\pi}$ [2006]

www.polytechnicpdf.com

(iii) दिखायें कि $\int_0^{\pi/2} \sqrt{\sin\theta}\, d\theta \times \int_0^{\frac{\pi}{2}} \frac{d\theta}{\sqrt{\sin\theta}} = \pi$ [2007]

[संकेत : $\int_0^{\pi/2} \sqrt{\sin\theta}\, d\theta = \int_0^{\pi/2} (\sin\theta)^{1/2} (\cos\theta)^0$ तथा $\int_0^{\pi/2} \frac{d\theta}{\sqrt{\sin\theta}} = \int_0^{\pi/2} (\sin\theta)^{-1/2} (\cos\theta)^0$

$$= \int_0^{\pi/2} (\sin\theta)^{-1/2} (\cos\theta)^0\, d\theta$$

(iv) सिद्ध कीजिए $\int_0^{\pi/2} \tan^n x\, dx = \frac{\pi}{2} \sec\frac{n\pi}{2} - 1 < n < 1$ [2009]

15. (i) $\int_{-1}^{1} (1+x)^{p-1}(1-x)^{q-1}\, dx$ [संकेत : $x = \cos 2\theta$ रखें]

(ii) $\int_0^a \frac{x^4}{\sqrt{a^2 - x^2}}\, dx$ [1983]

(iii) $\int_0^2 \frac{x^2}{\sqrt{2-x}}\, dx$ [2015]

16. सिद्ध करें $\int_0^\infty \frac{x^{m-1}}{(a+bx)^{m+n}} = \frac{1}{a^n b^m} \beta(m, n)$

17. सिद्ध करें $\int_0^a \frac{dx}{(a^n - x^n)^{\frac{1}{n}}} = \frac{\pi}{n \sin\frac{\pi}{n}}$

[संकेत : $x^n = a^n \sin^2\theta$ रखें]

18. $\int_0^1 \frac{dx}{(1-x^n)^{1/n}}$ का मान ज्ञात करें। [2013]

[संकेत : $x^n = \sin^2\theta$ रखकर हल करें]

19. $\Gamma\left(\frac{1}{9}\right)\Gamma\left(\frac{2}{9}\right)\Gamma\left(\frac{3}{9}\right) \ldots \Gamma\left(\frac{8}{9}\right)$ का मान बताये।

20. $\Gamma\left(\frac{1}{25}\right)\Gamma\left(\frac{2}{25}\right)\Gamma\left(\frac{3}{25}\right) \ldots \Gamma\left(\frac{24}{25}\right)$ का मान बतायें।

21. $\Gamma 0.1\, \Gamma 0.2\, \Gamma 0.3 \ldots \Gamma 0.9$ का मान बतायें।

[संकेत : $\Gamma\left(\frac{1}{10}\right)\Gamma\left(\frac{2}{10}\right)\Gamma\left(\frac{3}{10}\right) \ldots \Gamma\left(\frac{9}{10}\right)$ का मान निकालें]

22. दिखायें $\beta(m, m) = \frac{\sqrt{\pi}\, \Gamma m}{2^{2m-1}\, \Gamma\left(m + \frac{1}{2}\right)}, m > 0$

www.polytechnicpdf.com

[संकेत : $\Gamma m\,\Gamma\left(m-\frac{1}{2}\right)=\frac{\sqrt{\pi}}{2^{2m-1}}\Gamma(2m)$ $\Rightarrow$ $\frac{\Gamma m}{\Gamma(2m)}=\frac{\sqrt{\pi}}{2^{2m-1}\,\Gamma\left(m+\frac{1}{2}\right)}$

$$\Rightarrow \quad \frac{\Gamma m\,\Gamma m}{\Gamma(2m)}=\frac{\sqrt{\pi}\,\Gamma m}{2^{2m-1}\,\Gamma\left(m+\frac{1}{2}\right)} \quad \text{या} \quad \beta(m,m)=\frac{\sqrt{\pi}\,\Gamma m}{2^{2m-1}\,\Gamma\left(m+\frac{1}{2}\right)}$$

उत्तरमाला

1. (i) 120 (ii) $\frac{15}{8}\sqrt{\pi}$ (iii) $-\frac{32\pi}{15}$ (iv) $-\frac{8}{15}\sqrt{\pi}$
   (iv) $\sqrt{\pi}$ (iv) $-2\sqrt{\pi}$
2. (i) 24 (ii) $\frac{\sqrt{3}}{2}$
3. $\frac{105}{8192}\sqrt{\pi}$
4. $\frac{1}{2h^n}\Gamma\left(\frac{n}{2}\right)$
5. $\frac{1}{n^m}\Gamma m$
6. $\Gamma\beta(10,6)$
7. $\frac{1}{1260}$
8. $\frac{1}{3}\beta\left(\frac{1}{3},\frac{1}{2}\right)$
10. $\frac{1}{5005}$
11. 0
15. (i) $2^{p+q-1}\frac{\Gamma p\,\Gamma q}{\Gamma(p+q)}$
    (ii) $\frac{3}{16}\pi a^4$
18. $\frac{\pi}{n\sin\frac{\pi}{n}}$
19. $\frac{16}{3}\pi^4$
20. $\frac{2^{12}\pi^{12}}{5}$
21. $\frac{(2\pi)^{9/2}}{10^{1/2}}$

□□□

www.polytechnicpdf.com

खण्ड : 5

प्रायिकता एवं सांख्यिकी

18. प्रायिकता 313

19. द्विपद, प्वायसन तथा प्रसामान्य बंटन 332

www.polytechnicpdf.com

18

CHAPTER

प्रायिकता
(Probability)

व्यावहारिक जीवन अनिश्चितताओं से भरा है हम किसी घटना के परिणाम के बारे में सटीक अनुमान नहीं लगा सकते। प्रायिकता गणित की वह शाखा है जो इन अनिश्चितताओं का गणितीय विश्लेषण करता है तथा उसके आधार पर किसी घटना के परिणाम के बारे में गणितीय संभावना को बताता है।

18.1 परिभाषा (Definition)

प्रायिकता : किसी घटना E के होने की प्रायिकता E के पक्ष में परिणामों की संख्या तथा कुल संभावित परिणामों की संख्या का अनुपात है।

अतः $$P(E) = \frac{E \text{ के अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{n(E)}{n(S)}$$

अतः यदि कोई घटना E, m प्रकार से घटित हो सकती है तथा n प्रकार से नहीं घटित हो सकती है, तो घटना के घटने की प्रायिकता

$$P(E) = \frac{m}{m+n} = p$$

तथा घटना के न होने (असफलता) की प्रायिकता

$$P(\bar{E}) = \frac{n}{m+n} = q$$

उदाहरण : किसी पासे (Die) के फेंक में 6 आने की प्रायिकता बतायें। [2012]

हल : किसी पासे के एक फेंक में 6 केवल एक बार आता है।

अतः 6 आने की अनुकूल स्थितियाँ $= 1 = m$ तथा 6 आने की प्रतिकूल स्थितियाँ $= 5 = n$

$\therefore$ कुल स्थितियाँ $= m + n = 1 + 5 = 6$

अतः 6 आने की प्रायिकता $= \frac{m}{m+n} = \frac{1}{1+5} = \frac{1}{6}$

18.1.1 सम्पूर्ण प्रायिकता का योग

$$\therefore \quad p + q = \frac{m}{m+n} + \frac{n}{m+n} = \frac{m+n}{m+n} = 1$$

अतः सम्पूर्ण प्रायिकता का योग $p + q = 1$ होता है।

स्पष्टतः p तथा q का मान 0 तथा 1 के मध्य होता है।

www.polytechnicpdf.com

18.2 महत्वपूर्ण परिभाषायें (Important Definitions)

1. यादृच्छ प्रयोग (Random Experiment) : ऐसे प्रयोग जिन्हें समान स्थितियों में दुहराये जाने पर भी परिणाम अद्वितीय (unique) नहीं हो, यादृच्छ प्रयोग (Random Experiment) कहलाते हैं।

जैसे : किसी सिक्के का उछालना या पासे का फेंका जाना एक यादृच्छ प्रयोग है।

2. प्रयास तथा घटना (Trial and Event) : किसी यादृच्छ प्रयोग का किया जाना प्रयास कहलाता है तथा प्राप्त प्रत्येक परिणाम घटना (Event) कहलाती है।

जैसे : किसी सिक्के को उछाला जाना प्रयास है तथा प्राप्त परिणाम शीर्ष (Head) या पूँछ (Tail) आना घटना है।

3. प्रतिदर्श समष्टि (Sample Space) : किसी प्रयोग के सभी संभावित परिणामों (Events) का समुच्चय प्रतिदर्श समष्टि कहलाता है। इसे सामान्यतः S से सूचित करते हैं।

जैसे : किसी सिक्के को उछालने पर शीर्ष (H) या पूँछ (T) प्राप्त होगा।

अतः प्रतिदर्श समुच्चय $S_1 = \{H, T\}$

इसी तरह पासे के उछालने पर प्रतिदर्श समष्टि $S_2 = \{1, 2, 3, 4, 5, 6\}$

4. सम संभावी (Equally Likely) : किसी प्रयोग में घटने या न घटने की संभावना समान हो तो यह घटनायें सम संभावी कहलाती हैं

जैसे : एक पासे फेकने पर किसी भी अंक के ऊपर आने की घटना समान है। अतः यह समसंभावी है।

5. घटना की सफलता या असफलता (Success and Failure of Events) : यदि किसी प्रयोग में घटना अनुकूल होती है, तो यह सफलता (Success) तथा प्रतिकूल होने पर असफलता (Failure) कहलाती है।

जैसे : सिक्के के उछालने पर हम शीर्ष (H) चाहते हैं तथा उछालने पर शीर्ष आता है तो यह सफलता (Success) तथा पूँछ (T) आता है तो असफलता (Failure) है।

6. घटना के अनुकूल तथा प्रतिकूल संयोगानुपात : (Odds in Favour and against of an Event) : यदि किसी घटना के घटित होने की स्थितियाँ x तथा नहीं घटित होने की स्थितियाँ y हों तो $x : y$ को अनुकूल संयोगानुपात तथा $y : x$ को प्रतिकूल संयोगानुपात कहते हैं।

उपरोक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि यदि किसी घटना के अनुकूल संयोगानुपात $x : y$ है तो घटना के घटने की प्रायिकता $p = \dfrac{x}{x+y}$, न घटने की प्रायिकता $q = \dfrac{y}{x+y}$

तो अनुकूल संयोगानुपात $x : y \equiv p : q$

तथा प्रतिकूल संयोगानुपात $y : x \equiv q : p$

18.3 घटनाओं के प्रकार (Types of Events)

प्रायिकता के अंतर्गत हम निम्न प्रकार की घटनाओं पर विचार करते हैं :

1. निश्चित तथा अनिश्चित (Sure and Impossible Events) : यदि घटना की सफलता निश्चित हो तो उसकी प्रायिकता 1 तथा असफलता (नहीं घटना) निश्चित हो तो उसकी प्रायिकता 0 होती है।

अतः यदि प्रायिकता 1 हो तो यह निश्चित घटना (Sure Event) तथा प्रायिकता शून्य हो तो इसे असंभव घटना (impossible event) कहते हैं।

जैसे : किसी पासे के फेंक में 7 से कम अंक का आना एक निश्चित घटना है जबकि 7 या 7 से अधिक आना एक असंभव घटना है।

2. पूरक घटना (Coplementary Event) : यदि E कोई घटना हो, तो पूरक घटना $\bar{E}$ एक ऐसी घटना है जो E के नहीं घटित होने पर होती है।

अतः $P(\bar{E}) = P(E \text{ नहीं}) = 1 - P(E)$

www.polytechnicpdf.com

3. स्वतंत्र घटनायें (Independent Events) : दो या दो से अधिक घटनायें परस्पर स्वतंत्र कही जाती है, यदि एक घटना के घटित होने से दूसरे के घटने या नहीं घटने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। जैसे : दो पासों को एक बार फेंकने पर एक पर 2 आना, तथा दूसरे पर 6 आना परस्पर स्वतंत्र घटनायें हैं।

4. परतंत्र घटना (Dependent Events) : यदि एक घटना के घटना या न घटना दूसरी घटना को प्रभावित करता है तो यह परतंत्र घटना कहलाती है।

जैसे : ताश के 52 पत्तों में से एक पत्ते को खींचकर, पुन: उसे बिना गड्डी में रखे दूसरा पत्ता खींचा जाए तो यह परतंत्र घटना है जबकि यदि पहले पत्ते को खींचने के बाद पुन: उसे गड्डी में डालकर दूसरा पत्ता खींचा जाए तो यह स्वतंत्र घटना होगी।

5. परस्पर अपवर्जी घटना (Multually Exclusive Events) : यदि एक घटना के घटित होने से दूसरी घटना घटित न हो, तो ये घटनायें परस्पर अपवर्जी कहलाती हैं।

जैसे : किसी सिक्के को उछालने पर शीर्ष आता है तो पूँछ नहीं आता। इन दोनों में से कोई एक ही घटना एक बार में घटित हो सकती है। अत: ये घटनायें परस्पर अपवर्जी हैं।

6. संयुक्त घटनायें (Compound Events) : जब दो या अधिक घटनायें एक साथ घटित हों अर्थात् उनका घटना एक-दूसरे से संबंधित (in composition with each other) हो, तो संयुग्त घटनायें कहलाती हैं।

जैसे : दो पासों को एक साथ फेंकने पर आई संख्याओं का योग 9 होना एक संयुक्त घटना है। ताश के पत्तों की गड्डी में चार पत्ते खींचने पर उनका (चारों बार) बादशाह होना एक संयुक्त घटना है।

7. प्रत्याशायें (Expected Values) : यदि $x_1, x_2, \ldots, x_n$ घटनाओं की प्रायिकता क्रमश: $p_1, p_2, p_3, \ldots, p_n$ हों तो प्रत्याशित मान (Expected values)

$$E(x) = p_1x_1 + p_2x_2 + \ldots + p_nx_n = \sum_{r=1}^{n} p_r x_r$$

8. सर्वसमावेशी घटनायें (Exhaustive Events) : किसी यादृच्छ प्रयोग से संबंधित घटनायें जिसमें कम से कम एक का घटित होना आवश्यक है, सर्व समावेशी घटनायें कहलाती हैं। जैसे—किसी सिक्के के उछाल में शीर्ष या पूँछ का आना निश्चित है।

18.4 प्रायिकता पर दो मूलभूत नियम (Two Basic Laws on Probability)

18.4.1 योग नियम (Addition Law)

यदि दो परस्पर अपवर्जी-घटनाओं के घटने की प्रायिकता क्रमश: p_1 तथा p_2 हों तो दोनों में से किसी एक के घटने की प्रायिकता P दोनों के अलग-अलग घटित होने की प्रायिकताओं के योगफल $(p_1 + p_2)$ के बराबर होती है।

अर्थात् $P = p_1 + p_2$

अत: यदि A तथा B परस्पर अपवर्जी घटनायें हैं तो किसी एक के घटने की प्रायिकता

$$P(A \cup B) = P(A \text{ या } B) = P(A) + P(B)$$

इसी तरह दो से अधिक परस्पर अपवर्जी घटनाओं के लिए

$$P(A \cup B \cup C \cup \ldots) = P(A \text{ या } B \text{ या } C \text{ या } \ldots)$$
$$= P(A) + P(B) + P(C) + \ldots$$

यदि दो घटनायें A तथा B परस्पर अपवर्जी नहीं हैं, तो A अथवा B अथवा दोनों के घटित होने की प्रायिकता

$$P(A \cup B) = P(A) + P(B) - P(A \cap B)$$

www.polytechnicpdf.com

18.5 गुणन नियम (Law of Multiplication)

यदि दो घटनायें परस्पर स्वतंत्र हों तथा एक के घटित होने की प्रायिकता p_1 तथा दूसरे के घटित होने की प्रायिकता p_2 हो तो दोनों घटनाओं के एक साथ घटित होने की प्रायिकता P दोनों के अलग-अलग घटित होने की प्रायिकताओं के गुणनफल $p_1 \times p_2$ से दी जाती है।

अर्थात् $P = p_1 \times p_2$

अतः यदि A तथा B परस्पर स्वतंत्र घटनायें हैं तब $P(A \cap B) = P(A \text{ तथा } B) = P(A).P(B)$

इसी तरह दो से अधिक स्वतंत्र घटनाओं के लिए

$P(A \cap B \cap C \cap \ldots) = P(A) \times P(B) \times P(C) \times \ldots$

18.6 कुछ महत्वपूर्ण समुच्चय प्रतीक (Some Important Set Theoretic Symbols)

(i) A नहीं	(A not)	$\overline{A}$
(ii) A या B (A या B में कोई एक)	(A or B)	$A \cup B$
(iii) A तथा B	(A and B)	$A \cap B$
(iv) A, किन्तु B नहीं	(A but not B)	$A \cap \overline{B}$
(v) A नहीं, B नहीं (दोनों में से कोई नहीं)	(Neither A nor B)	$\overline{A} \cap \overline{B}$
(vi) A, B, C में से कम से कम एक	(At least one of A, B and C)	$A \cup B \cup C$
(vii) A तथा B में से निश्चित एक	(Exactly one of A and B)	$(A \cap \overline{B}) \cup (\overline{A} \cap B)$
(viii) A, B, C तीनों	(All three A, B, C)	$A \cap B \cap C$
(ix) A, B तथा C में कोई दो निश्चित हों	(Exactly two of A, B and C)	$(A \cap B \cap \overline{C}) \cup (A \cap \overline{B} \cap C) \cup (\overline{A} \cap B \cap C)$

1. प्रायिकता के गुण : प्रायिकता के निम्नलिखित गुण हैं—

(i) $0 \le P(E) \le 1$ अर्थात् किसी घटना की प्रायिकता शून्य तथा 1 के मध्य होती है।

(ii) $P(E) + P(\overline{E}) = 1$

(iii) $P(\phi) = 0$ अर्थात् असम्भव घटना की प्रायिकता शून्य होती है।

(iv) $P(S) = 1$ अर्थात् प्रतिदर्श समष्टि की प्रायिकता 1 होती है।

2. प्रायिकता निकालने की विधि (Method of Finding Probability) :

(i) घटना E से संबंधित सभी अनुकूल तथा प्रतिकूल परिस्थितियों की संख्या ज्ञात करें।

(ii) अनुकूल स्थिति + प्रतिकूल स्थिति = प्रतिदर्श समष्टि में अवयवों की संख्या $= n(S)$

(iii) अब $P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)}$ का प्रयोग करें, जहाँ $n(E)$ = अनुकूल परिस्थितियों की संख्या

प्रयोग विधि आगे के उदाहरणों से स्पष्ट है।

3. प्रायिकता के प्रश्नों से संबंधित कुछ तथ्य

(i) सिक्का उछालना (Tossing a Coin) : किसी सिक्के के उछालने पर परिणाम शीर्ष (H) या पूँछ (T) होगा।

अतः किसी सिक्के के उछालने में प्रतिदर्श समष्टि (Sample space) $= \{H, T\}$

(ii) पासे का फेंका जाना (Throwing a Die) : पासा एक ठोस घन है जिसमें 6 फलक (faces) होते हैं तथा उन पर क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5, 6 अंकित होता है।

अतः पासे के फेंक में प्रतिदर्श समुच्चय $= \{1, 2, 3, 4, 5, 6\}$

www.polytechnicpdf.com

(iii) 52 पत्तों (cards) की गड्डी से पत्ता खींचा जाना (Drawing a Card from Well-shuffled Pack of 52 Cards)

(i) ताश के 52 पत्तों की गड्डी में 13 पत्ते पान, 13 पत्ते ईंट, 13 पत्ते चिड़िया तथा 13 पत्ते हुकुम के पत्ते होते हैं।

(ii) पान एवं ईंट लाल (कुल 26) तथा चिड़िया एवं हुकुम काले (कुल 26) होते हैं।

(iii) प्रत्येक प्रकार के पत्तों में 4 इक्के (Ace), 4 बादशाह (Kings), 4 बेगम (Queens) तथा 4 गुलाम (Jacker Knave) होते हैं। इनकी कुल संख्या 16 होती है।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. एक थैले में से, जिनमें 6 लाल तथा 3 काले गेंदे हैं, एक गेंद यादृच्छिक रूप से निकाली जाती है। निकाले गए गेंद के लाल होने की प्रायिकता बतायें।

हल : थैले में कुल गेंदों की संख्या $= 6 + 3 = 9 = n(S)$

थैले मे कुल लाल गेंदों की संख्या $= 6 = n(E)$

$\therefore$ लाल गेंद निकलने की प्रायिकता $P(r) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{6}{9} = \frac{2}{3}$ उत्तर

उदाहरण 2. यदि किसी लीप वर्ष (Leap year) को यादृच्छया चुन लिया जाता है तो उस वर्ष मे 53 रविवार होने की प्रायिकता ज्ञात करें। [2013]

हल : लीप वर्ष में दिनों की संख्या $= 366$

तथा लीप वर्ष में सप्ताह की संख्या $= \frac{366}{7} = 52$ सप्ताह 2 दिन।

अत: 52 सप्ताह मे 52 रविवार होंगे।

शेष दो दिनों को निम्न रूप में सजाया जा सकता है—

(i) रविवार व सोमवार (ii) सोमवार एवं मंगलवार (iii) मंगलवार व बुधवार (iv) बुधवार व बृहस्पतिवार (v) बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार (vi) शुक्रवार एवं शनिवार (vii) शनिवार एवं रविवार

अत: संभव परिणामों की संख्या $= 7 = n(S)$

घटना में अनुकूल परिणामों की संख्या $= 2 = n(E)$

अत: 53 रविवार होने की प्रायिकता $P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{2}{7}$ उत्तर

उदाहरण 3. ताश के 52 पत्तों की गड्डी से एक पत्ता यादृच्छिक (randam) रूप से खींचने पर

(i) पान का पत्ता (ii) लाल पत्ता

(iii) इक्का (iv) काला बादशाह

(v) गुलाम, बेगम या बादशाह (vi) लाल पत्ता या बादशाह

(vii) हुक्म का पत्ता नहीं होने की प्रायिकता बतायें।

हल : ताश की गड्डी से 52 पत्तों से एक पत्ता 52 प्रकार से निकाला जा सकता है।

अत: $n(S) = 52$ ...(1)

(i) यदि $E =$ पान का पत्ता होने की घटना

पूरी गड्डी में पान के पत्तों की संख्या $= 13$

इन्हें गड्डी से 13 प्रकार से खींचा जा सकता है।

$\therefore \quad n(E) = 13$

अत: पान का पत्ता होने की प्रायिकता $= P(E) = \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{13}{52} = \frac{1}{4}$ उत्तर

www.polytechnicpdf.com

(ii) माना E = लाल पत्ता निकलने की घटना

पूरी गड्डी में लाल पत्तों की संख्या = 26

$\therefore \quad n(S) = 26$

अतः $P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{26}{52}$ $\quad [\because n(S) = 52]$

$= \dfrac{1}{2}$ उत्तर

(iii) माना E = इक्का होने की घटना

पूरी गड्डी में इक्कों की संख्या = 4

$\therefore \quad P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{4}{52} = \dfrac{1}{13}$ उत्तर

(iv) माना E = काला बादशाह होने की घटना

$\therefore \quad n(E) = 2$

अतः $P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{2}{52} = \dfrac{1}{26}$

(v) पूरी गड्डी में गुलाम, बेगम तथा बादशाह के कुल पत्ते $= 4 + 4 + 4 = 12$

अतः यदि E = इन पत्तों के निकलने की घटना, तो $n(E) = 12$

$\therefore \quad P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{12}{52} = \dfrac{3}{13}$ उत्तर

(vi) लाल पत्तों की संख्या 26 होती है जिनमें 2 बादशाह (ईंट व पान) के होते हैं तथा इसके अतिरिक्त दो काले बादशाह होते हैं।

अत : $n(E) = 26 + 2 = 28 \quad \therefore \quad P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{28}{52} = \dfrac{7}{13}$ उत्तर

(vii) गड्डी के 52 पत्तों में हुकुम के पत्तों की संख्या = 13

तथा अन्य पत्तों (हुकुम के न होने) की संख्या = 39

अतः $n(E) = 39 \quad \therefore \quad P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{39}{52} = \dfrac{3}{4}$ उत्तर

(viii) हुकुम के पत्तों की संख्या = 13, अतः $n(E) = 13, n(s) = 51 \therefore P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{13}{52} = \dfrac{1}{4}$

अतः $P(\bar{E})$ = हुकुम के पत्ते न होने की प्रायिकता $= 1 - \dfrac{1}{4} = \dfrac{3}{4}$

उदाहरण 4. एक पासे के फेंकने पर ऊपर विषम संख्या आने की प्रायिकता ज्ञात करें।

हल : एक पासे के फेंकने पर, प्रतिदर्श समुच्चय S हो तो

$S = \{1, 2, 3, 4, 5, 6\} \quad \therefore \quad n(S) = 6$

तथा विषम संख्या आने की घटना $E = \{1, 3, 5\} \quad \therefore \quad n(E) = 3$

घटना की प्रायिकता $= P(E) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{3}{6} = \dfrac{1}{2}$ उत्तर

उदाहरण 5. एक थैले में तीन लाल, सात सफेद और चार काली गेंदें हैं। यदि तीन गेंदें निकाली जाएं तो उनके एक ही रंग के होने की प्रायिकता ज्ञात करें। **[2001]**

हल : गेंदों की कुल संख्या $= 3 + 7 - 4 = 14$

माना गेंद निकालने की घटना E, लाल गेंद निकालने की घटना R, सफेद की W तथा काली की B से दी जाए तो ये घटनायें परस्पर अपवर्जी हैं क्योंकि एक के घटित होने से दूसरा घटित नहीं होगा।

www.polytechnicpdf.com

अत: $P(E) = P(R) + P(W) + P(B)$

अब, $n(S) = {}^{14}C_3 = \frac{14 \times 13 \times 12}{3 \times 2 \times 1} = 364$ [$\because$ n वस्तुओं में r को चुनने का ढंग $= {}^nC_r$]

$$P(R) = \frac{n(R)}{n(S)} = \frac{{}^3C_3}{364} = \frac{1}{364}$$

$$P(W) = \frac{n(W)}{n(S)} = \frac{{}^7C_3}{364} = \frac{7 \times 6 \times 5}{3 \times 2 \times 1 \times 364} = \frac{35}{364}$$

$$P(B) = \frac{n(B)}{n(S)} = \frac{4}{364}$$

$$\therefore \quad P(E) = \frac{1}{364} + \frac{35}{364} + \frac{4}{364}$$

$$= \frac{40}{364} = \frac{10}{91}$$

उत्तर

उदाहरण 6. एक सुडौल सिक्का तीन बार उछाला जाता है, प्रायिकता ज्ञात करें।

(i) तीनों बार Head (H) प्राप्त हो

(ii) दो बार Head (H) तथा एक बार Tail (T) प्राप्त हो

(iii) एक बार Head (H) तथा दो बार Tail (T) प्राप्त हो

(iv) तीनों बार Tail (T) प्राप्त हों

(v) कम से कम एक Head (H) प्राप्त हो।

(vi) अधिक से अधिक दो Tails (T) प्राप्त हो।

हल : एक सिक्के को तीन बार या तीन सिक्कों को एक बार उछालने पर प्रतिदर्श समष्टि

$$S = \{HHH, HHT, HTH, THH, HTT, THT, TTH, TTT\}$$

$\therefore \quad n(S) = 8$

(i) तीन शीर्ष एक प्रकार से प्राप्त होते हैं। अत: तीनों बार शीर्ष की प्रायिकता $= \frac{1}{8}$

(ii) दो बार Headतथा एक बार Tail तीन ढंग से प्राप्त होता है।

अत: दो Head आने की प्रायिकता $= \frac{3}{8}$

(iii) एक बार Head तथा 2 बार Tail तीन प्रकार से प्राप्त होता है।

अत: एक Head (H) की प्रायिकता $= \frac{3}{8}$

(iv) तीन बार Tail एक तरह से प्राप्त हो सकते हैं।

अत: तीन Tails की प्रायिकता $= \frac{1}{8}$

(v) कम से कम एक Head की प्रायिकता

एक Head की प्रायिकता + 2 Heads की प्रायिकता + 3 Heads की प्रायिकता

$$= \frac{3}{8} + \frac{3}{8} + \frac{1}{8} = \frac{7}{8}$$

(vi) अधिक से अधिक दो Tails की प्रायिकता

= शून्य Tail अर्थात् तीन Heads की प्रायिकता + एक Tail अर्थात् दो Heads की प्रायिकता + दो Tails अर्थात् 1 Head की प्रायिकता

www.polytechnicpdf.com

$$= \frac{1}{8} + \frac{3}{8} + \frac{3}{8} = \frac{7}{8}$$

उदाहरण 7. पाँच लड़को तथा 6 लड़कियो के समूह से दो लड़के तथा चार लड़कियों की एक समिति बनानी है। इस बात की प्रायिकता बतायें कि एक विशेष लड़का A तथा एक विशेष लड़की B समिति के लिए चुन लिए जायेगे।

हल : प्रश्न से, एक विशेष लड़के A तथा विशेष लड़की B को समिति में अवश्य रखना है

अत: हमें 4 लड़को में से एक लड़का तथा 5 लड़कियों में से 3 लड़कियों का चुनाव करना है।

यदि E_1 लड़को को चुनने की घटना हो, तो

4 लड़कों से 1 लड़के को चुनने का ढंग $= {}^4C_1$

$= n(E_1)$

5 लड़कों से 2 लड़को को चुनने का ढंग $= {}^5C_2$

$= n(S_1)$

$$\therefore \quad P(E_1) = \frac{n(E_1)}{n(S_1)} = \frac{{}^4C_1}{{}^5C_2} = \frac{4 \times 2}{5 \times 4} = \frac{2}{5}$$

यदि लड़कियों को चुनने की घटना E_2 हो तो 5 लड़कियों में से 3 लड़कियों को चुनने का ढंग $= {}^5C_3 = n(E_2)$

तथा 6 लड़कियो में से 4 लड़कियों को चुनने का ढंग $= {}^6C_4 = n(S_2)$

अत: $P(E_2) = \frac{n(E_2)}{n(S_2)} = \frac{{}^5C_3}{{}^6C_4} = \frac{5 \times 4}{2 \times 1} \times \frac{2 \times 1}{6 \times 5} = \frac{2}{3}$

$\because$ दोनों घटनायें E_1 तथा E_2 परस्पर स्वतंत्र हैं।

अत: $P(E) = P(E_1) \times P(E_2)$

$$= \frac{2}{5} \times \frac{2}{3} = \frac{4}{15}$$

उत्तर

उदाहरण 8. एक समूह में 3 पुरुष, 2 स्त्रियाँ तथा 4 बच्चे हैं। यदि उनमें से 4 व्यक्ति यादृच्छया चुने जाते हैं तो चुने हुए व्यक्तियों में 2 बच्चों के निश्चित रूप से होने की प्रायिकता बतायें।

हल : समूह के कुल सदस्यों की संख्या $= 3 + 2 + 4 = 9$

$\therefore$ 9 व्यक्तियों में से 4 चुनने का ढंग $= {}^9C_4$

4 बच्चों में 2 बच्चों को चुनने का ढंग $= {}^4C_2$

अब 4 बच्चों में से 2 बच्चों के चुनाव के बाद समूह के लिए 5 (3 पुरुष + 2 स्त्री) में से 2 का चुनाव करना है जिसका कुल ढंग $= {}^5C_2$

$\therefore$ समूह से दो बच्चे तथा 2 अन्य व्यक्तियों को चुनने का ढंग $= {}^4C_2 \times {}^5C_2$

$$\text{अत: अभीष्ट प्रायिकता} = \frac{{}^4C_2 \times {}^5C_2}{{}^9C_4} = \frac{\frac{4 \times 3}{2 \times 1} \times \frac{5 \times 4}{2 \times 1}}{\frac{9 \times 8 \times 7 \times 6}{4 \times 3 \times 2 \times 1}}$$

$$= \frac{10}{21}$$

उत्तर

उदाहरण 9. एक थैले में 3 लाल, 6 सफेद और 7 काली गैंदें हैं। 2 गेंद निकालने पर प्राविकता क्या होगी कि गेंद सफेद और काली हो ? **[2010]**

हल : कुल गेंदों की संख्या $= 3 + 6 + 7 = 16$

16 गेंदों में से 2 गेंद चुनने का ढंग $= {}^{16}C_2$

www.mlytechnicpdf.com

2 चुने हुए गेंदों मे से एक सफेद तथ दूसरी काली होगी।

अत: 6 सफेद गेंदों में 1 चुन्ने का ढंग = ${}^6C_1$

7 काली गेंदों में 1 चुनने का ढंग = ${}^7C_1$

अत: अभीष्ट प्रायिकता $= \dfrac{{}^6C_1 \times {}^7C_1}{{}^{16}C_2} = \dfrac{6 \times 7}{\dfrac{16 \times 15}{2 \times 1}} = \dfrac{7}{20}$ उत्तर

उदाहरण 10. दो पासे के फेंकने में दोनों पासो पर आये अंकों का योग 9 आने की प्रायिकता ज्ञात करें।

हल : दो पासें के फेंकने पर गिरने का कुल ढंग $= 6 \times 6 = 36$

पासो पर योग 9 प्रप्त करने के ढंग = (3, 6) (4, 5), (5, 4) तथा (6, 3) = 4

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \dfrac{4}{36} = \dfrac{1}{9}$

उदाहरण 11. एक साथ तीन पासे फेंके गए हैं। इन तीनों के अंकों का योग 15 से अधिक आए, इसकी प्रायिकता ज्ञात कीजिए। [1997]

हल : तीन पासों को फेंकने पर गिरने का कुल ढंग $= 6 \times 6 \times 6 = 216 = n(S)$

तीन पासों पर योग 15 से अधिक 16, 17 या 18 आ सकता है।

अब

(i) अंकों का योग 16 निम्न रूप में सम्भव है—

(6, 6, 4), (6, 5, 5) (6, 4, 6), (5, 6, 5), (5, 5, 6), (4, 6, 6)

कुल 6 ढंग $= n(E)$

$\therefore \quad P(16) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{6}{216}$

(ii) अंकों का योग 17 निम्न रूप में संभव है—

(6, 6, 5), (6, 5, 6), (5, 6, 6). कुल ढंग $= 3 = n(E)$

$\therefore \quad P(17) = \dfrac{n(E)}{n(S)} = \dfrac{3}{216}$

(iii) 18 आने का ढंग

(6, 6, 6), कुल ढंग = 1

$\therefore \quad P(18) = \dfrac{1}{216}$

ये तीनों घटनायें परस्पर अपवर्जी हैं।

$\therefore$ योग 15 से अधिक आने की प्रायिकता $P(E) = P(16) + P(17) + P(18)$

$= \dfrac{6}{216} + \dfrac{3}{216} + \dfrac{1}{216} = \dfrac{10}{216} = \dfrac{5}{108}$ उत्तर

उदाहरण 12. 52 पत्तों की गड्डी से तीन पत्ते निकाले जाते हैं। प्रायिकता ज्ञात करें कि वे एक ही रंग के हों। [1999]

हल : ताश के पत्ते दो रंग के होते हैं—लाल और काला जिसमें प्रत्येक की संख्या 26 होती है।

अत: 26 पत्तों में से तीन पत्ते चुनने का ढंग

$= {}^{26}C_3 = \dfrac{26 \times 25 \times 24}{3 \times 2 \times 1} = 2600$

पुन: 2 रंगों में से एक रंग चुनने का ढग

$= {}^2C_1 = 2$

$\therefore$ एक रंग के चुनाव की घटनाओं की कुल संख्या $= 2 \times 2600 = 5200 = n(E)$

www.polytechnicpdf.com

तथा 52 पत्तों में तीन पत्तों को चुनने का ढंग

$$= {}^{52}C_3 = \frac{52 \times 51 \times 50}{3 \times 2 \times 1} = 22100 = n(S)$$

$\therefore$ एक रंग के होने की अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{n(E)}{n(S)} = \frac{2600}{22100} = \frac{4}{17}$ उत्तर

उदाहरण 13. यांत्रिकी का एक प्रश्न तीन विद्यार्थियों A, B तथा C को दिया जाता है जिनके हल करने की प्रायिकता क्रमशः $\frac{1}{2}, \frac{1}{3}$ तथा $\frac{1}{4}$ हैं। प्रश्न हल हो जाने की प्रायिकता ज्ञात करें। **[1995]**

हल : प्रश्न से, A के द्वारा हल होने की प्रायिकता $= \frac{1}{2}$

$\therefore$ A के द्वारा हल न होने की प्रायिकता $= 1 - \frac{1}{2} = \frac{1}{2}$

B के द्वारा हल होने की प्रायिकता $= \frac{1}{3}$

$\therefore$ B के द्वारा हल न होने की प्रायिकता $= 1 - \frac{1}{3} = \frac{2}{3}$

C के द्वारा हल होने की प्रायिकता $= \frac{1}{4}$

$\therefore$ C के द्वारा हल न होने की प्रायिकता $= 1 - \frac{1}{4} = \frac{3}{4}$

ये घटनायें परस्पर स्वतंत्र हैं क्योंकि एक छात्र द्वारा प्रश्न हल होना या न होना दूसरे को प्रभावित नहीं करता। अतः प्रश्न के हल न होने की प्रायिकता

$$\frac{1}{2} \times \frac{2}{3} \times \frac{3}{4} = \frac{1}{4}$$

$\therefore$ प्रश्न से हल हो जाने की प्रायिकता $= 1 - \frac{1}{4} = \frac{3}{4}$ उत्तर

उदाहरण 14. एक कमेटी 9 छात्रों की है जिसमें दो छात्र प्रथम वर्ष से, तीन द्वितीय वर्ष से, तथा चार तृतीय वर्ष से हैं। तीन छात्र चुने गए हैं। प्रायिकता ज्ञात करो जबकि

(i) तीनों छात्र अलग-अलग कक्षाओं के हैं।

(ii) तीनों छात्र एक ही कक्षा के हैं। **[1995, 96]**

हल : 9 छात्रों में से 3 छात्रों को चुनने का कुल ढंग $= {}^9C_3 = \frac{9 \times 8 \times 7}{3 \times 2 \times 1} = 84$

(i) यदि तीनों छात्र अलग-अलग कक्षाओं के हैं : प्रथम वर्ष के 2 छात्रों में से एक को चुनने का ढंग $= {}^2C_1 = 2$

द्वितीय वर्ष के 3 छात्रों में से एक को चुनने का ढंग $= {}^3C_1 = 3$

तृतीय वर्ष के 4 छात्रों में से एक को चुनने का ढंग $= {}^4C_1 = 4$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{2 \times 3 \times 4}{84} = \frac{2}{7}$ उत्तर

(ii) यदि तीनों छात्र एक ही कक्षा के हैं :

(a) प्रथम वर्ष में केवल दो छात्र हैं अतः तीन छात्रों का चुनाव संभव नहीं है।

(b) द्वितीय वर्ष के तीन छात्रों में से तीन को चुनने का ढंग $= {}^3C_3 = 1$

www.polytechnicpdf.com

(c) तृतीय वर्ष के 4 छात्रों में से 3 को चुनने का ढंग $= {}^4C_3 = 4$

ये घटनायें परस्पर अपवर्जी हैं। अत:

अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{1}{84} + \frac{4}{84} = \frac{5}{84}$ उत्तर

उदाहरण 15. यदि पाँच व्यक्तियों A, B, C, D, E में से किसी कमेटी में तीन चुने जाते हैं तो

(i) A तथा B दोनों के चुने जाने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

(ii) A के न चुने जाने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए। [1993]

हल : पाँच व्यक्तियों मे से तीन व्यक्तियों को चुनने का ढंग $= {}^5C_3 = \frac{5 \times 4}{2 \times 1} = 10 = n(S)$

(i) यदि A तथा B को अवश्य चुनना है तो शेष तीन व्यक्तियों में एक को चुनने का ढंग $= {}^3C_1 = 3 = n(E_1)$

अत: 5 में से 3 व्यक्तियों को चुनने की प्रायिकता जिसमें A तथा B अवश्य हों

$$P(E) = \frac{n(E_1)}{n(S)} = \frac{3}{10}$$ उत्तर

(ii) यदि A को नहीं चुनना है, तो शेष चार व्यक्तियों में से तीन को चुनने का ढंग $= {}^4C_3 = 4$

अत: A के न चुने जाने की प्रायिकता $= \frac{4}{10}$ उत्तर

उदाहरण 16. बच्चों के तीन समूहों में क्रमश: 3 लड़कियाँ तथा 1 लड़का, 2 लड़कियाँ तथा 2 लड़के तथा 1 लड़की और 3 लड़के हैं। प्रत्येक समूह से एक बच्चा यादृच्छया चुना जाता है। सिद्ध करो कि तीन चुने हुए बच्चों में 1 लड़की तथा 2 लड़के होने की प्रायिकता $\frac{13}{32}$ है।

हल : एक लड़की तथा दो लड़के निम्न प्रकार से चुने जा सकते हैं—

(i) पहले समूह से लड़की, दूसरे से लड़का, तीसरे से लड़का तथा इसकी प्रायिकता $p_1 = \frac{3}{4} \times \frac{2}{4} \times \frac{3}{4} = \frac{9}{32}$

(ii) पहले समूह से लड़का, दूसरे से लड़की तथा तीसरे से लड़का जिसकी प्रायिकता $p_2 = \frac{1}{4} \times \frac{2}{4} \times \frac{3}{4} = \frac{3}{32}$

(iii) पहले समूह से लड़का, दूसरे समूह से लड़का तथा तीसरे समूह से लड़की, जिसकी प्रायिकता

$$p_3 = \frac{1}{4} \times \frac{2}{4} \times \frac{1}{4} = \frac{1}{32}.$$

ये परस्पर अपवर्जी घटनायें हैं।

अत: अभीष्ट प्रायिकता $p = p_1 + p_2 + p_3 = \frac{9}{32} + \frac{3}{32} + \frac{1}{32} = \frac{13}{32}$

उदाहरण 17. एक कक्षा में 80 विद्यार्थी हैं जिनमें 25 लड़कियाँ व 55 लड़के हैं। उनमें से 10 धनवान तथा शेष गरीब हैं। 20 अति सुन्दर हैं। एक विद्यार्थी को चुना जाता है। प्रायिकता ज्ञात करो कि चुना गया विद्यार्थी एक अति सुन्दर धनवान लड़की है।

हल : माना A अति सुन्दर विद्यार्थी; B धनवान विद्यार्थी तथा C लड़की को चुनने की घटनायें हैं।

तो $P(A) = \frac{20}{80}, P(B) = \frac{10}{80}$ तथा $P(C) = \frac{25}{80}$

अत: चुने गए विद्यार्थी के अतिसुन्दर धनवान लड़की होने की प्रायिकता

$$= \frac{20}{80} \times \frac{10}{80} \times \frac{25}{80} = \frac{5}{512}$$ [$\because$ तीनों स्वतंत्र घटनायें हैं] उत्तर

उदाहरण 18. एक थैले में 4 सफेद तथा 6 काली गेंदें हैं। इनमें से उत्तरोत्तर 2 सफेद गेंदों के निकालने की प्रायिकता ज्ञात करें जबकि

पहली बार निकाली हुई गेंद फिर थैले में नहीं रखी जाती। [1994]

www.polytechnicpdf.com

हल : कुल गेंदों की संख्या $= 4 + 6 = 10$

पहली बार सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता $= \frac{{}^4C_1}{{}^{10}C_1} = \frac{4}{10} = \frac{2}{5}$ उत्तर

अब दूसरी बार में सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता, जब निकाली गई गेंद थैले में वापस नहीं रखी जाती।
बची हुई सफेद गेंद $= 3$, कुल गेंद $= 9$

$\therefore$ दूसरी सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता $= \frac{{}^3C_1}{{}^9C_1} = \frac{3}{9} = \frac{1}{3}$

ये दोनों स्वतंत्र घटनायें हैं।

$\therefore$ दो गई स्थितियों में दो सफेद गेंद निकालने की प्रायिकता $= \frac{2}{5} \times \frac{1}{3} = \frac{2}{15}$ उत्तर

उदाहरण 19. क्रमिक रूप में दो बार ताश की गड्डी से पत्ता खींचने पर, बादशाह प्राप्त करने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए, जबकि खींचे गए पत्ते पुनः गड्डी में नहीं रखे जाते। **[2006]**

हल : यदि प्रथम बार बादशाह प्राप्त करने की घटना E_1 तथा दूसरी बार बादशाह प्राप्त करने की घटना E_2 हो, तो

52 पत्तों में से एक पत्ता निकालने का ढंग $= {}^{52}C_1 = 52$
तथा 4 बादशाहों में से एक बादशाह निकालने का ढंग $= {}^4C_1 = 4$

$\therefore \quad P(E_1) = \frac{4}{52} = \frac{1}{13}$

चूँकि निकाला गया कार्ड पुनः गड्डी में नहीं रखा जाता।
अतः गड्डी में 51 पत्ते हैं, जिनमें 3 बादशाह हैं।

$\therefore \quad P(E_2) = \frac{{}^3C_1}{{}^{51}C_1} = \frac{3}{51} = \frac{1}{17}$

E_1 तथा E_2 दोनों स्वतंत्र घटनायें हैं, अतः अभीष्ट प्रायिकता $P(E) = P(E_1) . P(E_2)$

$$= \frac{1}{13} \times \frac{1}{17} = \frac{1}{221}$$

उदाहरण 20. A के लॉटरी में तीन शेयर हैं जिनमें 3 इनाम तथा 6 रिक्त हैं। B का अन्य लॉटरी में एक शेयर है, जिसमें 1 इनाम और 2 रिक्त हैं। दिखाओं A के जीतने की प्रायिकता तथा B के जीतने की प्रायिकता में $16:7$ का अनुपात है। **[1998]**

हल : प्रश्न से A के लॉटरी में तीन शेयर हैं, जिनमें 3 इनाम तथा 6 रिक्त हैं।

अतः A के न जीतने की प्रायिकता $= \frac{6}{9} \times \frac{5}{8} \times \frac{4}{7} = \frac{5}{21}$

$\therefore$ A के जीतने की प्रायिकता $P(A) = 1 - \frac{5}{21} = \frac{16}{21}$

पुनः B का अन्य लॉटरी में एक शेयर है, जिसमें 2 रिक्त स्थान तथा एक इनाम है।

अतः B के न जीतने की प्रायिकता $= \frac{2}{3}$

$\therefore$ B के जीतने की प्रायिकता $P(B) = 1 - \frac{2}{3} = \frac{1}{3}$

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात $= \frac{P(A)}{P(B)} = \frac{16}{21} : \frac{1}{3}$

$= 16:7$ उत्तर

www.polytechnicpdf.com

उदाहरण 21. A तथा B इस समझ से बारी-बारी सिक्का फेंकते हैं कि जो पहले शीर्ष (Heac) फेंकेगा, वह जीतेगा। उनके अलग-अलग जीतने की संभावना ज्ञात करें। [2000]

हल : मान लिया A के जीतने की प्रायिकता x है तो B के जीतने की प्रायिकता $= \frac{1}{2}x$

क्योंकि B को A की असफलता (पूँछ प्राप्त होने) पर ही सिक्का फेंकने का मौका मिलेगा। यह क्रम शीर्ष प्राप्त होने तक जारी रहेगा।

अब $\quad x + \frac{1}{2}x = 1 \quad$ या $\quad \frac{3}{2}x = 1$

$\therefore \quad x = \frac{2}{3} \quad \Rightarrow \frac{1}{2}x = \frac{1}{2} \times \frac{2}{3} = \frac{1}{3}$

अतः A के जीतने की प्रायिकता $= \frac{2}{3}$

B के जीतने की प्रायिकता $= \frac{1}{3}$ उत्तर

उदाहरण 22. एक घुड़दौड़ में भाग लेने वाले तीन घोड़ों के अनुकूल संयोगानुपात 1 : 2, 1 : 3, 1 : 4 हैं। इन तीन घोडों में किसी एक के विजयी होने की प्रायिकता बतायें। [2003]

हल : पहले घोड़े का अनुकूल संयोगानुपात $= 1 : 2$

$\therefore$ अतः उसके जीतने की प्रायिकता, $p_1 = \frac{1}{1+2} = \frac{1}{3}$

दूसरे घोड़े के अनुकूल संयोगानुपात $= 1 : 3$

$\therefore$ उसके जीतने की प्रायिकता $p_2 = \frac{1}{1+3} = \frac{1}{4}$

तीसरे घोड़े के अनुकूल संयोगानुपात $= 1 : 4$

$\therefore$ उसके जीतने की प्रायिकता $= \frac{1}{1+4} = \frac{1}{5}$

किंतु कोई एक घोड़ा ही जीत सकता है, अतः ये परस्पर अपवर्जी घटनायें हैं।

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= p_1 + p_2 + p_3$

$= \frac{1}{3} + \frac{1}{4} + \frac{1}{5} = \frac{47}{60}$ उत्तर

उदाहरण 23. एक घटना के होने की प्रायिकता दूसरी घटना के होने की प्रायिकता का वर्ग है। किन्तु प्रथम घटना के प्रतिकूल संयोगानुपात दूसरी घटना के प्रतिकूल संयोगानुपात के घन के बराबर है। प्रत्येक घटना की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल : माना प्रथम एवं द्वितीय घटना के होने की प्रायिकता क्रमशः p_1 तथा p_2 हैं।

प्रश्न से, $\quad p_1 = p_2^2 \quad$ ...(1)

तथा $\quad \frac{1-p_1}{p_1} = \left(\frac{1-p_2}{p_2}\right)^3 \quad$ ...(2)

(2) में (1) से p_1 का मान रखने पर

$$\frac{1-p_2^2}{p_2^2} = \left(\frac{1-p_2}{p_2}\right)^3 \quad \Rightarrow \quad \frac{(1+p_2)(1-p_2)}{p_2^2} = \left(\frac{1-p_2}{p_2}\right)^3$$

$\Rightarrow \quad p_2(1+p_2) = (1-p_2)^2 \quad \Rightarrow \quad p_2 + p_2^2 = 1 + p_2^2 - 2p_2$

$\Rightarrow \quad 3p_2 = 1 \quad \therefore \quad p_2 = \frac{1}{3}$

www.polytechnicpdf.com

$\therefore \quad p_1 = p_2^2 = \frac{1}{9}$ उत्तर

उदाहरण 24. ताश की गड्डी के 52 पत्तों में से एक इक्का या हुकुम का पत्ता खींचने की प्रायिकता बतायें।

हल : मान A = एक इक्का निकालने की घटना

B = हुकुम का पत्ता निकालने की घटना

$A \cap B$ = हुकुम का पत्ता तथा इक्का निकालने की घटना

अतः $P(A \text{ या } B) = P(A \cup B) = P(A) + P(B) - P(A \cap B)$ ...(1)

अब $P(A) = \frac{4}{52}$ [∵ इक्के चार होते हैं]

$P(B) = \frac{13}{52}$ [∵ हुकुम के पत्ते = 13]

$P(A \cap B) = \frac{1}{52}$

$\therefore$ (1) से $P(A \text{ या } B) = \frac{4}{52} + \frac{13}{52} - \frac{1}{52} = \frac{16}{52} = \frac{4}{13}$

अतः इक्का या हुकुम का पत्ता होने की प्रायिकता $= \frac{4}{13}$ उत्तर

उदाहरण 25. एक फैक्ट्री में इंजीनियर के दो स्थान रिक्त हैं। साक्षात्कार हेतु एक इंजीनियर दंपत्ति आते हैं। पति के चुने जाने की प्रायिकता 1/10 तथा पत्नी के चुने जाने की प्रायिकता $\frac{1}{8}$ है निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रायिकता ज्ञात करें—

(i) दोनों का चुनाव हो जाए। (ii) केवल एक चुन लिया जाए

(iii) दोनों में कोई नहीं चुना जाए।

हल : माना H = पति के चुने जाने की घटना; W = पत्नी के चुने जाने की घटना

प्रश्न से, $P(H) = \frac{1}{10}, P(W) = \frac{1}{8}, \quad P(\overline{H}) = 1 - \frac{1}{10} = \frac{9}{10}, \quad P(\overline{W}) = 1 - \frac{1}{8} = \frac{7}{8}$

दोनों का चुना जाना स्वतंत्र घटना है।

$\therefore \quad P(\text{पति तथा पत्नी}) = P(H \cap W) = P(H) \times P(W) = \frac{1}{10} \times \frac{1}{8} = \frac{1}{80}$ उत्तर

(ii) दोनों में से एक के चुने जाने की प्रायिकता

$= P(H \text{ या } W) = P(H \cap \overline{W}) \cup P(\overline{H} \cap W)$

$= P(H \cap \overline{W}) + P(\overline{H} \cap W)$ [घटनायें परस्पर अपवर्जी हैं]

$= P(H).P(\overline{W}) + P(\overline{H}).P(W)$

$= \frac{1}{10} \times \frac{7}{8} + \frac{9}{10} \times \frac{1}{8} = \frac{7}{80} + \frac{9}{80} = \frac{16}{80} = \frac{1}{5}$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $= \frac{1}{5}$ उत्तर

(iii) दोनों में किसी के न चुने जाने की प्रायिकता

$P(\overline{H} \text{ तथा } \overline{W}) = P(\overline{H}).P(\overline{W}) = \frac{9}{10} \times \frac{7}{8} = \frac{63}{80}$ उत्तर

उदाहरण 26. यदि A, 60% स्थितियों में सत्य बोलता है, B, 90% स्थितियों में सत्य बोलता है, तो किसी एक कथन में उनके एक-दूसरे के विरोधाभासी होने की प्रायिकता ज्ञात करें।

www.polytechnicpdf.com

हल : प्रश्न से,

A से सत्य बोलने की प्रायिकता $P(A)=\frac{60}{100}$

A के सत्य न बोलने की प्रायिकता $P(\bar{A})=\frac{40}{100}$

B के सत्य बोलने की प्रायिकता $P(B)=\frac{90}{100}$

B के सत्य न बोलने की प्रायिकता $P(\bar{B})=\frac{10}{100}$

अभीष्ट प्रायिकता $=P(A)P(\bar{B})+P(\bar{A})P(B)$

$$=\frac{60}{100}\times\frac{10}{100}+\frac{40}{100}\times\frac{90}{100}=\frac{4200}{100\times100}=\frac{21}{50}$$ उत्तर

उदाहरण 27. एक व्यक्ति के, जो 45 वर्ष का है 70 वर्ष तक जीने का प्रतिकूल संयोगानुपात 7 : 5 तथा उसकी पत्नी जो 36 वर्ष की है, के 61 वर्ष तक जीने की प्रतिकूल संयोगानुपात 5 : 3 है। प्रायिकता ज्ञात करें कि

(i) दंपत्ति अगले 25 वर्ष तक जीयेंगे

(ii) दोनों में से कोई भी अगले 25 वर्ष तक नहीं जीयेगा।

(ii) उनमें से कोई एक अगले 25 वर्ष तक जीयेगा।

(iv) उनमें से कम से कम एक अगले 25 वर्ष तक जीयेगा।

हल : माना पति के अगले 25 वर्ष तक जीने की घटना $=A$

तथा पत्नी के अगले 25 वर्ष तक जीने की घटना $=B$

स्पष्ट है दोनों स्वतंत्र घटनायें हैं।

अब $P(A)=\frac{5}{5+7}=\frac{5}{12}$, $P(\bar{A})=1-P(A)=1-\frac{5}{12}=\frac{7}{12}$

$P(B)=\frac{3}{5+3}=\frac{3}{8}$, $P(\bar{B})=1-P(B)=1-\frac{3}{5}=\frac{5}{8}$

(i) अभीष्ट प्रायिकता $=P(A$ तथा $B)=P(A\cap B)=P(A).P(B)=\frac{5}{12}\times\frac{3}{8}=\frac{5}{32}$ उत्तर

(ii) अभीष्ट प्रायिकता $=P(\bar{A}$ तथा $\bar{B})=(\bar{A}).P(\bar{B})$ [दोनों स्वतंत्र घटना हैं]

$$=\frac{7}{12}\times\frac{5}{8}=\frac{35}{96}$$

(iii) निम्न स्थितियाँ संभव हैं—

(I) पति अगले 25 वर्ष जीयेगा, पत्नी नहीं अर्थात् $A\cap\bar{B}$

(II) पत्नी अगले 25 वर्ष जीयेगी, पति नहीं अर्थात् $\bar{A}\cap B$

$\therefore$ अभीष्ट प्रायिकता $=P(\text{I या II})=P(A\cap\bar{B})\cup P(\bar{A}\cap B)=P(A\cap\bar{B})+P(\bar{A}\cap B)$

$=P(A)P(\bar{B})+P(\bar{A})P(B)$ [घटनायें स्वतंत्र हैं]

$$=\frac{5}{12}\times\frac{5}{8}+\frac{7}{12}\times\frac{3}{8}=\frac{46}{96}=\frac{23}{48}$$ उत्तर

(iv) अभीष्ट प्रायिकता $=1-P(\bar{A})P(\bar{B})=1-\frac{7}{12}\times\frac{5}{8}=1-\frac{35}{96}=\frac{61}{96}$ उत्तर

उदाहरण 28. यदि E तथा F स्वतंत्र घटनायें हों तथा $P(E)=0.35$, $P(E\cup F)=0.6$ तो $P(F)$ का मान बतायें।

हल : $\because$ $P(E\cup F)=P(E)+P(F)-P(E\cap F)$

$\Rightarrow$ $P(E\cup F)=P(E)+P(F)-P(E).P(F)$ ($\because$ घटनायें स्वतंत्र हैं)

www.polytechnicpdf.com

$$= P(E) + P(F)\{1 - P(E)\}$$

या $0.6 = 0.35 + P(F)\{1 - 0.35\}$ [मान रखने पर]

या $0.6 - 0.35 = P(F)(0.65)$ $\therefore$ $P(F) = \frac{0.25}{0.65} = \frac{5}{13}$ उत्तर

उदाहरण 29. एक सिपाही किसी डकैत पर चार बार गोली दागता है। डकैत किसी एक गोली से मरेगा। इसकी प्रायिकता 0.6 है। सभी गोली दागने के बावजूद डकैत जिंदा है, इसकी प्रायिकता ज्ञात करें।

हल : माना E_i, iवीं गोली से डकैत के नहीं मरने की घटना को बताता है, जहाँ $i = 1, 2, 3, 4$

तो $P(E_i) = 1 - 0.6 = 0.4$

अत: डकैत के जीवित रहने की प्रायिकता $= P(E_1 \cap E_2 \cap E_3 \cap E_4)$

$= P(E_1).P(E_2).P(E_3).P(E_4)$ [घटनायें स्वतंत्र हैं]

$= (0.4) \times (0.4) \times (0.4) \times (0.4)$

$= (0.4)^4 = 0.256$ उत्तर

महत्त्वपूर्ण सूत्र (Important Formulae)

1. यदि E कोई घटना हो तथा घटना m प्रकार से घटित हो सकती है तथा n प्रकार से नहीं घटित हो सकती है।

   (i) उसके होने की प्रायिकता, $P(E) = \frac{E \text{ के अनुकूल परिणामों की संख्या}}{\text{संभव परिणामों की संख्या}} = \frac{m}{m+n} = \frac{n(E)}{n(S)}$

   (ii) उसके न होने की प्रायिकता, $P(\bar{E}) = \frac{n}{m+n}$

   (iii) अनुकूल संयोगानुपात $= m : n$

   प्रतिकूल संयोगानुपात $= n : m$

2. **योग नियम :** यदि E_1 तथा E_2 दो घटनायें हों तो

$$P(E_1 \cup E_2) = P(E_1 \text{ या } E_2) = P(E_1) + P(E_2) - P(E_1 \cap E_2)$$

यदि घटनायें परस्पर अपवर्जी हैं, तो

$$P(E_1 \cup E_2) = P(E_1) + P(E_2)$$

3. **गुणन नियम :** यदि $E_1, E_2, E_3, \ldots$ परस्पर स्वतंत्र घटनायें हों, तो

$$P(E_1 \cap E_2 \cap E_3 \ldots) = P(E_1 \text{ तथा } E_2 \text{ तथा } E_3 \text{ तथा } \ldots)$$
$$= P(E_1) \times P(E_2) \times P(E_3) \times \ldots$$

प्रश्नावली 18.1

1. (i) एक पासे के फेंकने में 5 आने की क्या प्रायिकता है ?

   (ii) एक पासें की फेंक में 3 में बड़ा अंक प्राप्त करने की प्रायिकता ज्ञात करें। **[2011]**

2. एक थैले में 5 लाल तथा 6 हरी गेंदें हैं। थैले में से एक गेंद निकालने पर उसके हरी होने की प्रायिकता बतायें।

3. एक थैले में 6 लाल तथा 3 काली गेंदे हैं। एक काली गेंद के यादृच्छया निकालने की प्रायिकता ज्ञात करें।

4. एक सामान्य वर्ष में 53 रविवार होने की प्रायिकता ज्ञात करें। **[2004, 07]**

5. (i) यदि 52 ताश की गड्डी में से एक ताश खींचा जाए तो उसके इक्का या हुक्म का पत्ता होने की प्रायिकता ज्ञात करें। **[2002]**

   (ii) 52 ताशों की गड्डी से एक पत्ता खींचा जाता है। पत्ते के बादशाह या ईंट (पान) का पत्ता होने की प्रायिकता ज्ञात करें।

www.pdfteachers.com

[संकेत : $n(E) = 13$ (ईंट) + 3 (शेष बादशाह)]

6. बारह टिकटों पर एक-एक संख्या 1 से 12 तक लिखी हुई हैं। यदि इनमें से कोई एक टिकट उठा लिया जाए तो उस पर 2 अथवा 3 के गुणक होने की प्रायिकता ज्ञात करें।

[संकेत : $n(S) = 12$, $E = \{2, 3, 4, 6, 8, 9, 10, 12\}$ $\therefore$ $n(E) = 8$]

7. 1 से 20 तक अंकित टिकटों को मिला दिया जाता है तथा एक टिकट निकाला जाता है। निकाले गए टिकट पर अंकित संख्या 3 अथवा 7 का गुणक होगी, इसकी क्या प्रायिकता है।

8. एक थैले में 8 सफेद तथा 6 लाल गेंदें हैं। दो गेंद एक ही रंग की निकालने की प्रायिकता ज्ञात करें। [1996]

9. एक थैले में 14 गेंदें हैं, जिनमें 3 लाल तथा 4 सफेद हैं और शेष काली हैं तो यदि उनमें से 3 गेंदें निकाली जायें तो उनके एक ही रंग के होने की प्रायिकता ज्ञात करें। [1996, 2001]

10. एक थैले में 10 काली तथा 10 सफेद गेंदें हैं। एक ही रंग के दो गेंदों के खींचे जाने की प्रायिकता बतायें।

$$\left[\text{संकेत : } \frac{{}^{10}C_2}{{}^{20}C_2} + \frac{{}^{10}C_2}{{}^{20}C_2}\right]$$

11. दो परिपूर्ण पासों (Dice) का जोड़ा फेंका जाता है। दोनों पासों पर आये अंकों का योग 10 या अधिक होने की संभाविता ज्ञात करें, जबकि [1991]

(i) प्रथम पासे पर 5 आये। (ii) कम से कम एक पासे पर 5 आए।

12. दो सिक्के एक साथ उछाले जाते हैं, तो

(a) कम से कम एक शीर्ष प्राप्त करने की प्रायिकता बताये।

(b) दोनों शीर्ष ऊपर आने की प्रायिकता ज्ञात करें।

13. (i) ताश के 52 पत्तों में से 2 पत्ते निकाले गए हैं। एक के राजा तथा दूसरे के रानी होने की प्रायिकता ज्ञात करें। [1994]

(ii) चार व्यक्ति एक ताश की गड्डी से एक-एक ताश खींचते हैं। इनमें चारों रंग (प्रकार) के ताश आने की प्रायिकता ज्ञात करें। [1998, 99]

14. (i) एक थैले में 9 लाल, 7 सफेद तथा 4 काली गेंदें हैं। उनमें से यदृच्छया 2 गेंदें निकाली जाती हैं। प्रायिकता ज्ञात करें कि उनमें (a) एक सफेद, दूसरी लाल गेंद हैं, (b) दोनों एक ही रंग की हैं।

(iii) एक थैले में 8 सफेद तथा 6 लाल गेंदें हैं। दो गेंद एक ही रंग की निकालने की प्रायिकता ज्ञात करें। [1996]

15. किसी खेल में चार टीमों के जीतने की प्रायिकता क्रमशः $\frac{1}{7}, \frac{1}{8}, \frac{1}{9}$ तथा $\frac{1}{10}$ हैं। इन चारों टीमों में से किसी एक के जीतने की प्रायिकता ज्ञात करें। किसी भी टीम के न जीतने की प्रायिकता ज्ञात करें।

[संकेत : घटनायें परस्पर अपवर्जी हैं। अतः $P(E) = P(E_1) + P(E_2) + P(E_3) + P(E_4)$]

16. A के द्वारा प्रश्न हल करने की प्रायिकता $\frac{2}{3}$ तथा B के द्वारा हल करने की प्रायिकता $\frac{3}{5}$ है। इन दोनों में से कम से कम एक के द्वारा प्रश्न हल हो जाने की प्रायिकता ज्ञात करें।

17. 9 विद्यार्थियों की एक कमेटी में प्रथम वर्ष से 2, द्वितीय वर्ष से तीन तथा तृतीय वर्ष से चार विद्यार्थी हैं। तीन विद्यार्थी चुने गये हैं। प्रायिकता ज्ञात करें कि

(i) तीनों छात्र अलग-अलग कक्षाओं से हों। [1995, 96]

(ii) तीनों विद्यार्थी एक ही कक्षा के होंगे।

18. किसी दौड़ में चार घोड़ों के जीतने का अनुकूल न्योगानुपात 1 : 3, 1 : 4, 1 : 5 तथा 1 : 6 हैं। उनमें से किसी एक घोड़े के जीतने की प्रायिकता बतायें।

www.polytechnicpdf.com

19. यदि A के प्रश्न हल करने के प्रतिकूल संयोगानुपात $4:3$ तथा B के हल करने के अनुकूल संयोगानुपात $7:5$ है, तो उन दोनों के मिलकर प्रश्न हल करने की प्रायिकता बतायें।

20. किसी परीक्षा में किसी विद्यार्थी A के उत्तीर्ण होने की प्रायिकता $3/7$ तथा दूसरे विद्यार्थी B के उत्तीर्ण होने की प्रायिकता $5/7$ है। यदि A का उत्तीर्ण होना तथा B का उत्तीर्ण होना स्वतन्त्र घटनायें हों तो प्रायिकता ज्ञात करें जबकि

(i) केवल A परीक्षा उत्तीर्ण करता है।

[संकेत : $P[(E_1 \cap \bar{E}_2) = P(E_1).P(\bar{E}_2)]$

(ii) दोनों में से केवल एक परीक्षा उत्तीर्ण करता है।

[संकेत : $P[(E_1 \cap \bar{E}_2) \cup (\bar{E}_1 \cap E_2)]$

जहाँ $E_1 = A$ के उत्तीर्ण होने की घटना, $E_2 = B$ के उत्तीर्ण होने की घटना

21. X के द्वारा गणित, भौतिकी तथा रसायन विज्ञान में ग्रेड A प्राप्त करने की प्रायिकता क्रमशः 0.2, 0.3 तथा 0.5 प्रायिकता ज्ञात करें

(i) सभी विषयों में ग्रेड A (ii) किसी भी विषय में ग्रेड A नहीं

(iii) दो विषयों में ग्रेड A

[संकेत : (a) यदि E, F, G क्रमशः गणित, भौतिकी तथा रसायन विज्ञान में ग्रेड A की प्रायिकता हो तो

(i) $P(E \cap F \cap G)$ (ii) $P(\bar{E} \cap \bar{F} \cap \bar{G})$

(iii) $P\{(E \cap F \cap \bar{G}) \cup (\bar{E} \cap F \cap G) \cup (E \cap \bar{F} \cap G)$

22. यदि A तथा B दो घटनायें हों जहाँ $P(A) = \frac{1}{2}, P(A \cup B) = \frac{3}{5}$

तथा $P(B) = p$ तो p का मान प्राप्त करें जबकि

(i) ये परस्पर अपवर्जी हैं। (ii) स्वतंत्र हैं।

[संकेत : (i) $P(A \cup B) = P(A) + P(B)$ (ii) $P(A \cap B) = P(A).P(B)$]

23. A, B, C तीन विद्यार्थियों द्वारा एक प्रश्न को हल कर लेने की प्रायिकतायें $\frac{1}{3}, \frac{2}{7}$ तथा $\frac{3}{8}$ हैं। यदि तीनों हल करने का प्रयास करते हैं तो प्रायिकता ज्ञात करें :

(i) तीनों विद्यार्थी प्रश्न हल कर लेंगे।

(ii) कोई भी विद्यार्थी प्रश्न हल नहीं कर पाएगा।

(iii) कम से कम एक प्रश्न हल कर देगा।

(iv) केवल एक विद्यार्थी प्रश्न हल कर पाएगा।

(v) केवल दो विद्यार्थी प्रश्न हल कर लेंगे।

24. यदि A तथा B दो घटनायें हैं जहाँ $P(A) = \frac{1}{4}, P(B) = \frac{1}{2}$

तथा $P(A \cap B) = \frac{1}{8}$ तो $P(\bar{A} \cap \bar{B})$ का मान ज्ञात करें,

[संकेत : $P(\bar{A} \cap \bar{B}) = P(\bar{A}).P(\bar{B})$]

25. एक पासे को चार बार फेंका जाता है। प्रत्येक बार एक ही अंक आने की प्रायिकता ज्ञात करें।

[संकेत : $P(E_1) = \frac{6}{6}.P(E_2) = \frac{1}{6}, P(E_3) = \frac{1}{6}, P(E_4) = \frac{1}{6}$ अतः प्रायिकता $= 1 \times \frac{1}{6} \times \frac{1}{6} \times \frac{1}{6}$]

www.polytechnicpdf.com

उत्तरमाला

1. (i) $\frac{1}{6}$ (ii) $\frac{1}{2}$ **2.** $\frac{1}{2}$ **3.** $\frac{1}{3}$ **4.** $\frac{1}{7}$ **5.** (i) $\frac{4}{13}$ (ii) $\frac{4}{13}$

6. $\frac{2}{3}$ **7.** $\frac{2}{5}$ **8.** $\frac{43}{91}$ **9.** $\frac{10}{91}$ **10.** $\frac{9}{19}$ **11.** $\frac{1}{18}, \frac{1}{12}$ **12.** $\frac{3}{4}, \frac{1}{4}$

13. (i) $\frac{8}{263}$ (ii) 0.1055 (iii) $\frac{4}{17}$ **14.** (i) $\frac{63}{190}, \frac{63}{190}$ (ii) $\frac{43}{91}$

15. $\frac{1207}{2520}, \frac{1313}{2520}$ **16.** $\frac{13}{15}$ **17.** $\frac{1}{84}, \frac{5}{84}$ **18.** $\frac{5}{6}$ **19.** $\frac{16}{21}$

20. $\frac{6}{49}, \frac{26}{49}$ **21.** (i) 0.054, (ii) 0.056, (iii) 0.348

22. (i) $\frac{1}{10}$ (ii) $\frac{1}{5}$

23. (i) $\frac{1}{28}$ (ii) $\frac{25}{84}$ (iv) $\frac{25}{56}$ (v) $\frac{37}{168}$

24. $\frac{3}{8}$ **25.** $\frac{1}{216}$

□□□

www.polytechnicpdf.com

19

CHAPTER

द्विपद, प्वॉयसन तथा प्रसामान्य बंटन (Binomial, Poisson and Normal Distribution)

1. द्विपद बंटन

19.1 प्रायिकता बंटन (Probability Distribution) :

यदि यादृच्छ चर (Random Variable) X के n मानों $x_1, x_2, x_3, \ldots, x_n$ के संगत प्रायिकतायें $P(X)$, $p_1, p_2, p_3, \ldots, p_n$ हों तथा उन्हें निम्न रूप में सारणी से व्यक्त किया जाए।

X :	x_1	x_2	x_3	...	x_n
$P(X)$	p_1	p_2	p_3	...	p_n

तो यह प्रायिकता बंटन कहलाती है।

अत: प्रायिकता बंटन यादृच्छ चरों को उनके संगत प्रायिकताओं के साथ सारणी रूप में व्यक्त करने की विधि है।

प्रायिकता बंटन मुख्यत: निम्न प्रकार के होते हैं—

(1) द्विपद बंटन (Binomial Distribution)

(2) प्वासों बंटन (Poisson Distribution)

(3) प्रसामान्य बंटन (Normal Distribution)

19.2. द्विपद बंटन (Binomial Distribution) :

हम जानते हैं कि यदि a तथा x वास्तविक राशियाँ हो तथा x कोई धन पूर्णांक हो तो द्विपद सिद्धान्त से

$$(a+x)^n = {}^nC_0\, a^n + {}^nC_1\, a^{n-1}\, x + {}^nC_2\, a^{n-2}\, x^2 + \ldots + {}^nC_r\, a^{n-r}\, x^r + \ldots + {}^nC_n\, x^n$$

तथा व्यापक पद $t_{r+1} = {}^nC_r\, a^{n-r}\, x^r$

इस सूत्र का प्रयोग घटनाओं की सफलता तथा असफलता की असंतत प्रायिकता तथा उसका बंटन निकालने में होता है। इसका प्रतिपादन जेम्स बर्नोली (James Bernaulli) ने किया था।

मान लिया किसी एक प्रयास (Trial) में घटना (Even) के सफल होने की प्रायिकता p तथा असफल होने की प्रायिकता q हो तो $q+p=1$ [$\because$ प्रायिकता का योग 1 होता है]

यदि कुल n प्रयास किए जायें तो घटना की सफलता $0, 1, 2, \ldots, n$ बार हो सकती है। इन अनुमानित प्रायिकता की गणना द्विपद व्यंजक $(q+p)^n$ के पदों के द्वारा की जाती है तथा इसे

www.polytechnicpdf.com

$$(q+p)^n = {}^nC_0\, q^n + {}^nC_1\, q^{n-1}\, p + {}^nC_2\, q^{n-2} p^2 + \ldots + {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r + \ldots + {}^nC_n\, p^n$$

से व्यक्त किया जाता है।

n प्रयासों में r सफलता की प्रायिकता को $P(r)$ या $p(x=r)$ से सूचित किया जाता है तथा इसे वितरण के व्यापक पद के रूप मे व्यक्त किया जाता है।

अतः $P(r) = {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r$

स्पष्ट है n प्रयासों में ${}^nC_0\, q^n$ शून्य सफलता, ${}^nC_1\, q^{n-1}\, p$ एक सफलता, ${}^nC_2\, q^{n-2}\, p^2$ दो सफलता आदि को सूचित करता है।

अनुमानित बारंबारता : इसी तरह यदि n प्रयासों को N बार दोहराया जाए या एक साथ घटने वाली n घटनाओं को N बार दुहराया जाए तो r सफलता प्राप्त होने की अनुमानित बारम्बारता

$P(r) = N\, {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r$ से दिया जाता है जो बंटन $N(q+p)^n$ के विस्तार में rवाँ पद है।

द्विपद बंटन सारणी :

$X=r$	0	1	2	3	...	r	...	n
$P(r)$	${}^nC_0\, q^n\, p^0$	${}^nC_1\, q^{n-1}\, p$	${}^nC_2\, q^{n-2}\, p^2$	${}^nC_3\, q^{n-3}\, p^3$	...	${}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r$	...	${}^nC_n\, p^n$

19.3 द्विपद बंटन की सीमायें (Limits of Bionomial Distribution) :

द्विपद बंटन का प्रयोग तभी किया जाता है जब

(i) प्रयासों (n) की संख्या परिमित हो

(ii) प्रत्येक प्रयास के दो ही संभव परिणाम सफलता (p) तथा असफलता (q) हो।

(iii) सभी प्रयास स्वतंत्र हों तथा उनके लिए सफलता या असफलता की प्रायिकता स्थिर हो।

19.4 द्विपद बंटन का समानांतर माध्य (Mean of Bionomial Distribution) :

माना सफलता की प्रायिकता p तथा असफलता की प्रायिकता q तथा घटना के घटने की संख्या n है, तो $r = 0, 1, 2, 3, \ldots, n$ सफलताओं की प्रायिकता का योग

$$(q+p)^n = q^n + {}^nC_1\, q^{n-1}\, p + {}^nC_2\, q^{n-2}\, p^2 + {}^nC_3\, q^{n-3}\, p^3 + \ldots + {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r + \ldots + p^n \quad \ldots(1)$$

अब द्विपद बंटन का समानांतर माध्य $= \dfrac{\sum_{r=0}^{n} fr}{\Sigma f}$ ...(2)

अतः (1) से

सफलता (r)	0	1	2	3	... n
आवृत्ति (f)	q^n	$n\, q^{n-1}\, p$	$\frac{n(n-1)}{2} q^{n-2}\, p^2$	$\frac{n(n-1)(n-2)}{6} q^{n-3}\, p^3$	p^n
गुणन (fr)	0	$n\, q^{n-1}\, p$	$n(n-1)\, q^{n-2}\, p^2$	$\frac{n(n-1)(n-2)}{2} q^{n-3}\, p^3$	$n\, p^n$

$$\Sigma(fr) = n\, q^{n-1}\, p + n(n-1)\, q^{n-2}\, p^2 + \frac{n(n-1)(n-2)}{2} q^{n-3}\, p^3 + \ldots + np^n$$

$$= np\left[q^{n-1} + \frac{n-1}{1!} q^{n-2}\, p + \frac{(n-1)(n-2)}{2!} q^{n-3}\, p^2 + \ldots + p^{n-1}\right]$$

www.polytechnicpdf.com

$$= np(q+p)^{n-1} = np(1)^{n-1} = np \qquad [\because q+p=1]$$

तथा $$\Sigma f = q^n + nq^{n-1}p + \frac{n(n-1)}{2!}q^{n-2}p^2 + \ldots + p^n$$

$$= (q+p)^n = 1 \qquad [\because q+p=1]$$

अतः (2) से माध्य $\mu = \dfrac{\Sigma(fr)}{\Sigma f} = \dfrac{np}{1} = np$

19.5 द्विपद बंटन का मानक विचलन (Standard Deviation of Binomial Distribution)

सूत्र से मानक विचलन $\sigma = \sqrt{\dfrac{\Sigma fr^2}{\Sigma f} - \left(\dfrac{\Sigma fr}{\Sigma f}\right)^2}$

पुनः द्विपद बंटन के लिए $\Sigma f = 1, \Sigma fr = np$

जहाँ r (सफलता) है।

अब निम्न सारणी से

सफलता (r)	0	1	2	3	... n
आवृत्ति (f)	q^n	$nq^{n-1}p$	$\frac{n(n-1)}{2}q^{n-2}p^2$	$\frac{n(n-1)(n-2)}{6}q^{n-3}p^3$	p^n
गुणन (fr^2)	0	$nq^{n-1}p$	$2n(n-1)q^{n-2}p^2$	$\frac{3n(n-1)(n-2)}{2}q^{n-3}p^3$	n^2p^n

अब $$\Sigma fr^2 = 0 + nq^{n-1}p + 2n(n-1)q^{n-2}p^2 + \frac{3n(n-1)(n-2)}{2}q^{n-3}p^3 + \ldots + n^2p^n$$

$$= np\left[q^{n-1} + \frac{2(n-1)}{1!}q^{n-2}p + \frac{3(n-1)(n-2)}{2!}q^{n-3}p^2 + \ldots + np^{n-1}\right]$$

$$= np\left[q^{n-1} + \frac{(n-1)}{1!}q^{n-2}p + \frac{(n-1)(n-2)}{2!}q^{n-3}p^2 + \ldots + p^{n-1}\right.$$
$$\left. + \frac{(n-1)}{1!}q^{n-2}p + \frac{2(n-1)(n-2)}{2!}q^{n-3}p^2 + \ldots (n-1)p^{n-1}\right]$$

$$= np\left[q^{n-1} + (n-1)q^{n-2}p + \frac{(n-1)(n-2)}{2!}q^{n-3}p^2 + \ldots + p^{n-1}\right.$$
$$\left. - (n-1)p\{q^{n-2} + (n-2)q^{n-3}p + \frac{(n-2)(n-3)}{2!}q^{n-4}p^2 + \ldots + p^{n-2}\}\right]$$

$= np[(q+p)^{n-1} + (n-1)p(q+p)^{n-2}]$ [द्विपद विस्तार से]

$= np[1 + (n-1)p]$ [$\because p+q=1$]

$= np[np + (1-p)] = np[np+q]$ [$\because p+q=1 \Rightarrow q = 1-p$]

$= n^2p^2 + npq$

(1) में $\Sigma fr = np, \Sigma f = 1$ तथा $\Sigma fr^2 = n^2p^2 + npq$ रखने पर

$$\sigma = \sqrt{\frac{n^2p^2 + npq}{1} - \left(\frac{np}{1}\right)^2}$$

www.polytechnicpdf.com

$$= \sqrt{n^2p^2 + npq - n^2p^2}$$

$$= \sqrt{npq}$$

अत: द्विपद बंटन का मानक विचलन $\sigma = \sqrt{npq}$

नोट :

- विचरण (Variance) $= \sigma^2 = npq$

प्रमुख सूत्र (Important Formulae)

(1) यदि p सफलता की प्रायिकता, q असफलता की प्रायिकता हो, तो

1. प्रायिकता बंटन $= (q+p)^n$
2. r सफलताओं की प्रायिकता $= {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r$

(2) यदि n सिक्कों को N बार उछाला जाए अथवा एक साथ घटने वाली n घटनायें N बार दुहराई जाए तो

(i) प्रायिकता बंटन $= N\,(q+p)^n$

(ii) r सफलताओं की प्रायिकता $= N\ {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r$

(3) द्विपद बंटन का (i) समानांतर माध्य $\mu = np$

(ii) विचरण (Variance) $\sigma^2 = npq$

(iii) मानक विचलन $\sigma = \sqrt{npq}$

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. एक सिक्के को 12 बार उछाला जाता है। (1) 4 शीर्ष आने की प्रायिकता बतायें। अधिक से अधिक 4 शीर्ष आने की प्रायिकता बतायें। **[1994, 2011, 15]**

हल : एक सिक्के को उछालने पर शीर्ष आने की प्रायिकता $p = \frac{1}{2}$, शीर्ष न आने की प्रायिकता $q = \frac{1}{2}$

तथा $n = 12$

अब $n = 12,\ p = \frac{1}{2},\ q = \frac{1}{2}$

अत: द्विपद बंटन $= (q+p)^n = \left(\frac{1}{2} + \frac{1}{2}\right)^{12}$

(i) 4 शीर्ष आने की प्रायिकता $= {}^{12}C_4 \left(\frac{1}{2}\right)^{12-4} \left(\frac{1}{2}\right)^4$

[सूत्र $P(r) = {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r$ में $r = 4$ रखने पर]

$$= \frac{12 \times 11 \times 10 \times 9}{4 \times 3 \times 2 \times 1} \times \left(\frac{1}{2}\right)^{12} = \frac{495}{4096}$$ उत्तर

(ii) अधिकतम 4 शीर्ष प्राप्त करने का अर्थ है कि हमें शून्य शीर्ष (अर्थात् 4 पूँछ), 1 शीर्ष, 2 शीर्ष, 3 शीर्ष तथा 4 शीर्ष प्राप्त हो सकते हैं। अत: प्रायिकता इन सफलताओं की प्रायिकता का योग होगी।

www.polytechnicpdf.com

अब सूत्र $p(r) = {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r$ में $r = 0, 1, 2, 3, 4$ रखने पर

$P(r) =$ शून्य शीर्ष की प्रायिकता $= {}^{12}C_0 \left(\frac{1}{2}\right)^{12} \left(\frac{1}{2}\right)^0 = 1 \times \frac{1}{2^{12}} \times 1 = \frac{1}{4096}$

$P(1) = 1$ शीर्ष आने की प्रायिकता $= {}^{12}C_1 \left(\frac{1}{2}\right)^{11} \left(\frac{1}{2}\right)^1 = 12 \times \frac{1}{4096} = \frac{12}{4096}$

$P(2) = 2$ शीर्ष आने की प्रायिकता $= {}^{12}C_2 \left(\frac{1}{2}\right)^{10} \left(\frac{1}{2}\right)^2 = \frac{12 \times 11}{2 \times 1} \times \frac{1}{4096} = \frac{66}{4096}$

$P(3) = 3$ शीर्ष आने की प्रायिकता $= {}^{12}C_3 \left(\frac{1}{2}\right)^9 \left(\frac{1}{2}\right)^3 = \frac{12 \times 11 \times 10}{3 \times 2 \times 1} \times \frac{1}{4096} = \frac{220}{4096}$

तथा $P(4) = 4$ शीर्ष आने की प्रायिकता $= {}^{12}C_4 \left(\frac{1}{2}\right)^8 \left(\frac{1}{2}\right)^4 = \frac{12 \times 11 \times 10 \times 9}{4 \times 3 \times 2 \times 1} \times \frac{1}{4096} = \frac{495}{4096}$

अभीष्ट प्रायिकता $p(r \le 4) = P(r \le 4) = P(0) + P(1) + P(2) + P(3) + P(4)$

$$= \frac{1}{4096} + \frac{12}{4096} + \frac{66}{4096} + \frac{220}{4096} + \frac{495}{4096} = \frac{794}{4096}$$

$$= \frac{397}{2048} = 0.194$$

उत्तर

उदाहरण 2. पासों का एक युग्म चार बार फेंका जाता है। यदि दोनों पासों पर एक ही संख्या के आने को सफलता माना जाये तो 2 सफलताओं की प्रायिकता ज्ञात कीजिये। **[B.T.E., U.P. 1990]**

हल : प्रतिदर्श समष्टि में अवयवों की संख्या $= 6^2 = 36$

दोनों पासों पर एक ही संख्या, अर्थात् 11, 22, 33, 44, 55 तथा 66 आने की स्थितियाँ $= 6$

अतः सफलता की प्रायिकता $p = \frac{6}{36} = \frac{1}{6}$ तथा असफलता की प्रायिकता $q = 1 - \frac{1}{6} = \frac{5}{6}$

तथा $n = 4$

अतः 2 सफलताओं की प्रायिकता $(r = 2)$

$$P(2) = {}^nC_r \cdot q^{n-r}\, p^r = {}^4C_2 \left(\frac{5}{6}\right)^2 \left(\frac{1}{6}\right)^2 = 6 \cdot \frac{25}{36} \cdot \frac{1}{36} = \mathbf{\frac{25}{216}}$$

उत्तर

उदाहरण 3. यदि प्रत्येक 10 आने वाले जहजों में एक क्षतिग्रस्त आता है, तब 5 आने वाले जहाजों में 4 सुरक्षित आयेंगे, इसकी प्रायिकता ज्ञात करो। **[B.T.E., U.P. 1997]**

हल : जहाज के क्षतिग्रस्त होने की प्रायिकता, $q = \frac{1}{10}$

तथा जहाज के क्षतिग्रस्त न होने की प्रायिकता $p = 1 - \frac{1}{10} = \frac{9}{10}$

अतः द्विपद बंटन $= \left(\frac{1}{10} + \frac{9}{10}\right)^5$

5 आने वाले जहाजों में 4 सुरक्षित आयेंगे इसकी प्रायिकता $P(4) = {}^5C_4\, (q)^{5-4}\, (p)^4$

$[\because P(r) = {}^nC_r\, q^{n-r} p^r]$

www.polytechnic-pt.com

$$= {}^5C_4 \left(\frac{1}{10}\right)^1 \left(\frac{9}{10}\right)^4 = 5 \cdot \frac{(9)^4}{(10)^4 \cdot 10} = \frac{6561}{20,000} = \mathbf{0.32805}$$ उत्तर

उदाहरण 4. यदि एक मशीन द्वारा निर्मित बोल्टस (Bolts) में 10 प्रतिशत खराब है, प्रायिकता निकालिये जब 5 बोल्ट्स यादृच्छिक रूप से चुनने पर (i) कोई नहीं (ii) एक बोल्ट खराब हो (iii) अधिकतम एक बोल्ट खराब हो।

[B.T.E., U.P. 2000]

हल : प्रश्नानुसार बोल्ट के त्रुटिपूर्ण होने की प्रायिकता $p = \frac{10}{100} = \frac{1}{10}$, $n = 5$

$\therefore$ किसी बोल्ट के त्रुटिपूर्ण न होने की प्रायिकता $q = 1 - \frac{1}{10} = \frac{9}{10}$

अत: प्रायिकता का द्विपद बंटन, $(q+p)^n = \left(\frac{9}{10} + \frac{1}{10}\right)^5$ है। [$\because n = 5$]

निकाले गए बोल्टों में

(i) किसी भी बोल्ट के त्रुटिपूर्ण न होने की प्रायिकता, $(r = 0) = {}^5C_0\, q^{5-0}\, p^0$

$$= 1 \times \left(\frac{9}{10}\right)^5 \times \left(\frac{1}{10}\right)^0 = \left(\frac{9}{10}\right)^5 = \frac{59,049}{1,00,000}$$ [सूत्र ${}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r$ से] उत्तर

(ii) एक बोल्ट के त्रुटिपूर्ण होने की प्रायिकता,

$$= {}^5C_1\, q^{5-1}\, p^1 = (5)\left(\frac{9}{10}\right)^4 \left(\frac{1}{10}\right)^1 = \frac{32805}{100000}$$ उत्तर

(iii) अधिक से अधिक एक बोल्ट त्रुटिपूर्ण होने की प्रायिकता $= P(0 \text{ या } 1) = P(0) + P(1)$

$$= \frac{59049}{1,00,000} + \frac{32805}{1,00,000} = \mathbf{\frac{91854}{1,00,000}}$$ उत्तर

उदाहरण 5. एक कम्पनी द्वारा बनाये गये कलम के दोषपूर्ण होने की प्रायिकता $\frac{1}{10}$ है।

यदि ऐसे 12 कलम बनाये जाते हैं तो प्रायिकता ज्ञात कीजिये :

(i) ठीक दो कलम दोषपूर्ण होंगे।

(ii) कम से कम दो कलम दोषपूर्ण होंगे।

(iii) कोई भी कलम दोषपूर्ण नहीं होगा। **[B.T.E., U.P. 2002]**

हल : प्रश्न से दोषपूर्ण कलम होने की प्रायिकता, $p = \frac{1}{10}$

$\therefore$ दोषपूर्ण कलम न होने की प्रायिकता $q = 1 - \frac{1}{10} = \frac{9}{10}$

यहाँ $n = 12$ $\therefore$ द्विपद बंटन $= \left(\frac{9}{10} - \frac{1}{20}\right)^{12}$

द्विपद बंटन के सूत्र $P(r) = {}^nC_r \cdot q^{n-r} \cdot p^r$ से,

(i) ठीक दो कलम दोषपूर्ण होने की प्रायिकता, (यहाँ $r = 2$)

$$P(2) = {}^{12}C_2 \left(\frac{9}{10}\right)^{12-2} \cdot \left(\frac{1}{10}\right)^2 = {}^{12}C_2 \left(\frac{9}{10}\right)^{10} \left(\frac{1}{10}\right)^2 = \mathbf{0.2301}$$ उत्तर

www.polytechnicpdf.com

(ii) कम से कम दो कलम दोषपूर्ण होने की प्रायिकता,

$= 1 -$ (कोई कलम दोषपूर्ण नहीं या एक कलम दोषपूर्ण होने की प्रायिकता) $= 1 - [P(0) + P(1)]$

$$= 1 - \left\{ {}^{12}C_0 \left(\frac{9}{10}\right)^{12} \left(\frac{1}{10}\right)^0 - {}^{12}C_1 \left(\frac{9}{10}\right)^{12-1} \left(\frac{1}{10}\right)^1 \right\} = 1 - \left[\left(\frac{9}{10}\right)^{12} + 12 \times \left(\frac{9}{10}\right)^{11} \times \frac{1}{10}\right]$$

$$= 1 - \left(\frac{9}{10}\right)^{11} \left[\frac{9}{10} + \frac{12}{10}\right] = 1 - \left(\frac{9}{10}\right)^{11} \frac{21}{10}$$

$= \mathbf{0.3412}$ उत्तर

(iii) कोई भी कलम दोषपूर्ण न होने की प्रायिकता, (यहाँ $r = 0$)

$$P(0) = {}^{12}C_0 \left(\frac{9}{10}\right)^{12} \left(\frac{1}{10}\right)^0 = \mathbf{0.2833}$$ उत्तर

उदाहरण 6. 6 पांसों को एक साथ 729 बार उछाला गया। आप कितनी बार आशा करेंगे कि 5 या 6 अंक कम से कम तीन पांसों पर ऊपर आयेंगे ? **[B. E., U.P. 2009, 2012, 2013]**

हल : (i) एक पांसे पर 5 या 6 अंक आने की प्रायिकता $p = \frac{2}{6} = \frac{1}{3}$

$\therefore \quad q = 1 - \frac{1}{3} = \frac{2}{3} \qquad [\because p + q = 1]$

$\therefore$ द्विपद बारंबारता बंटन $= N(q + p)^n$

$$= 729\left(\frac{2}{3} + \frac{1}{3}\right)^6 \qquad \left[\because n = 6, N = 729, p = \frac{1}{2}\right]$$

अत: कम से कम तीन पांसों पर 5 या 6 अंक आने की बारम्बारता $= P(3) + P(4) + P(5) + P(6)$

$$= 729\left[{}^6C_3 \left(\frac{1}{3}\right)^3 \left(\frac{2}{3}\right)^3 + {}^6C_4 \left(\frac{1}{3}\right)^4 \left(\frac{2}{3}\right)^2 + {}^6C_5 \left(\frac{1}{3}\right)^5 \left(\frac{2}{3}\right)^1 + {}^6C_6 \left(\frac{1}{3}\right)^6 \left(\frac{2}{3}\right)^0\right]$$

$[\because P(r) = {}^nC_r \cdot q^{n-r} p^r]$

$$= 729\left\{20\left(\frac{1}{27}\right)\left(\frac{8}{27}\right)\right\} + 729\left\{15\left(\frac{1}{81}\right)\left(\frac{4}{9}\right)\right\} + 729\left\{6\left(\frac{1}{243}\right)\left(\frac{2}{3}\right)^1\right\} + 729\left\{1\left(\frac{1}{729}\right)(1)\right\}$$

$= 160 + 60 + 12 + 1 = \mathbf{233}$ उत्तर

उदाहरण 7. प्रत्येक चार बच्चों वाले 8000 परिवारों में से कितने परिवार संभावित होंगे जिनमें कि (i) कोई लड़की नहीं है (ii) अधिक से अधिक दो लड़कियाँ हैं यह मानते हुए कि लड़कों एवं लड़कियों की प्रायिकतायें समान हैं। **[2013]**

हल : प्रश्नानुसार, लड़के एवं लड़की होने की प्रायिकता समान है।

माना लड़की होने (सफलता) की प्रायिकता $p = \frac{1}{2}$

$\therefore$ लड़के होने की (असफलता) प्रायिकता $q = 1 - p = 1 - \frac{1}{2} = \frac{1}{2}$

अब यहाँ $p = \frac{1}{2}, q = \frac{1}{2}, n = 4, N = 8000 \quad \therefore$ द्विपद बारम्बारता बंटन $= N(q + p)^n = 8000\left(\frac{1}{2} + \frac{1}{2}\right)^4$

www.polytechnicpdf.com

अब (i) P (कोई लड़की नहीं) $= P(0) = {}^4C_0\left(\frac{1}{2}\right)^{4-0} \times \left(\frac{1}{2}\right)^0 = 1 \times \frac{1}{2^4} \times 1 = \frac{1}{16}$

$\therefore$ 8000 परिवारों में अभीष्ट प्रायिकता $= 8000 \times \frac{1}{16} = 500$ उत्तर

(ii) P (अधिक से अधिक दो लड़की)

$= P$ (कोई लड़की नहीं) $+ P$ (1 लड़की) $+ P$ (2 लड़की)

$= P(0) + P(1) + P(2)$

$= {}^4C_0\left(\frac{1}{2}\right)^{4-0}\left(\frac{1}{2}\right)^0 + {}^4C_1\left(\frac{1}{2}\right)^{4-1}\left(\frac{1}{2}\right) + {}^4C_2\left(\frac{1}{2}\right)^{4-2}\left(\frac{1}{2}\right)^2$

$= 1 \times \frac{1}{2^4} \times 1 + 4 \times \frac{1}{2^3} \times \frac{1}{2} + \frac{4 \times 3}{2 \times 1} \times \frac{1}{2^2} \times \frac{1}{2^2} = \frac{1}{16} + \frac{4}{16} + \frac{6}{16} = \frac{11}{16}$

$\therefore$ 8000 परिवारों के लिए अभीष्ट प्रायिकता $P = 8000 \times \frac{11}{16} = 5500$ उत्तर

उदाहरण 8. एक परिपूर्ण घनाकार डाइस (Dice) 8 के समूह में काफी बार फेंकी जाती है। 5 या 6 के आने को घटना की सफलता घोषित किया जा यकता है; समूह से कितने अनुपात में 3 बार सफलतायें प्राप्त होंगी ? **[B.T.E., U.P. 1998]**

हल : माना प्रयासों की संख्या N है। डाई के 8 के समूह में फेंका जाना एक समय में 8 डाइस फेंके जाने के समान है।

अत: $n = 8$

यहाँ $p = 5$ या 6 आने की प्रायिकता $= \frac{2}{6} = \frac{1}{3}$ तथा $q = 1 - \frac{1}{3} = \frac{2}{3}$

अत: द्विपद बंटन $= N\left(\frac{2}{3} + \frac{1}{3}\right)^8$

$\therefore$ तीन सफलताओं की प्रायिकता $= N \cdot {}^8C_3\left(\frac{2}{3}\right)^5\left(\frac{1}{3}\right)^3$ (यहाँ $r = 3$)

$= N\frac{8!}{5!.3!}\left(\frac{2}{3}\right)^5\left(\frac{1}{3}\right)^3 = \frac{8 \times 7 \times 6}{3 \times 2} \times \frac{2^5}{3^8}N = \frac{1792}{6561}N$

अभीष्ट प्रतिशत अनुपात $= \frac{\left(\frac{1792}{6561}N\right)}{N} \times 100 = \frac{1792 \times 100}{6561} = 27.31\%$ उत्तर

उदाहरण 9. 60 वर्षीय व्यक्ति के 70 वर्ष तक जीवित रहने की प्रायिकता 0.65 है। 10 व्यक्तियों में जो अब 60 वर्षीय हैं कम से कम 8 के 70 वर्ष तक जीवित रहने की प्रायिकता क्या होगी ? **[B.T.E., U.P., 1999]**

हल : प्रश्नानुसार, किसी व्यक्ति के 70 वर्ष तक जीवित रहने की प्रायिकता,

$$p = 0.65 = \frac{65}{100} = \frac{13}{20} \quad ...(1)$$

अत: किसी व्यक्ति के 70 वर्ष तक जीवित न रहने की प्रायिकता,

$$q = 1 - p = 1 - \frac{13}{20} = \frac{7}{20} \quad ...(2)$$

व्यक्तियों की संख्या, $n = 10$

www.polytechnicpdf.com

अत: कम से कम 8 व्यक्तियों के 70 वर्ष तक जीवित रहने की प्रायिकता

$$= p(8) + p(9) + p(10) = {}^{10}C_8 \left(\frac{7}{20}\right)^2 \left(\frac{13}{20}\right)^8 + {}^{10}C_9 \left(\frac{7}{20}\right)^1 \left(\frac{13}{20}\right)^9 + {}^{10}C_{10} \left(\frac{9}{20}\right)^0 \left(\frac{13}{20}\right)^{10}$$

$$= \frac{10 \times 9}{2 \times 1} \times \frac{7^2}{20^2} \times \frac{13^8}{20^8} + 10 \times \left(\frac{7}{20}\right) \times \frac{13^9}{20^9} + \frac{13^{10}}{20^{10}}$$

$$= 45 \times \frac{7^2 \times 13^8}{20^{10}} + \frac{10 \times 7 \times 13^9}{20^{10}} + \frac{13^{10}}{20^{10}}$$

$$= 0.1756 + 0.0725 + 0.0135$$

$$= 0.2616$$ उत्तर

उदाहरण 10. तीन सिक्के उछालने पर शीर्षों की संख्या पर आधारित प्रायिकता बंटन ज्ञात करें।

हल : यहाँ $p = \frac{1}{2}, q = \frac{1}{2}, n = 3$ $\therefore$ प्रायिकता बंटन $= \left(\frac{1}{2} + \frac{1}{2}\right)^3$

अत: $p(0) = {}^3C_0 \left(\frac{1}{2}\right)^3 \left(\frac{1}{2}\right)^0 = 1 \times \frac{1}{8} \times 1 = \frac{1}{8}$ = शून्य शीर्ष की प्रायिकता

$p(1) = {}^3C_1 \left(\frac{1}{2}\right)^{3-1} \left(\frac{1}{2}\right)^1 = 3 \times \frac{1}{4} \times \frac{1}{2} = \frac{3}{8}$ = 1 शीर्ष की प्रायिकता

$p(2) = {}^3C_2 \left(\frac{1}{2}\right)^{3-2} \left(\frac{1}{2}\right)^2 = 3 \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{4} = \frac{3}{8}$ = 2 शीर्ष की प्रायिकता

$p(3) = {}^3C_3 \left(\frac{1}{2}\right)^{3-3} \left(\frac{1}{2}\right)^3 = 1 \times 1 \times \frac{1}{8} = \frac{1}{8}$ $[\because p(r) = {}^nC_r\, q^{n-r}\, p^r]$

अत: अभीष्ट बारम्बारता बंटन

r	0	1	2	3
$p(r)$	$\frac{1}{8}$	$\frac{3}{8}$	$\frac{3}{8}$	$\frac{1}{8}$

उदाहरण 11. एक नगर की 20% जनसंख्या साक्षर है, जिससे साक्षर होने की प्रायिकता $\frac{1}{5}$ है। यदि 100 अन्वेषकों का दल दस-दस व्यक्तियों का प्रतिदर्श लेकर परीक्षण करे तो उनकी रिपोर्ट के अनुसार 3 अथवा उससे कम व्यक्तियों के साक्षर होने की प्रायिकता क्या होगी ?

हल : यहाँ $p = \frac{1}{5} \therefore q = 1 - p = 1 - \frac{1}{5} = \frac{4}{5}, n = 10$

तीन अथवा उससे कम व्यक्तियों के साक्षर होने की प्रायिकता

P (3 या उससे कम)

$= P$ (0 या 1 या 2 या 3) $= P(0) + P(1) + P(2) + P(3)$

$$= {}^{10}C_0 \left(\frac{4}{5}\right)^{10} \left(\frac{1}{5}\right)^0 + {}^{10}C_1 \left(\frac{4}{5}\right)^9 \left(\frac{1}{5}\right)^1 + {}^{10}C_2 \left(\frac{4}{5}\right)^8 \left(\frac{1}{5}\right)^2 + {}^{10}C_3 \left(\frac{4}{5}\right)^7 \left(\frac{1}{5}\right)^3$$

www.polytechnicpdf.com

$$= \left(\frac{4}{5}\right)^{10} + \frac{10}{5}\left(\frac{4}{5}\right)^{9} + \frac{45}{25}\cdot\left(\frac{4}{5}\right)^{8} + \frac{120}{125}\left(\frac{4}{5}\right)^{7}$$

$$= \left(\frac{4}{5}\right)^{7}\left\{\left(\frac{4}{5}\right)^{3} + 2\left(\frac{4}{5}\right)^{2} - \frac{45}{25}\left(\frac{4}{5}\right) + \frac{120}{125}\right\}$$

$$= \left(\frac{4}{5}\right)^{7}[(0.8)^3 + 2(0.8)^2 + 1.8(0.8) + 0.96]$$

$$= \left(\frac{4}{5}\right)^{7}[0.512 + 1.28 + 1.44 + 0.96]$$

$$= \left(\frac{4}{5}\right)^{7} \times 4.192$$

$\therefore$ अन्वेषकों की अभीष्ट संख्या $= \left(\frac{4}{5}\right)^{7} \times 4.192 \times 100 = 87.91$ (लगभग)

$= 88$ (लगभग) उत्तर

उदाहरण 12. एक द्विपद बंटन में समान्तर माध्य 4 तथा मानक विचलन $\sqrt{3}$ है। 0, 3 तथा 5 सफलताओं की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

हल : प्रश्न से, समानान्तर माध्य $\mu = np = 4$ तथा मानक विचलन $\sigma = \sqrt{npq} = \sqrt{3} \Rightarrow npq = 3$

$\therefore \frac{npq}{np} = \frac{3}{4} \Rightarrow q = \frac{3}{4} \Rightarrow p = 1 - q = 1 - \frac{3}{4} = \frac{1}{4}$

पुनः $n = \frac{np}{p} = \frac{4}{1/4} = 16$

0 सफलता की प्रायिकता $= {}^{16}C_0\left(\frac{3}{4}\right)^{16}\left(\frac{1}{4}\right)^{0} = \left(\frac{3}{4}\right)^{16}$

3 सफलता की प्रायिकता $= {}^{16}C_3\left(\frac{3}{4}\right)^{13}\left(\frac{1}{4}\right)^{3}$

5 सफलता की प्रायिकता $= {}^{16}C_5\left(\frac{3}{4}\right)^{11}\left(\frac{1}{4}\right)^{5}$ [$\because$ r सफलता की प्रायिकता ${}^{n}C_r\, q^{n-r}\, p^r$ से] उत्तर

उदाहरण 13. एक त्रुटिपूर्ण बोल्ट की प्रायिकता 0.1 है तो 400 बोल्ट में त्रुटिपूर्ण बोल्टों के लिए (i) माध्य (ii) मानक विचलन की गणना करें। **[1987]**

हल : प्रश्न से, बोल्टों की संख्या $n = 400$

अतः प्रायिकता $p = 0.1$ तथा $q = 1 - p = 0.9$

(i) $\therefore$ माध्य $\mu = np = 400 \times 0.1 = 40$ उत्तर

(ii) मानक विचलन $\sqrt{npq} = \sqrt{400 \times 0.1 \times 0.9}$

$= 20 \times 0.3 = 6$ उत्तर

उदाहरण 14. द्विपद बंटन $\left(\frac{1}{5} + \frac{4}{5}\right)^{10}$ के लिए माध्य तथा मानक विचलन ज्ञात करें :

www.polytechnicpdf.com

हल : यहाँ $q=\frac{1}{5}, p=\frac{4}{5}, n=10$ $\therefore$ माध्य $=np=10\times\frac{4}{5}=8$

मानक विचलन $=\sqrt{npq}=\sqrt{10\times\frac{4}{5}\times\frac{1}{5}}=\frac{\sqrt{40}}{5}=\frac{2\sqrt{10}}{5}$

उदाहरण 15. किसी द्विपद बंटन के लिए कथन की सत्यता जाँचें

(i) माध्य 5 तथा मानक विचलन 3 है। [2001]

(ii) माध्य 2 तथा मानक विचलन 5 है। [1993]

हल : किसी द्विपद बंटन के लिए, माध्य, $\mu=np$, मानक विचलन $=\sqrt{npq}\Rightarrow\sigma^2=npq$

(1) यहाँ $\mu=np=5$ ...(1)

तथा $\sigma=3\Rightarrow\sigma^2=9\Rightarrow npq=9$ ...(2)

$\frac{npq}{np}=\frac{9}{5}=1.8$ [(2) में (1) से भाग देने पर]

$\Rightarrow$ $q=1.8>1$ जो असम्भव है, क्योंकि प्रायिकता 1 से अधिक नहीं हो सकती। अत: कथन असत्य है।

(ii) यहाँ माध्य $np=2$ तथा मानक विचलन $\sqrt{npq}=5\Rightarrow npq=25$

$\therefore$ $\frac{npq}{np}=\frac{25}{2}=12.5$

$\Rightarrow$ $q=12.5>1$, जो असंभव है क्योंकि प्रायिकता 1 से बड़ी नहीं हो सकती। अत: कथन असत्य है।

उदाहरण 16. यदि किसी चर के मान क्रमश: $0, 1, 2, 3, \ldots, n$ है और बारम्बारता के मान क्रमश: द्विपद गुणांकों $1, {}^nC_1, {}^nC_2, {}^nC_3, \ldots, {}^nC_n$ के अलग-अलग अनुपाती है तो सिद्ध करें कि माध्य $\frac{n}{2}$ है। [1990]

हल :

चर (r)	0	1	2	3	...n
बारम्बारता (f)	$1={}^nC_0$	${}^nC_1$	${}^nC_2$	${}^nC_3$	${}^nC_n=1$
गुणनं (fr)	0	${}^nC_1$	$2\,{}^nC_2$	$3\,{}^nC_3$	n

अब $\Sigma f={}^nC_0+{}^nC_1+{}^nC_2+{}^nC_3+\ldots+{}^nC_n=(1+1)^n=2^n$ ...(1)

तथा $\Sigma fr=0+{}^nC_1+2\,{}^nC_2+3\,{}^nC_3+n\times1$

$=n+2\frac{n(n-1)}{2!}+3\frac{n(n-1)(n-2)}{3!}+\ldots+n$

$=n\left[1+\frac{(n-1)}{1!}+\frac{(n-1)(n-2)}{2!}+\ldots+1\right]$

$=n(1+1)^{n-1}=n\times2^{n-1}$ ...(2)

अब माध्य $=\frac{\Sigma fr}{\Sigma f}=\frac{n\,2^{n-1}}{2^n}$ [(1) तथा (2) से]

$=\frac{n\times2^{n-1}}{2^{n-1}\times2}=\frac{n}{2}$ सिद्ध हुआ।

www.polytechnicpdf.com

प्रमुख सूत्र (Important Formulae)

(1) यदि सफलता की प्रायिकता p तथा असफलता की प्रायिकता q हो तो द्विपद बंटन $= (q+p)^n$

तथा r सफलताओं की प्रायिकता $= {}^nC_r\, q^{n-r} p^r$

(2) द्विपद बारम्बारता बंटन : यदि n परिक्षणों की पुनरावृत्ति N बार की जाए तो r सफलताओं की बारम्बारता

$$= N\ {}^nC_r\, q^{n-r} p^r$$

तथा द्विपद बारम्बारता बंटन $= N(q+p)^n$

(3) द्विपद बंटन का (i) समानांतर माध्य

$$m = np$$

(ii) मानक विचलन $\sigma = \sqrt{npq}$

(iii) विचरण (Variance) $\sigma^2 = npq$

प्रश्नावली 19.1

1. यदि एक प्रयास में सफलता की प्रायिकता $\frac{1}{6}$ है, तो 4 प्रयासों में 2 सफलता प्राप्त करने की प्रायिकता ज्ञात करें।

2. एक सिक्के को 6 बार उछाला गया तो 4 शीर्ष प्राप्त करने की प्रायिकता ज्ञात करें।

3. एक पासा 8 बार फेंका जाता है तथा 3 आने की घटना को सफलता माना जाता है, तो निम्न की प्रायिकता ज्ञात करें :
(i) 2 सफलता (ii) कम से कम 7 सफलता (iii) कम से कम एक सफलता

4. 8 सिक्कों को एक साथ उछाला गया है। सिद्ध करो कि कम से कम 6 शीर्ष प्राप्त होने की प्रायिकता $\frac{37}{256}$ है। **[1995]**

5. यदि प्रत्येक 10 आने वाले जहाजों में एक क्षतिग्रस्त आता है तब 5 आने वाले जहाजों में कम से कम 4 सुरक्षित आयेंगे, उसकी प्रायिकता ज्ञात करें।
[संकेत : $p = \frac{9}{10}, q = \frac{1}{10}, p\,(4 \text{ या } 5) = {}^5C_4\, p^4\, q^{5-4} + {}^5C_5 \cdot p^5\, q^0$]

6. किसी फैक्ट्री में बनाये गए 10% पेंच दोषपूर्ण पाए जाते हैं। प्रायिकता निकालिए जब 10 पेंच यादृच्छिक रूप से चुनने पर 2 पेंच दोषपूर्ण होंगे।
[संकेत : $p = \frac{1}{10}, q = \frac{9}{10}, n = 10, r = 2$]

7. टार्च बैट्रीज के एक बड़े समूह में 3 प्रतिशत बैट्री दोषपूर्ण हैं। यदि 5 बैट्रीज के प्रतिदर्श को यादृच्छया निकाल लिया जाए तो प्रायिकता ज्ञात कीजिए जबकि
(i) पाँचों बैट्रीज दोषपूर्ण हों (ii) 5 में से 2 दोषपूर्ण हों।
[संकेत : $p = \frac{3}{100}, q = \frac{97}{100}, n = 5$]

8. एक खेल में A के जीतने की प्रायिकता 2 : 3 है। A द्वारा 5 खेलों में से (i) 3 खेलों में जीतने की प्रायिकता (ii) कम से कम तीन खेलों में जीतने की प्रायिकता ज्ञात करें।

www.polytechnicpdf.com

9. प्रत्येक 4 बच्चों वाले 800 परिवारों में से कितने परिवार संभावित होंगे जिनमें (i) 2 लड़के तथा 2 लड़कियाँ (ii) कम कम एक लड़का है (iii) कोई लड़का नहीं है (iv) अधिक से अधिक 2 लड़कियाँ हैं। [2008, 2010

10. एक घनाकार पासा 6 के समूह में काफी बार फेंकी जाती है। 3 या 4 का अंक आने की घटना को सफलता घोषित किया ग है। समूहों के कितने अनुपात में 4 सफलताओं की आशा की जा सकती है?

11. 7 सिक्कों को 256 बार उछाला जाए तो कितनी बार (i) तीन सिक्कों पर (पूँछ) (tail) (ii) सभी सिक्कों पर पूँछ (ta आएगा?

[संकेत : $N = 256, n = 7, p = \frac{1}{2}, q = \frac{1}{2}$]

12. जानवरों में एक विशेष रोग के फैलने की संभावना 20% थी। 6 जानवरों को पहले से ही रोग से संबंधित टीका लगा देने यह पाया गया कि उनमें से किसी भी जानवर को रोग नहीं लगा। किए गए परीक्षण की प्रायिकता ज्ञात करें।

[संकेत : $p = \frac{20}{100} = \frac{1}{5}, q = \frac{4}{5}, n = 6, p(0) = ?$]

13. एक शहर में संक्रामक रोग फैल जाने से वहाँ के 40% बच्चों के रोगी हो जाने की सम्भावा है। 8 बच्चों में से 6 या 6 अधिक रोगी हो जाने की प्रायिकता ज्ञात करें।

[संकेत : $p = \frac{2}{5}, q = \frac{1}{5}$]

14. किसी शहर की आधी जनसंख्या शाकाहारी है अर्थात् किसी व्यक्ति के शाकाहारी होने की प्रायिकता $\frac{1}{2}$ है। यदि 1 अन्वेषक दस-दस व्यक्तियों का प्रतिदर्श लेकर परीक्षण करें तो उनकी रिपोर्ट के अनुसार तीन अथवा उससे कम व्यक्तियो शाकाहारी होने की प्रायिकता क्या होगी?

15. एक द्विपद बंटन के लिए माध्य 6 और मानक विचलन $\sqrt{2}$ है, तो द्विपद बंटन ज्ञात करें। [199

16. किसी द्विपद बंटन का माध्य 8 तथा विचरण 9 है। कथन की सत्यता जाँचें।

उत्तरमाला

1. $\frac{25}{216}$ 2. $\frac{15}{64}$ 3. (i) $\frac{28 \times 5^6}{6^8}$ (ii) $\frac{41}{6^8}$ (iii) $1 - \left(\frac{5}{6}\right)^8$

5. $\frac{7}{5}\left(\frac{9}{10}\right)^4$ 6. $\frac{1}{2}\left(\frac{9}{10}\right)^9$ 7. (i) $\frac{243}{10^{10}}$ (ii) $\frac{912673}{10^9}$

8. (i) $\frac{144}{625}$ (ii) $\frac{992}{3125}$

9. (i) 300 (ii) 750 (iii) 50 (iv) 550

10. $\frac{20}{243}$ 11. (i) 70 (ii) 2

12. 0.262 13. 0.050 14. $\frac{176}{1024}$ 15. $\left(\frac{1}{3} + \frac{2}{3}\right)^9$ 16. असत्य

www.polytechnicpdf.com

2. प्वॉयसन बंटन (Poisson Distribution)

19.6 प्वॉयसन बंटन (Poisson Distribution)

प्वॉयसन बंटन द्विपद बंटन का विशिष्ट सीमान्त रूप है। जब n काफी बड़ा तथा p (या q) का मान काफी छोटा हो तो द्विपद बंटन की सहायता से प्रायिकता की गणना कठिन हो जाती है।

अतः यदि $n \to \infty$ तथा $p \to 0$, परन्तु माध्य $m = np$ परिमित संख्या हो, तो किसी घटना की सफलता या असफलता का असंतत प्रायिकता बंटन

$$P(r) = \frac{m^r e^{-m}}{r!}, \quad r = 0, 1, 2, 3, \ldots \qquad \text{जहाँ } e = 2.7183 \text{ लगभग तथा } m = np \qquad \ldots(1)$$

को प्वॉयसन बंटन कहते हैं।

स्पष्ट है प्वॉयसन बंटन एक प्राचल (Parameter) m पर निर्भर है।

समीकरण (1) में $r = 0, 1, 2, 3, \ldots$ आदि रखकर विभिन्न सफलताओं की प्रायिकता निम्नवत् निकाला जाता है :

r	0	1	2	3	...
$P(r)$	$\frac{m^0 e^{-m}}{0!}$	$\frac{m e^{-m}}{1!}$	$\frac{m^2 e^{-m}}{2!}$	$\frac{m^3 e^{-m}}{3!}$	...

19.6.1 प्वॉयसन बंटन का माध्य :

(i) समानांतर माध्य $= m = np$

(ii) मानक विचलन $= \sigma = \sqrt{m} = \sqrt{np}$

(iii) विचरण $= \sigma^2 = m = np$

19.6.2 अनुमानित बारम्बारता

यदि कोई प्रयोग N बार दुहराया जाए तो अनुमानित बारम्बारता $= N \dfrac{m^r e^{-m}}{r!}$

19.6.3 प्वॉयसन बंटन का माध्य एवं मानक विचलन (Mean and Standard Deviation of Poisson's Distribution)

(i) प्वॉयसन बंटन का माध्य (Mean of Poisson's Distribution)

$$\text{माध्य} = \sum_{i=0}^{\infty} x_i p_i = np = \sum_{i=0}^{\infty} r \frac{m^r e^{-m}}{r!} \qquad \left[\text{प्वॉयसन बंटन के लिए } x_i = r, p_r = \frac{m^r e^{-m}}{r!}\right]$$

$$= 0 e^{-m} + 1 . \frac{m e^{-m}}{1!} + \frac{2 m^2 e^{-m}}{2!} + \frac{3 m^3 e^{-m}}{3!} + \ldots$$

$$= m e^{-m}\left[1 + \frac{m}{1!} + \frac{m^2}{2!} + \frac{m^3}{3!} \ldots\right] = m e^{-m} . e^m \qquad \left[\because e^x = 1 + x + \frac{x^2}{2!} + \frac{x^3}{3!} + \ldots\right]$$

$$= m e^0 = m$$

$\therefore \quad m = np$

(ii) प्वॉयसन बंटन का मानक विचलन (Standard Deviation of Poisson Distribution)

सीमान्त अवस्था में जब $p \to 0, q \to 1$

$\therefore$ मानक विचलन $\sigma = \sqrt{npq} = \sqrt{np . 1} = \sqrt{np} = \sqrt{m}$

www.polytechnicpdf.com

तथा विचरण $\sigma^2 = np = m$

नोट :

- प्वॉयसन बंटन के माध्य तथा विचरण बराबर होते हैं।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. 200 फ्यूज के बक्से में से अधिक से अधिक 5 फ्यूज खराब होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए। अनुभव से ज्ञात होता है कि 2% फ्यूज खराब हैं। $e^{-4} = 0.0183$ दिया है। **[2008, 2013]**

हल : यहाँ $p = 2\% = \frac{2}{100} = \frac{1}{50}, \quad n = 200$

$\therefore \qquad m = np = 200 \times \frac{1}{50} = 4$

अब $$p(r) = \frac{m^r e^{-m}}{r!} \qquad \ldots(1)$$

P (अधिक से अधिक 5 फ्यूज खराब होने की प्रायिकता) $= P(\leq 5)$

$$= P(0) + P(1) + P(2) + P(3) + P(4) + P(5)$$

$$P(r) = \frac{4^0 e^{-4}}{0!} + \frac{4^1 e^{-4}}{1!} + \frac{4^2 e^{-4}}{2!} + \frac{4^3 e^{-4}}{3!} + \frac{4^4 e^{-4}}{4!} + \frac{4^5 e^{-4}}{5!}$$

[(1) में $r = 0, 1, 2, 3, 4, 5$ तथा $m = 4$ रखने पर]

$$= e^{-4}\left[1 + 4 + \frac{16}{2} + \frac{64}{6} + \frac{256}{24} + \frac{1024}{120}\right] = 0.0183 \times 42.8668 = 0.7845$$ उत्तर

उदाहरण 2. यदि किसी इंजेक्शन से खराब प्रतिक्रिया की संभाविता 0.001 है, तो 2000 व्यक्तियों में से 2 से अधिक खराब प्रतिक्रिया होने का संयोग ज्ञात करें।

$[e^{-2} = 0.13534]$ **[2011]**

हल : प्रश्न से, $p = 0.001, n = 2000 \qquad \therefore \qquad m = np = 2000 \times 0.001 = 2$

$P(r > 2) = 1 - [P(0) + P(1) + P(2)]$ [दो से अधिक खराब होने की प्रायिकता] ...(1)

$$= 1 - \left[\frac{2^0 e^{-2}}{0!} + \frac{2^1 e^{-2}}{1!} + \frac{2^2 e^{-2}}{2!}\right]$$

[सूत्र $P(r) = \frac{m^r e^{-m}}{r!}$ से (1) में $r = 0, 1$ तथा $m = 2$ रखने पर]

$$= 1 - e^{-2}[1 + 2 + 2]$$

$$= 1 - 5e^{-2} = 1 - 5 \times 0.13534$$

$$= 1 - 0.675 = 0.325$$ उत्तर

उदाहरण 3. एक बिजली बल्ब के कारखाने में एक प्रतिशत बल्ब खराब निकलते हैं। प्रायिकता ज्ञात करें कि 1000 बल्बों के यादृच्छिक प्रतिदर्श में से 4 बल्ब खराब निकलते हैं।

$e^{-10} = 0.000045$ **[2012]**

www.polytechnicpdf.com

हल : यहाँ $p = 1\% = \frac{1}{100}, n = 1000$ $\therefore$ $m = np = 1000 \times \frac{1}{100} = 10$

अब 4 बल्ब खराब होने की प्रायिकता $P(4) = \frac{10^4 e^{-10}}{4!}$ [सूत्र $P(r) = \frac{m^r e^{-m}}{r!}$]

$$= \frac{10^4 \times 0.000045}{24} = \frac{0.45}{24} = \frac{45}{2400} = 0.01875$$ उत्तर

उदाहरण 4. एक बीमा कंपनी ने पाया कि जनसंख्या का 0.01% किसी निश्चित दुर्घटना का शिकार होता है। जनसंख्या से कंपनी के 1000 बीमा धारक यादृच्छया चुने जाते हैं। अगले वर्ष ज्यादा-से-ज्यादा दो बीमा-धारकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

$(e^{-0.1} = 0.90481)$ [2001]

हल : प्रश्न से, $p = 0.01\% = \frac{0.01}{100} = \frac{1}{10,000}$; $n = 1000$ $\therefore$ $m = np = 1000 \times \frac{1}{10,000} = \frac{1}{10} = 0.1$

अब P (ज्यादा-से-ज्यादा 2) $= P(r \le 2) = P(0) + P(1) + P(2)$

$$= \frac{(0.1)^0 e^{-(0.1)}}{0!} + \frac{(0.1)^1 e^{-(0.1)}}{1!} + \frac{(0.1)^2 e^{-(0.1)}}{2!}$$

$$= e^{-(0.1)}\left[1 + 0.1 + \frac{0.01}{2}\right]$$

$$= \frac{0.90481 \times 2.101}{2} = 0.90481 \times 1.0505$$

$$= 0.9981505 = 0.9998 \text{ लगभग}$$ उत्तर

उदाहरण 5. 2 और 4 सायं के बीच एक कंपनी के स्विच बोर्ड में औसतन प्रति मिनट टेलीफोन पुकारों की संख्या 2.5 है। किसी विशेष मिनट में (i) फोन न आने की प्रायिकता (ii) केवल 3 फोन आने की प्रायिकता ज्ञात करें।

$\bar{e}^2 = 0.13534$; $\bar{e}^{0.5} = 0.60650$

हल : प्रश्न से, प्रति मिन्ट टेलीफोन आने का औसत $= 2.5$ अतः माध्य $m = 2.5$

(i) किसी विशेष मिनट में फोन न आने की प्रायिकता

$P(0) = \frac{(2.5)^0 e^{-2.5}}{0!}$ [$\because$ प्रति मिनट फोन आने की प्रायिकता $P(r) = \frac{m^r e^{-m}}{r!}$]

$$= \frac{1 \times e^{-2} \times e^{-0.5}}{1}$$

$$= 1 \times 0.13534 \times 0.60650 = 0.0821$$ उत्तर

(ii) तीन फोन आने की प्रायिकता $P(3) = \frac{(2.5)^3 e^{-2.5}}{3}$

$$= 15.625 \times 0.13534 \times 0.60650 = 0.2138$$ उत्तर

उदाहरण 6. साइकिल टायर बनाने वाली किसी फैक्ट्री में 500 टायरों में 1 के त्रुटिपूर्ण होने की संभावना है। यदि टायर 10 के समूह (lot) में वितरित होनी है तो प्वॉयसन वितरण का प्रयोग कर 10,000 के समूह में कितने ऐसे लॉट हैं जिनमें (i) कोई त्रुटिपूर्ण नहीं है (ii) एक त्रुटिपूर्ण है (iii) दो त्रुटिपूर्ण हैं, की प्रायिकता ज्ञात करें।

$[e^{-0.02} = 0.9802]$

हल : प्रश्न से $p = \frac{1}{500}, n = 10$ $\therefore$ $m = np = 10 \times \frac{1}{500} = 0.02$

www.polytechnicpdf.com

सूत्र $P(r) = \frac{m^r e^{-m}}{r!}$ से

(i) P (कोई त्रुटिपूर्ण नहीं) $= P(0) = \frac{(.02)^0 e^{-0.02}}{0!} = 1 \times 0.9802 = 0.9802$

अत: त्रुटिपूर्ण लॉटो की संख्या $= 10{,}000 \times 0.9802 = 9802$ लॉट

(ii) P (एक त्रुटिपूर्ण) $= \frac{(0.02)^1 e^{-0.02}}{1!} = 0.02 \times 0.9802 = 0.019604$

$\therefore$ लॉटो की संख्या जिसमे 1 त्रुटिपूर्ण है $= 10{,}000 \times 0.019604 = 196$ लॉट (लगभग)

(iii) P (दो दोषपूर्ण) $= P(2) = \frac{(0.02)^2 e^{-0.02}}{2!} = 0.0004 \times 0.9802 = 0.000019604$

$\therefore$ लॉटों की संख्या जिसमें दो त्रुटिपूर्ण हैं

$= 10{,}000 \times 0.000019604 = 2$ लॉट (लगभग) उत्तर

उदाहरण 7. निम्न आँकड़ों का प्वॉयसन बंटन में आसंजन कीजिए तथा अनुमानित बारम्बारताओं को ज्ञात कीजिए।

मृत्यु	0	1	2	3	4
बारम्बारता	122	60	15	2	1

[2006, 2010]

हल : माध्य निकालने के लिए आँकड़ों को सारणीबद्ध करने पर

चर (x)	बारम्बारता (f)	fx	fx^2
0	122	0	0
1	60	60	60
2	15	30	60
3	02	06	18
4	01	04	16
	$N = \Sigma f = 200$	$\Sigma fx = 100$	$\Sigma fx^2 = 154$

अब माध्य $m = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{100}{200} = 0.5$

मानक विचलन $(\sigma) = \sqrt{\frac{\Sigma fx^2}{\Sigma f} - \left(\frac{\Sigma fx}{\Sigma f}\right)^2} = \sqrt{\frac{154}{200} - \left(\frac{100}{200}\right)^2} = \sqrt{0.77 - 0.25} = \sqrt{0.52}$

$\therefore$ $\sigma^2 =$ विचरण $= 0.52 = 0.5$ (लगभग)

$\therefore$ $m = \sigma^2$, अत: बंटन प्वॉयसन है।

अब $P(r) = \frac{N m^r e^{-m}}{r!} = \frac{200 \times (0.5)^r \times e^{-0.5}}{r!}$ $[\because N = 200]$

$= \frac{200 \times 0.6065 \times (0.5)^r}{r!}$ $[\because e^{-0.5} = 0.6065]$

अत: $r = 0, 1, 2, 3, 4$ रखने पर

www.polytechnicpdf.com

सूत्र $P(r) = \frac{m^r e^{-m}}{r!}$ से

(i) P (कोई त्रुटिपूर्ण नहीं) $= P(0) = \frac{(.02)^0 e^{-0.02}}{0!} = 1 \times 0.9802 = 0.9802$

अतः त्रुटिपूर्ण लॉटो की संख्या $= 10{,}000 \times 0.9802 = 9802$ लॉट

(ii) P (एक त्रुटिपूर्ण) $= \frac{(0.02)^1 e^{-0.02}}{1!} = 0.02 \times 0.9802 = 0.019604$

$\therefore$ लॉटो की संख्या जिसमे 1 त्रुटिपूर्ण है $= 10{,}000 \times 0.019604 = 196$ लॉट (लगभग)

(iii) P (दो दोषपूर्ण) $= P(2) = \frac{(0.02)^2 e^{-0.02}}{2!} = 0.0004 \times 0.9802 = 0.000019604$

$\therefore$ लॉटों की संख्या जिसमें दो त्रुटिपूर्ण हैं

$= 10{,}000 \times 0.000019604 = 2$ लॉट (लगभग) उत्तर

उदाहरण 7. निम्न आँकड़ों का प्वॉयसन बंटन में आसंजन कीजिए तथा अनुमानित बारम्बारताओं को ज्ञात कीजिए।

मृत्यु	0	1	2	3	4
बारम्बारता	122	60	15	2	1

[2006, 2010]

हल : माध्य निकालने के लिए आँकड़ों को सारणीबद्ध करने पर

चर (x)	बारम्बारता (f)	fx	fx^2
0	122	0	0
1	60	60	60
2	15	30	60
3	02	06	18
4	01	04	16
	$N = \Sigma f = 200$	$\Sigma fx = 100$	$\Sigma fx^2 = 154$

अब माध्य $m = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{100}{200} = 0.5$

मानक विचलन $(\sigma) = \sqrt{\frac{\Sigma fx^2}{\Sigma f} - \left(\frac{\Sigma fx}{\Sigma f}\right)^2} = \sqrt{\frac{154}{200} - \left(\frac{100}{200}\right)^2} = \sqrt{0.77 - 0.25} = \sqrt{0.52}$

$\therefore$ $\sigma^2 =$ विचरण $= 0.52 = 0.5$ (लगभग)

$\therefore$ $m = \sigma^2$, अतः बंटन प्वॉयसन है।

अब $P(r) = \frac{N m^r e^{-m}}{r!} = \frac{200 \times (0.5)^r \times e^{-0.5}}{r!}$ $[\because N = 200]$

$= \frac{200 \times 0.6065 \times (0.5)^r}{r!}$ $[\because e^{-0.5} = 0.6065]$

अतः $r = 0, 1, 2, 3, 4$ रखने पर

www.polytechnicpdf.com

4. यदि किसी इंजेक्शन से खराब प्रतिक्रिया की संभाविता 0.002 है तो 1000 व्यक्तियों में दो से अधिक खराब प्रतिक्रिया की प्रायिकता बताइये।

$(e = 2.718)$

5. [illegible] पृष्ठों की एक पुस्तक में 200 त्रुटियाँ हैं। पुस्तक के दिए हुए पृष्ठों में कम से कम 2 त्रुटियों की प्रायिकता ज्ञात करें।

$(e = 2.718)$

[संकेत : $m = \frac{200}{500}$, $P(r \geq 2) = 1 - [P(0) + P(1)]$]

6. रेजर ब्लेड बनाने वाली कि[illegible] में ब्लेड [illegible] त्रुटिपूर्ण होने की संभावना $\frac{1}{500}$ है। प्रत्येक पैकेट में 10 ब्लेड हैं। प्वॉयसन बंटन का प्रयोग कर निकटतम मान[illegible] बताइए कि 10000 पैकेटों में से कितने पैकेट हैं जिनमें (i) कोई ब्लेड त्रुटिपूर्ण नहीं है (ii) एक त्रुटिपूर्ण है (iii) दो त्रुटिपूर्ण हैं।

$(e^{-0.02} = 0.9802)$ **[1989]**

7. एक निर्माता यह जानता है कि [illegible] बनता है उसमें 1% दोषपूर्ण है। वह उन्हें 100 के बक्से में पैक करता है। यदि बक्सों को यादृच्छ चुना जाए तो 3 से अधिक कंडेन्सर के दोषपूर्ण होने की प्रायिकता बताइये।

$(e^{-1} = 0.3679)$

8. एक बीमा कम्पनी ने पाया कि जनसंख्या का 0.005% प्रतिवर्ष किसी निश्चित दुर्घटना का शिकार होता है। जनसंख्या के 10,000 बीमा-धारक यादृच्छया चुने जाते हैं। अगले वर्ष कम्पनी को 3 से अधिक बीमा-धारकों को बीमा की राशि देनी पड़ेगी, इसकी प्रायिकता ज्ञात करें।

$(e^{-0.5} = 0.6065)$

[संकेत : $P(r > 3) = 1 - \{P(0) + P(1) + P(2) + P(3)\}$]

9. 10 और 11 (प्रातः के बीच किसी कार्यालय में औसतन 1.5 कॉल आते है[illegible] प्रायिकता ज्ञात करें (i) किसी विशेष मिनट में कोई फोन न आए (ii) केवल एक फोन आए (iii) दो या दो से अधिक फोन आए। $e^{-1} = 0.3678$, $e^{-0.5} = 0.6065$)

10. "किसी प्वॉयसन वितरण का माध्य 5 तथा मानक विचलन 4 है।" इस कथन की [illegible] जाँचें।

[संकेत : माध्य = $\sqrt{\text{मानक विचलन}}$]

11. निम्न आँकड़ों का प्वॉयसन बंटन का आसंजन कीजिए।

चर (x)	0	1	2	3	4
बारम्बारता (f)	109	65	22	3	1

जबकि $e^{-0.61} = 0.5434$ **[2001]**

12. निम्न आँकडत्रों का प्वॉयसन बंटन का आसंजन कीजिए।

चर (x) :	0	1	2	3	4
बारम्बारता (f) :	192	100	24	3	1

उत्तरमाला

1. 0.271 2. 0.1412 3. (i) 0.1952 (ii) 0.5465
4. 0.3230 5. 0.264 6. (i) 9802 (ii) 196 (iii) 2 (लगभग)
7. 0.08025 8. 0.0016 9. (i) 0.223 (ii) 0.3345 (iii) 0.4425

www.polytechnicpdf.com

10. असत्य 11. 108.68 66.29 20.11 4.16 0.64

12. $\frac{320 \times (0.503)^x e^{-0.503}}{x!}$, $x = 0, 1, 2, 3, 4$

3. प्रायिकता बंटन (Probability Distribution)

19.7 प्रसामान्य प्रायिकता बंटन (Normal Probability Distribution)

प्रसामान्य प्रायिकता बंटन एक संतत (continuous) प्रायिकता बंटन है। इसका प्रयोग सर्वप्रथम डी-मॉयवर (De-Moivre) ने किया था। इसे गौसियन वितरण (Gaussian Distribution) के नाम से भी जाना जाता है।

परिभाषा : यदि किसी स्तत द्विपद वितरण में n का मान बहुत बड़ा हो अर्थात् n अनन्त की ओर अग्रसर हो तथा प्रायिकतायें p एवं q बहुत छोटे न हों तो यह वितरण प्रसामान्य वितरण (Normal Distribution) या प्रसामान्य प्रायिकता वितरण (Normal Probability Distribution) कहलाता है तथा यह निम्न समीकरण से दिया जाता है।

$$f(x) = y = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}} e^{-\frac{1}{2}\left[\left(\frac{x-m}{\sigma}\right)^2\right]} \quad ...(i)$$

जहाँ m = माध्य, σ = मानक विचलन

e = नेपरियन आधार = 2.71828

$-\infty \leq x \leq \infty$

(i) σ तथा m बंटन के प्राचल (Parameter) कहलाते हैं तथा $\sigma < 0$, $-\infty < m < \infty$; x को **प्रसामान्य चर (Normal variable)** तथा y को **प्रायिकता घनत्व फलन (Probability Density Function)** कहते हैं। $\frac{x-m}{\sigma}$ को सामान्यत: z से सूचित किया जाता है तथा इसे **मानक एकक (Standard unit)** या **मानक प्रसामान्य चर (Standard normal variate)** कहते हैं।

19.7.1 प्रसामान्य वक्र (Normal Curve)

$$y = f(x) = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}} e^{-\frac{1}{2}\left(\frac{x-m}{\sigma}\right)^2} \quad ...(1)$$

द्वारा निरूपित वक्र प्रसामान्य वक्र कहलाता है।



www.polytechnicpdf.com

यह वक्र घंटे (Bell) की आकृति का सममित वक्र होता है, जैसा चित्र में दिखाया गया है। इस वक्र की माध्य (Mean), माध्यिका (Median) तथा बहुलक (Mode) बराबर होते हैं और सममित अक्ष (Symmetrical axis) पर स्थित होते हैं।

19.7.2 प्रसामान्य बंटन का मानक रूप (Standard Form of Normal Distribution)

यदि $m = 0, \sigma = 1$ तो $z = \dfrac{x-m}{\sigma} = \dfrac{x-0}{1} = x$

अत: प्रसामान्य बंटन निम्न रूप का हो जाता है :

$$f(z) = \frac{1}{\sqrt{2\pi}} e^{-\frac{z^2}{2}}$$ [(1) में इन मानों को रखने पर]

इसे मानक प्रसामान्य बंटन (Standard Normal Distribution) कहते हैं।

19.8 प्रसामान्य वक्र के नीचे का क्षेत्रफल तथा प्रायिकता (Relation between Probability and Area under the Curve)

हम जानते हैं कि $p + q = 1$

अर्थात् प्रायिकताओं (सफलता या असफलता की) का योग 1 होता है।

प्रसामान्य वक्र तथा z-अक्ष के बीच घिरा सम्पूर्ण क्षेत्रफल भी 1 के बराबर होता है।

अत: यह क्षेत्रफल किसी घटना के सफलता या असफलता के प्रायिकताओं के योग को निरूपित करेगा।

अत: $P(z_1 < z < z_2) = \displaystyle\int_{z_1}^{z_2} y\, dz$

जहाँ $z_1 < z_2$ तथा $P =$ प्रायिकता

19.8.1 प्रसामान्य वक्र के नीचे का क्षेत्रफल (Area under Normal Curve)

कोटियों $x = x_1$ तथा $x = x_2$ तथा x-अक्ष के बीच परिबद्ध क्षेत्रफल

$$A = \int_{x_1}^{x_2} y\, dx = \int_{x_1}^{x_2} \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}} e^{-\frac{1}{2}\left[\frac{x-m}{\sigma}\right]^2}$$

अब $\dfrac{x-m}{\sigma} = z$ से $\dfrac{1}{\sigma} dx = dz$ या $dx = \sigma\, dz$

यदि $x = x_1$ पर $z = \dfrac{x_1 - m}{\sigma} = z_1$ (माना) तथा $x = x_2$ पर $z = \dfrac{x_2 - m}{\sigma} = z_2$ (माना)

$$A = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}} \int_{z_1}^{z_2} e^{-\frac{z^2}{2}} \sigma\, dz \quad \Rightarrow \quad A = \frac{1}{\sqrt{2\pi}} \int_{z_1}^{z_2} e^{-\frac{z^2}{2}} dz = f(z)$$

चित्र में, इसे छायायुक्त क्षेत्र से दिखाया गया है।

www.polytechnicpdf.com



पुस्तक के अंत में दी गई तालिका, जिसे z-तालिका के नाम से भी जाना जाता है, की सहायता से $z = 0$ से 3.99 तक के मानों के लिए क्षेत्रफल की गणना की जा सकती है।

19.8.2 तालिका द्वारा क्षेत्रफल निकालना : कुछ महत्वपूर्ण बिंदु

(i) $z = -\infty$ से 0 के मध्य क्षेत्रफल $= 0.5$; $z = 0$ से ∞ के मध्य क्षेत्रफल $= 0.5$

(ii) यदि $x = x_1$, तथा $x = x_2$ के मध्य वक्र के नीचे का क्षेत्रफल ज्ञात करना है तो $z = \frac{x-m}{\sigma}$ में $x = x_1$ तथा $x = x_2$ रखकर $z_1 = \frac{x_1 - m}{\sigma}$ एवं $z_2 = \frac{x_2 - m}{\sigma}$ प्राप्त किया जाता है, जिसकी सहायता से तालिका से क्षेत्रफल ज्ञात किया जाता है।

(i) प्रथम स्थिति : z_1 तथा z_2 दोनों समान चिह्न (दोनों धनात्मक या दोनों ऋणात्मक) तथा $z_1 < z_2$ तो

$A = \int_{z_1}^{z_2} f(z)\,dz =$ z_1 से z के बीच का क्षेत्रफल $=$ ($z = 0$ से $z = z_2$ के बीच का क्षेत्रफल) $-$ ($z = 0$ से $z = z_1$ के बीच का क्षेत्रफल)

(ii) द्वितीय स्थिति : यदि z_1 तथा z_2 विपरीत चिह्न (एक धनात्मक, दूसरा ऋणात्मक) तथा $z_1 < z_2$ तो

$A = \int_{z_1}^{z_2} f(z)\,dz =$ z_1 से z_2 के बीच का क्षेत्रफल $=$ ($z = 0$ से $z = z_1$ के बीच का क्षेत्रफल + ($z = 0$ से $z = z_2$ के बीच का क्षेत्रफल)

(iii) तृतीय स्थिति : $-\infty$ से z_1 के बीच का क्षेत्रफल

(a) यदि z_1, + ve है, तो क्षेत्रफल $A = 0.5 +$ (0 से z_1 के बीच का क्षेत्रफल

(b) z_1, − ve है, $A = 0.5 -$ (0 से z_1 का क्षेत्रफल

(iv) चतुर्थ स्थिति : z_2 से ∞ के बीच क्षेत्रफल

(a) यदि z_2, + ve है, $A = 0.5 -$ (0 से z_2 का क्षेत्रफल)

(b) यदि z_2, − ve है, $A = 0.5 +$ (0 से z_2 का क्षेत्रफल)

(v) पंचम स्थिति : $-z_1$ से $+z_1$ (या $-z_2$ से $+z_2$) के बीच का क्षेत्रफल

$= 2 \times$ (0 से z_1 के मध्य का क्षेत्रफल) (या 2×0 से z_2 के मध्य क्षेत्रफल)

जैसे $z = -1$ से $z = +1$ के बीच का क्षेत्रफल

$= 2 \times$ (0 से 1 के बीच का क्षेत्रफल)

$= 2 \times 0.3413 = 0.6826$

www.polytechnicpdf.com

नोट :

- तालिका में क्षेत्रफल $z = 0$ से z के धनात्मक मानों के लिए दिया होता है। वक्र $z = 0$ के दोनों ओर सममित होता है अतः $z = 0$ से z_1 या $-z_1$ तक प्रसामान्य वक्र के नीचे के क्षेत्रफल बराबर होते हैं।

[नोट : देखें उदाहरण (4)]

19.8.3 प्रसामान्य बंटन के गुण :

[2004]

$y = \frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}} e^{-\frac{1}{2}\left(\frac{x-\mu}{\sigma}\right)^2}$ द्वारा निरूपित प्रसामान्य वक्र निम्न महत्वपूर्ण गुण हैं :

(i) वक्र का प्रायिकता घनत्व शून्य या शून्य से अधिक होता है।

(ii) प्रसामान्य वक्र अपने माध्य के सापेक्ष सममित होता है।

(iii) इस बंटन के माध्य, मध्यिका तथा बहुलक संपाती होते हैं।

(iv) प्रसामान्य वक्र के अंतर्गत z-अक्ष के ऊपर का संपूर्ण क्षेत्रफल 1 के बराबर होता है, तथा

(a) $m - \sigma$ तथा $m + \sigma$ के बीच क्षेत्रफल का 68.27% भाग होता है।

(b) $m - 2\sigma$ तथा $m + 2\sigma$ के बीच क्षेत्रफल का 95.45% भाग होता है।

(c) $m - 3\sigma$ तथा $m + 3\sigma$ के बीच क्षेत्रफल का 99.73% भाग होता है।

साधित उदाहरण (Solved Examples)

उदाहरण 1. गणित की एक परीक्षा में प्राप्त अंकों का वितरण प्रसामान्य रूप से हुआ है। यदि अंकों का माध्य 70 तथा मानक विचलन 8 है तो (i) 90 अंक तथा 60 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के मानक अंक ज्ञात करें।

(ii) मानक अंकों -1.5 तथा 2.5 को वास्तविक अंकों में व्यक्त करें।

हल : प्रश्न से $m = 70$, $\sigma = 8$, तथा $x_1 = 90$, $x_2 = 60$

(i) $\therefore \quad z_1 = \frac{x_1 - m}{\sigma} = \frac{90 - 70}{8}$ $\quad [\because x = 90]$

$= \frac{20}{8} = 2.5$ उत्तर

तथा $z_2 = \frac{x_2 - m}{\sigma} = \frac{60 - 70}{8} = \frac{-10}{8} = -1.25$ उत्तर

(ii) प्रश्न से $z_1 = -1.5$, $z_2 = 2.5$, $m = 70$, $\sigma = 8$

सूत्र $\frac{x - m}{\sigma} = z \quad \Rightarrow \quad x = m + \sigma z$

अतः $z_1 = -1.5$ हो तो

$x = 70 + 8(-1.5) = 70 - 12 = 58$

तथा $z_2 = 2.5$ हो तो

$x = 70 + 8 \times (2.5) = 70 + 20 = 90$

$\therefore$ अभीष्ट अंक 58 तथा 90 उत्तर

www.polytechnicpdf.com

उदाहरण 2. एक परीक्षा में दो विद्यार्थियों ने 58 तथा 90 अंक प्राप्त किए। उनके मानक अंक क्रमशः -1.5 तथा 2.5 हैं। प्राप्तांकों का वितरण प्रसामान्य रूप से हुआ है तो अंकों का माध्य एवं मानक विचलन ज्ञात करें।

हल : सूत्र से $\frac{x-m}{\sigma}=z$

अतः दिए गये मानों से $-1.5=\frac{58-m}{\sigma}$ ...(1)

$\Rightarrow$ $58-m=-1.5$ ...(2)

$2.5=\frac{90-m}{\sigma}$ ...(3)

तथा $\Rightarrow$ $90-m=2.5$ ...(4)

(4) से (3) घटाने पर

$$32=4\sigma \quad \Rightarrow \sigma=\frac{32}{4}=8$$

(1) में σ का मान रखने पर

$$-1.5=\frac{58-m}{8}$$

या $58-m=-1.5\times 8$

या $58-m=12$

या $m=58+12=70$

अतः माध्य $=70$, मानक विचलन $=8$ उत्तर

उदाहरण 3. C.P.M.T. की परीक्षा में किसी छात्र ने रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान में क्रमशः 152 तथा 172 अंक पाए जबकि उनके मान -2.5 तथा 2.5 है। परीक्षा में औसत एवं मानक विचलन का मान ज्ञात करें। **[2003]**

हल : प्रश्नानुसार, $x=152$ (रसायन); $x=172$ (जीव विज्ञान)

$z=-2.5$

अतः सूत्र $z=\frac{x-m}{\sigma}$ में इन मानों को रखने पर
